Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Saturday, 30 March 2024 ● Year : 02 ● Issue : 71 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

नाकामियां आपको अपनी गलती सुधारने और वापस दोगुनी ताकत से सफल होने के लिए प्रेरित करती है।

मेरी ताकत आधी रह गई थी...

SHARE

सेंसेक्स	:	73,635.48
निफ्टी	:	22,326.90

SARAFA

सोना	:	6,295
चांदी	:	80.20

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

इफ्तार (शनिवार) : 06.06
सेहरी (रविवार) : 04.6

BRIEF NEWS

ट्रेन से कटकर हुई युवक की मौत

DUMKA : नगर थाना की पुलिस ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर पुल से सटे समीप पोल नंबर 70/10 के पास से एक युवक का धड़ बरामद किया। सिर की तलाश के लिए पुलिस ने दो किलोमीटर के एरिया को खंगाला, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कपड़ों से घरवालों ने शव की शिनाख्त आकाश मंडल (21) के रूप में की। पिता विजय मंडल ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। आशीष मानसिक रूप से बीमार था और गुरुवार को ही रांची से इलाज कराकर घर लौटा था।

जमशेदपुर के बमार्माइंस इलाके में रबर फैक्टरी में लगी भीषण आग

JAMSHEDPUR : जिले के बमार्माइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल बाबा फाउंड्री स्थित एक रबर की फैक्टरी में शुक्रवार देर शाम आग लग गई। आग से निकलता धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना झारखंड अग्निशमन विभाग को दी। आग लगने के कारणों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

मोनू हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

BOKARO : चास थाना के रामनगर कॉलोनी स्थित मुस्कान अस्पताल के समीप बिहार अग्निशमन विभाग के चालक पद पर कार्यरत मोनू कुमार की चास इस्पात कॉलोनी निवासी दीपू मिश्रा ने 25 मार्च को चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपित फरार चल रहा था। हालांकि पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

एक अप्रैल को आरबीआई 2000 रुपये के नोट नहीं करेगा स्वीकार



NEW DELHI : भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपये नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा। आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा, खातों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 को 2,000 रुपये के बैंकनोटों को एक्सचेंज और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलेगी। यह सुविधा मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 को फिर से शुरू होगी। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपये के नोटों का लगभग 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। 19 मई 2023 को, फ्हकने 2,000 के बैंक नोटों को प्रचलन से बाहर करने का निर्णय लिया था और जनता से उन्हें बैंकों में जमा करने या अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में एक्सचेंज करने का आग्रह किया था।

जम्मू में 300 फीट गहरी खाई में गिरी टैक्सी, 10 लोगों की मौत

बिहार के रहने वाले एक ही परिवार के थे नौ लोग, पीएम ने जताया दुख

AGENCY NEW DELHI : जम्मू के रामबन में गुरुवार की देर रात एक टैक्सी 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में बिहार के बगहा के रहने वाले नौ समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा कि मरने वाले सभी रिश्तेदार थे। घटना को लेकर मृतकों के घर में कोहराम मच गया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामबन में हुए सड़क हादसे पर दुःख जताया है। मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है।

ये हादसा एनएच 44 पर हुआ है। सभी कश्मीर में अन्य मजदूरों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। मृतकों की पहचान पिपरासी के

घटना के बाद खाई से शव को निकालते लोग।

भैसहिया गांव के दो भाई इंद्रजित बीन और अवधेश बीन, बाहरी स्थान मंझरिया के राजू बीन, सोहस सिसवा बाजार के संदीप बीन, बाहरी स्थान के हरि बीन, इनारबरावा भैरोगंज के विपिन मुखिया, बेलौरा रामनगर थाना के राजन मुखिया, सिरिसिया निवासी नौरंगिया के रामविलास बीन और कैलाश नगर के राजकुमार के रूप में हुई है। मरने वालों में जम्मू के अंब ग्रोथा के बलवान सिंह (47) भी शामिल है।

बता दें कि जम्मू के रामबन में गुरुवार देर रात एक टैक्सी 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। हादसा देर रात सवा एक बजे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 44 पर रामबन के बैटरी चश्मा इलाके में हुआ। रेस्क्यू टीम के मुताबिक टैक्सी श्रीनगर से जम्मू जा रही थी। रास्ते में भारी बारिश के चलते फिसलकर खाई में गिर गई। अब तक 10 यात्रियों के शव खाई से निकाला गया हैं।

अन्य लोगों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे परिजन

पिपरासी प्रखंड की सेम्रा लबेदाहा पंचायत की मुखिया मनोरमा देवी ने बताया कि सेमरा लबेदहा के भैसाहिया गांव से दो लोगों के मौत की सूचना मिल रही है। यहां से दो मजदूर कश्मीर गए थे। मजदूरों की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा है। परिजन कश्मीर में रह रहे अन्य मजदूरों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उनसे भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। पिपरासी प्रखंड की सेमरा लबेदाहा पंचायत के भैसहिया गांव निवासी इंद्रजीत बीन और अवधेश बीन अपने बहनोई, मौसेरे भाई के साथ कश्मीर जा रहे थे। इसी दौरान घटना हुई है। गांव के इंद्रजीत बिन, अवधेश बिन, भैरोगंज के जुडापाकड़ निवासी विपिन मुखिया की मौत की सूचना मिल रही है।

लातेहार में कार से 21.95 लाख रुपए बरामद, जांच में जुटी पुलिस

वाहनों की जांच करते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS LATEHAR : बरियातू थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर एक वाहन से 21 लाख 95 हजार रुपए बरामद किया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लातेहार जिले के सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है। शुक्रवार को बरियातू थाना के पास वाहन जांच अभियान चलाई जा रही थी। इसी दौरान वहां एक काले रंग की गाड़ी आई।

वाहन की चेकिंग के दौरान उसमें एक काले रंग के बैग में 21 लाख 95 हजार रुपए बरामद हुए। एसपी ने बताया कि बरामद पैसे के संबंध में आयकर विभाग को सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग के द्वारा पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। विभाग से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसपी ने अभी बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लातेहार जिले में पुलिस प्रशासन के द्वारा सभी थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी लातेहार पुलिस ने लगभग तीन लाख रुपए बरामद की थी।

कांग्रेस के बाद भाकपा को आईटी विभाग का नोटिस, 11 करोड़ बकाया भुगतान का आदेश

AGENCY NEW DELHI : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। नोटिस के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड का उपयोग करने के लिए पार्टी को 11 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने को कहा गया है।

सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाए में जुमार्ना और ब्याज शामिल है। कार्रवाई पार्टी की ओर से पुराने पैन कार्ड के उपयोग में विसंगतियों की वजह से की गई है। आयकर विभाग के नोटिस को चुनौती देने के लिए लेफ्ट पार्टी अपने वकीलों से बातचीत कर रही है। पार्टी ने कहा, ₹हम इस मामले में कानूनी सहायता मांग रहे हैं और अपने वकीलों के संपर्क में है।

इससे पहले कांग्रेस को आयकर विभाग की तरफ से नोटिस भेजा गया था, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने को कहा गया है। 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुमार्ने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी।

सरकार बदली तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर होगी कार्रवाई : राहुल

NEW DELHI : कांग्रेस को मिले इनकम टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो ह्यलोकतंत्र का चीरहरणह्ण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखते हुए यह बात कही। दरअसल, इनकम टैक्स विभाग ने सुबह कांग्रेस को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता साकेत गोखेल ने बताया कि उन्हें पिछले 72 घंटों के भीतर आयकर विभाग से 11 नोटिस मिला। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा

बिहार में इंडी अलायंस का सीट बंटवारा, आरजेडी को 26, कांग्रेस-9 व लेफ्ट-5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

AGENCY PATNA : बिहार में महागठबंधन की सीटों का बंटवारा हो गया है। पटना में राजद ऑफिस में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया गया। फखऊ 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस को 9 और लेफ्ट को 5 सीटें मिली हैं। लेफ्ट की पांच सीटों में से माले 3, उढक बेगूसराय और उढट खगड़िया से चुनाव लड़ेगी।

सबसे ज्यादा पेंच पूर्णिया सीट को लेकर था। यह सीट अब राजद के खाते में है। इसकी वजह से पप्पू यादव का पत्ता कट गया है। जदयू से फखऊ में आईं बीमा भारती इस सीट पर महागठबंधन की उम्मीदवार होंगी।

पिछली लोकसभा चुनाव में

लालू यादव।

राहुल गांधी।

लालू की पार्टी फखऊ 19 और कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। लेफ्ट ने अलग होकर 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे।

दिल्ली में तय हुआ फॉर्मूला, पटना में ऐलान

दिल्ली में राजद और कांग्रेस नेताओं के बीच 3 दिनों तक मंथन के बाद नियम और शर्तों के साथ फॉर्मूला तय हुआ है। अब भी तेजस्वी यादव दिल्ली में हैं। पटना में फखऊ दफ्तर में फखऊ के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, फखऊ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, उदय नारायण चौधरी और लेफ्ट पार्टियों से धीरेंद्र झा, राम नरेश पांडेय मौजूद थे।

तेजस्वी बोले- पार्टियों से गठबंधन है, व्यक्ति विशेष से नहीं

इधर, पूर्णिया से पप्पू यादव के लड़ने के ऐलान पर आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा पार्टियों से गठबंधन है। व्यक्ति विशेष से नहीं। तेजस्वी शुक्रवार शाम दिल्ली से पिता लालू यादव, बहन मीसा भारती के साथ पटना पहुंचे। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर महागठबंधन की सीट शेयरिंग को लेकर पत्रकारों से कहा कि हमारा पांच पार्टियों से गठबंधन है। एनडीए में तो कई लोगों को जगह ही नहीं मिली है।

केकेआर ने आरसीबी को सात विकेट से किया परास्त

AGENCY NEW DELHI : 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता को फिल सॉल्ट और सुनील नरेन ने दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने आरसीबी के गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी निभाई। मयंक डागर ने इस साझेदारी को सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर तोड़ा। नरेन 22 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 213.63 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं, फिलिप सॉल्ट दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाने में कामयाब हुए।

इस मैच में वेंकटेश अय्यर और श्रेयस अय्यर के बीच अच्छी साझेदारी हुई। टीम को तीसरा झटका वेंकटेश के रूप में लगा। वह 29 गेंदों में अर्धशतक लगाकर पवेलियन लौटे।

गिरिडीह से सीपी चौधरी आजसू के लोस उम्मीदवार

PHOTON NEWS RANCHI : चंद्रप्रकाश चौधरी गिरिडीह से आजसू के लोकसभा उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। लोकसभा प्रत्याशी के नाम पर मुहर को लेकर आजसू पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक बुलायी गयी थी। इसमें चंद्रप्रकाश चौधरी के नाम पर मुहर लगी। गिरिडीह से वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हैं। एक बार फिर पार्टी ने इन पर भरोसा जताया है और गिरिडीह से प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें कि

चंद्रप्रकाश चौधरी।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए के घटक दल आजसू के खाते में गिरिडीह सीट आयी है, जबकि बीजेपी (भारतीय जनता पार्टी) के खाते में 13 लोकसभा सीट है। इन सभी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा पहले ही हो चुकी है।

झारखंड में एक सीट आजसू के खाते में : झारखंड में लोकसभा की कुल 14 सीटें हैं। इनमें 13 लोकसभा सीटों पर बीजेपी चुनाव लड़ेगी। इन सभी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। गुरुवार को बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी दी कि गिरिडीह सीट गठबंधन के तहत आजसू पार्टी के खाते में गयी है।

पंजाब के अमरूद बाग घोटाला में ईडी ने जब्त की करोड़ों की संपत्ति व नकदी

AGENCY PUNJAB : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में अमरूद बाग घोटाला मामले में शुक्रवार को सर्च ऑपरेशन चलाकर करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति बरामद की है। पिछले दो दिनों से राज्य में विभिन्न स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

जमीन अधिग्रहण से पहले यहां कुछ लोगों ने अमरूदों के पौधे लगा दिए थे, लेकिन गमाडा के अधिकारियों के साथ मिलकर इनकी उम्र 4 से 5 साल दिखाई गई। इस कारण इनका मुआवजा काफी ज्यादा बना। इस तरह से कई लोगों ने मिलकर गलत तरीके से मुआवजा लिया। विजिलेंस ने इसमें कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन अदालत ने मुआवजा राशि वापस जमा करवाकर उन्हें जमानत दे दी।

ईडी ने बुधवार को पंजाब के आईएएस वरूण रूजम व पटियाला के आईएएस राजेश धीमान के घर के अलावा भूपिंदर सिंह के 26 ठिकानों पर रेड की थी। ईडी की टीमों ने फिरोजपुर, मोहाली, बठिंडा, बरनाला, पटियाला और चंडीगढ़ में छापे मारे थे। सर्च के दौरान घोटाले से जुड़े सबूतों के अलावा प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट, मोबाइल फोन और 3.89 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं।

पोता होने की खुशी में दादा का बड़ा एलान

किन्नरों को दिया 100 गज का प्लॉट

नवजात को बधाई देतीं किन्नर।

AGENCY HARYANA : रेवाड़ी की सत्ती कॉलोनी में नवजात के जन्म की बधाई लेने गए किन्नरों को खुशी में 100 गज का प्लॉट देने का एलान कर दिया। दरअसल, शमशेर सिंह के घर कुछ दिन पहले पोते का जन्म हुआ था। शमशेर सिंह पेशे से एक बड़े जमींदार हैं। शहर के आसपास उनकी पुश्तैनी जमीन बहुत पड़ी है। खुशियों के इसी क्रम में शुक्रवार को किन्नर सपना गुरु, हिना, कोमल शमशेर सिंह के घर पहुंचे। जिस तरह हर घर में किन्नर बधाई देने आते हैं, उसी तरह शमशेर के घर में भी किन्नर नाचने-गाने लगे।

कार्यक्रम करीब 10 मिनट तक चला और उसके बाद नवजात पोते की खुशी में दादा शमशेर सिंह ने 100 वर्ग गज का प्लॉट उपहार स्वरूप देने की घोषणा कर दी। उसके बाद शमशेर सिंह ने सबके बीच कहा कि वह एक प्लॉट किन्नरों के नाम कर देंगे। इसके बाद शमशेर सिंह ने किसी अन्य आवश्यकता के बारे में भी पूछा। जब शमशेर सिंह ने पूछा कि वह इस प्लॉट में क्या करेंगे, तो किन्नर ने कहा कि वह पशु रखेंगे। इस पर शमशेर सिंह ने कहा कि अगर भैंस भी चाहिए तो वह भी दे देंगे।

बता दें कि किन्नरों को दिया गया यह प्लॉट शहर के झज्जर रोड पर इंदिरा कॉलोनी और रामसिंहपुरा के बीच है। इसकी मौजूदा कीमत 12 से 15 लाख रुपये के बीच है।

बेटी होने पर दुल्हन की तरह सजी एंबुलेंस ढोल-ताशों के साथ बच्ची को ले गए घर

AGENCY MP : मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के एक परिवार में बिटिया का जन्म होने पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। घर में माता लक्ष्मी रूपी पुत्री आने पर पिता ने अस्पताल से घर छोड़ने जा रही 108 एम्बुलेंस को पहले तो फूलों से दुल्हन की तरह सजाया, जिसके बाद ढोल धमाकों के साथ उस एम्बुलेंस से घर तक बिटिया को छोड़ा गया। यही नहीं इस सजी हुई एंबुलेंस के गांव में पहुंचने पर वहां भी जमकर आतिशबाजी कर बिटिया का स्वागत किया गया। घर के रास्तों को भी फूलों से सजाया गया था, जिसे देखकर हर कोई कह उठा कि बेटी बचाओ का नारा इसी तरह से चरितार्थ किया जा सकता है। इस घटना का कुछ लोगों ने वीडियो भी बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। खंडवा जिले के रांझिनी गांव के रहने वाले सौरभ भार्गव के घर पुत्री का जन्म हुआ। इसके बाद उनकी पत्नी को स्वस्थ होने पर जिला अस्पताल से शुक्रवार को डिस्चार्ज किया गया। लक्ष्मी रूपी बिटिया को घर ले जाने से पहले सौरभ इस पल को कुछ खास बनाना चाह रहे थे जिस पर पत्नी और बिटिया को जिला अस्पताल से घर ले जाने के लिए आई 108 एंबुलेंस को उन्होंने पहले तो फूलों से दुल्हन की तरह सजाया। इसके बाद वे इस 108 एंबुलेंस को ढोल-धमाके के साथ उसमें बच्ची को लेकर वे खंडवा जिला अस्पताल से अपने गांव तक गए। यही नहीं गांव में जाते ही आतिशबाजी कर बच्ची का घर में प्रवेश कराया गया और प्रवेश के समय घर को भी फूलों से सजाया गया था।

मुख्तार अंसारी का शव आज होगा सुपुर्द ए-खाक, परिजन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

AGENCY LUCKNOW : बांदा से मुख्तार अंसारी का शव गाजीपुर के लिए एंबुलेंस से रवाना हो गा है। मुख्तार के शव के साथ उनका छोटा बेटा उमर अंसारी और बड़ी बहू निखत सहित कई लोग हैं। गाजीपुर पहुंचने में शव को लगभग छह घंटे लगेंगे। शव के साथ पुलिस का वज्र वाहन सहित भारी पुलिस बल भी है। बताया जा रहा है कि देर रात मुख्तार अंसारी का शव गाजीपुर पहुंचेगा। काफिले में 2 एंबुलेंस और 2 वज्र वाहन सहित कुल 26 गाड़ियां हैं। ये काफिला बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, प्रयागराज, भदोही, वाराणसी होते हुए गाजीपुर पहुंचेगा। शनिवार सुबह उसको कालीबाग कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। जहां कब्र को तैयार किया जा रहा है।

दोबारा पोस्टमार्टम कराने को लेकर फंसा था पेंच : माफिया मुख्तार अंसारी का पोस्टमार्टम

एंबुलेंस से मुख्तार अंसारी का शव ले जाती पुलिस व अन्य।

पांच डॉक्टरों के पैनल से कराया गया था। इसकी वीडियो रिकार्डिंग भी की गई थी। कई घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को परिवार को सौंपा गया। शव को गाजीपुर रवाना करने से पहले उमर अंसारी ने डीएम बांदा से एम्स दिल्ली की टीम से पोस्टमार्टम कराने के मामले को लेकर भी बात की। लेकिन इस पर फैसला नहीं हो पाया। इसके बाद शाम लगभग पौने पांच बजे मुख्तार अंसारी के शव को गाजीपुर के लिए रवाना कर दिया गया। शनिवार को सुबह नमाज के बाद मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अब्बास अंसारी : वहीं मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उनके बड़े बेटे अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में आर्जी दाखिल की है। अब्बास इस समय कासगंज जेल में बंद हैं। उधर मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में डीएम बांदा ने भी जांच के आदेश दे दिए हैं।

अमेरिका 500 टन आम निर्यात करेगा भारत

अमेरिका को आमों का निर्यात करने से पहले उनका ट्रीटमेंट होना चाहिये, ताकि कीट, मक्खी व अन्य गंदगी साफ हो सके। पिछले साल भारत से अमेरिका को 209 टन आमों का निर्यात किया गया था। भारत दुनिया का सबसे बड़ा आम उत्पादक देश है। एपीडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल अमेरिका को आमों का कुल निर्यात 400-500 टन के बीच पहुंच सकता है। अप्रैल के पहले हफ्ते से 90 टन आमों का निर्यात किया जा चुका है।

अमेरिका जाएगा आम

मौजूदा सीजन में भारत से अमेरिका को आमों का निर्यात नया रिकॉर्ड बना सकता है। एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपीडा) के अनुसार अमेरिका को कुल आम निर्यात 500 टन तक पहुंच सकता है क्योंकि अमेरिका में भारतीय आमों की जोरदार मांग है और देश में सप्लाई भी पर्याप्त रहने की उम्मीद है। हालांकि इसमें एक समस्या विकिरण उपचार केंद्रों की कमी होना है। अमेरिका को आमों का निर्यात करने से पहले उनका ट्रीटमेंट होना चाहिये, ताकि कीट, मक्खी व अन्य गंदगी साफ हो सके। पिछले साल भारत से अमेरिका को 209 टन आमों का निर्यात किया गया था। भारत दुनिया का सबसे बड़ा आम उत्पादक देश है। एपीडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल अमेरिका को आमों का कुल निर्यात 400-500 टन के बीच पहुंच सकता है। अप्रैल के पहले हफ्ते से 90 टन आमों का निर्यात किया जा चुका है। अभी पश्चिमी क्षेत्र में पैदा होने वाले अल्फांसो और केसर आमों का अमेरिका के लिये निर्यात किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि एक्सपोर्ट क्वालिटी आमों की उपलब्धता ठीक है। दक्षिणी क्षेत्रों से भी आमों की सप्लाई शुरू हो गई है। उत्तरप्रदेश जैसे उत्तरी राज्यों से आम की सप्लाई मध्य जून से शुरू हो जाएगी। एपीडा के मुताबिक आमों का निर्यात अंततः उत्तरी राज्यों के दशहरी, लंगड़ा और चौसा आम की सप्लाई पर निर्भर होगा। मानसून के दौरान आमों का निर्यात कम होने लगेगा। अमेरिका में भारतीय आमों की अच्छी मांग होने के कारण निर्यातकों को अच्छे ऑडर मिल रहे हैं। लेकिन विकिरण उपचार की सुविधा सीमित होने के कारण निर्यात की बड़ी खेप भेज पाना संभव नहीं है। अमेरिका कीट, मक्खी और गंदगी रहित आमों के लिये इस उपचार के बाद ही अनुमति देता है। इस समय भारत में विकिरण उपचार के लिये सिर्फ एक केंद्र महाराष्ट्र में है। इसकी प्रोसेसिंग क्षमता 10-15 टन प्रति दिन की है। अमेरिका को आमों का निर्यात 2007 में शुरू हुआ था। वहां हवाई जहाजों के जरिये विकिरण उपचार के बाद निर्यात किया जाता है। इस उपचार से आमों को ज्यादा लंबे अरसे तक सुरक्षित रखा जा सकता है। भारत से आमों का निर्यात 150-175 रुपये प्रति किलो (एफओबी) के भाव पर हो रहा है। पिछले साल भी भाव करीब इसी स्तर पर थे। वैसे भारत से कुल मिलाकर 83,000 टन आमों का निर्यात होने की संभावना है। जबकि इस साल कुल उत्पादन 15 लाख टन के आसपास रह सकता है।

मक्का की नई हाईब्रिड किस्म विकसित

गुजरात के आनंद कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इस किस्म के मक्का की खेती राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में हो सकती है। गुजरात आनंद यलो हाइब्रिड मैज-1 (जीएवाई एचएम) नामक इस बीज को प्रदेश के बारिश सिंचित उत्तर व मध्य क्षेत्र में खरीफ सीजन में रोपी जा सकती है। इसके बारे में एएयू के अनुसार निदेशक के.बी. कठेरिया ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र के लिए यह बेहतर विकल्प है।

कृषि वैज्ञानिकों ने मक्का की नई हाईब्रिड किस्म विकसित की है। इसकी खासियत दोगुने से ज्यादा पैदावार देने की इसकी क्षमता है। गुजरात के आनंद कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इस किस्म के मक्का की खेती राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में हो सकती है। गुजरात आनंद यलो हाइब्रिड मैज-1 (जीएवाई एचएम) नामक इस बीज को प्रदेश के बारिश सिंचित उत्तर व मध्य क्षेत्र में खरीफ सीजन में रोपी जा सकती है। इसके बारे में एएयू के अनुसार निदेशक के.बी. कठेरिया ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र के लिए यह बेहतर विकल्प है। इसे अगले वर्ष तक किसानों को खेती करने के लिये उपलब्ध करा दिया जाएगा। यह बीज हरियाणा के हिसार द्वारा विकसित बीज एचक्यूपीएम से अधिक उत्पादन देता है। हिसार द्वारा विकसित बीज से एक हेक्टेयर क्षेत्र में 1439 किलो तक उत्पादन करने की क्षमता है जबकि जीएवाईएचएम 4000 किलो तक उत्पादन दे सकता है। उन्होंने बताया कि इस बीज को स्टेट रिसर्च काउंसिल से मान्यता मिल चुकी है। यह बीज जीएम द्वितीय से भी 24 फीसदी अधिक उत्पादन करने की क्षमता रखता है। इसकी फसल 80-85 दिनों में तैयार हो जाती है जबकि अन्य किस्मों को तैयार होने में 100 से 120 दिन तक लग जाते हैं। अनुसंधान निदेशक ने बताया कि अन्य मक्का किस्मों की तुलना में इसमें 2.85 फीसदी अधिक प्रोटीन है, जो आदिवासियों के स्वास्थ्य के लिये बेहतर है।

जैविक पद्धति से जीरो बजट में उगाएं

55 रुपये किलो वाला चावल

रांची के अनगड़ा प्रखंड के झिरकी गांव में पिछले साल पांच-छह किसानों ने मिलकर जैविक रीति से धान की खेती की। महज 20 किलो धान के बीज से खेती कर इन किसानों ने पांच क्विंटल धान उपजाया। इस खेती की विशेषता यह थी कि इसके जरिये झारखंड राज्य में पहली दफा प्रमाणित रूप से जैविक धान की खेती

हुई और लोगों को इसका भरपूर लाभ मिला। किसानों ने इस खेती के जरिये बिरसामति धान का जो सुगंधित चावल तैयार किया वह 55 रुपये किलो बिका जबकि जैविक खाद और कीटनाशकों के इस्तेमाल और श्रीविधि को अपनाने के कारण उन्हें बहुत कम पैसे खर्च करने पडे। अधिकांश खाद और कीटनाशक घर में ही गोबर और गोमूत्र से तैयार हो गये। इस इलाके के लोग इस तरह की खेती से इतने उत्साहित हैं कि इस साल 50 हेक्टेयर जमीन में जैविक विधि से सुगंधा धान की खेती करने का मन बना रहे हैं।

जम्मू और कश्मीर राज्य भारत के सबसे बड़े स्ट्रॉबेरी उत्पादक के रूप में उभर रहा है। जम्मू संभाग के कठुआ, साम्बा और जम्मू में स्ट्रॉबेरी की खेती की जाती है। अर्द्ध पहाड़ी क्षेत्र में जहां तापमान सामान्य से 35 डिग्री के आसपास रहता है वहां इसकी खेती पूरे साल भी की जा सकती है। स्ट्रॉबेरी की मांग पूरे देश में बढ़ती जा रही है।

स्ट्रॉबेरी की खेती से किसानों को होगा फायदा

स्ट्रॉबेरी एक ऐसा रसीला फल है जिसे हर मौसम में उगाया जा सकता है। स्ट्रॉबेरी की फसल मात्र 3-4 महीनों में तैयार होती है। अल्प समय में किसान काफी मुनाफा अर्जित कर सकते हैं। जम्मू और कश्मीर राज्य भारत के सबसे बड़े स्ट्रॉबेरी उत्पादक के रूप में उभर रहा है। जम्मू संभाग के कठुआ, साम्बा और जम्मू में स्ट्रॉबेरी की खेती की जाती है। अर्द्ध पहाड़ी क्षेत्र में जहां तापमान सामान्य से 35 डिग्री के आसपास रहता है वहां इसकी खेती पूरे साल भी की जा सकती है। स्ट्रॉबेरी की मांग पूरे देश में बढ़ती जा रही है। डीमांड को देखते हुए जम्मू-कश्मीर का बागवानी विभाग किसानों को इसकी खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। बागवानी विभाग की ओर से हार्टिकल्चर मिशन के तहत किसानों को प्रति कनाल 3750 रुपए सहायता दी जा रही है। एक सर्वे के अनुसार जम्मू में वर्ष 2012-13 के दौरान 7.60 हैक्टेयर भूमि पर फसल को कवर किया गया, जिनमें 142 किसान शामिल किए गए हैं। मार्कीट में बढ़ती डीमांड और अच्छे मुनाफे को देखते हुए किसानों में नकदी फसलों के लिए रुचि बढ़ रही है। अब तक पारम्परिक गेहूं उगाने वाले किसान स्ट्रॉबेरी की खेती में निवेश कर दोगुना पैसा बना रहे हैं। पिछले 3 वर्षों से 200 से अधिक किसान जम्मू में 100 से अधिक एकड़ जमीन पर स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। बी और सी ग्रेड की स्ट्रॉबेरी को जैम और स्क्वैश बनाने के काम में लाया जा सकता है। फल का आकार बड़ा है और इसे किसी भी समस्या के बिना 3 से 4 दिनों के लिए कोल्ड स्टोर में रखा जा सकता है। स्ट्रॉबेरी एक संकर बेर प्रजाति का फल है। दुनिया भर में इसकी खेती की जाती है। चमकदार लाल रंग, रसदार बनावट और मिठास के कारण हर कोई इसे पसंद करता है। स्ट्रॉबेरी के फलों का रस का आईसक्रीम, मिल्क शेक, चॉकलेट, कृत्रिम स्ट्रॉबेरी सुगंध व कई औद्योगिक खाद्य उत्पादों में प्रयोग किया जाता है।

झारखंड के चुनावी समर में प्रधानमंत्री सहित कई बड़े नेताओं की होगी जनसभा

PHOTON NEWS RANCHI :
राज्य की 14 सीटों के लिए चार चरणों में 13 मई से लोकसभा चुनाव होने हैं। इस चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य भाजपा ने रखा है। इन सीटों पर कमल खिलाने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी चुनावी सभा करने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री की चुनावी सभा 2019 के चुनावी सभा से ज्यादा होगी।

प्रधानमंत्री मोदी 2019 के चुनावी सभा का शंखनाद रांची में रोड शो के जरिए की थी। इसके दूसरे दिन 24 अप्रैल, 2019 को लोहरदगा में और 29 अप्रैल को जमुआ में जनता को संबोधित किया था। इस तरह से ताबड़तोड़ जनसभाएं प्रधानमंत्री की हुई। एनडीए 14 में से 12 सीट जीतकर रिकॉर्ड बनाने में सफल हो गया था। इस बार भी प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व और भाजपा प्रदेश कार्यालय के बीच प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मंथन का दौर जारी है। जल्द ही इसे अंतिम रूप देने की संभावना है।

झारखंड के चुनावी समर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक गरजते हुए दिखाई पड़ेंगे। भाजपा द्वारा केन्द्रीय नेताओं के साथ-साथ प्रदेश स्तर के बड़े नेताओं की चुनावी दौरे का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। बिहार में स्टार प्रचारकों की सूची जारी होने के बाद झारखंड में भी जल्द ही पार्टी स्टार प्रचारकों की सूची जारी करने वाली है।

इस संबंध में राज्यसभा सदस्य और भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू का कहना है कि चुनाव प्रचार को लेकर केन्द्रीय और प्रदेश स्तरीय नेताओं का कार्यक्रम तय हो रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ सभी बड़े चेहरे शामिल हैं। स्टार प्रचारकों की सूची भी जल्द जारी कर दी जाएगी। पार्टी ने जो संकल्प लिया है कि झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाना है उस संकल्प को हर हाल में पूरा करने का काम भाजपा के कार्यकर्ता और नेता करेंगे।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक 25 लोग हुए गिरफ्तार

RANCHI : रांची पुलिस ने चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू करने के बाद से अबतक अवैध रुप से शराब के निर्माण और व्यापार एवं अवैध कार्यों में संलिप्त 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित कराने के लिए अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब निर्माण, भंडारण , व्यापार और तस्करी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से सघन अभियान चलाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक विभिन्न थाना,ओपी क्षेत्रों में कई एकड क्षेत्रफल में लगे अफीम की खेती को नष्ट करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध देशी शराब के निर्माण , भंडारण और व्यापार के रोकथाम की दिशा में शराब की भट्टियों एवं जावा महुआ को नष्ट किया गया है। साथ ही शराब जब्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की गई है। अबतक की गई कार्रवाई में जिला पुलिस को कई सफलता मिली है। इस दौरान जिले में 12.61 ग्राम ब्राउन शुगर, अफीम 118 किलो, शराब 657 लीटर और जावा महुआ 300 किलो जब्त किया गया है। जब्त सामान की कीमत तीन लाख 96 हजार 827 रुपये आंकी गयी है। एसएसपी ने बताया कि शहर में सक्रिया ब्राउन शुगर कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पवन कुमार, कोमल देवी, नितिन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार यादव, राकेश यादव, हर्श कुमार, संतोष मुंडा शामिल है। जबकि अफीम की खेती करने के मामले में आशीष कुजूर को गिरफ्तार किया गया है।

युवक की मौत के मामले में दो युवकों पर हत्या का हुआ केस

RANCHI : बरियातू इलाके में स्थित टंकी साइड में रहने वाले युवक आलोक कुमार उर्फ कान्हा की हत्या के मामले में विशाल कुमार के बयान पर सदर थाना में जय प्रकाश नगर में रहने वाले सुंदर और बड़गाईं में रहने वाले अमन कुमार के खिलाफ हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज हुई है। विशाल कुमार ने अपने बयान में कहा कि आलोक 25 मार्च को अमन के साथ स्कूटी से निकला था। रात में आलोक ने फोन पर कहा कि वह घर आ रहा है लेकिन वह घर नहीं आया। दोनों आरोपितों ने आलोक की हत्या करने के बाद तुलसी अपार्टमेंट के पीछे आलोक का शव फेंक दिया। पुलिस का कहना है कि केस कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोनों आरोपित अपने घर में नहीं हैं। उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उनके पकड़े जाने के बाद इस बात का खुलासा होगा कि आलोक की मौत कैसे हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

BRIEF NEWS

राउरकेला इस्पात संयंत्र की सिलिकॉन स्टील मिल ने एक दिवसीय उत्पादन में बनाया रिकॉर्ड

ROURKELA : राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) की सिलिकॉन स्टील मिल (एसएसएम) की रिवर्सिंग मिल ने 25 मार्च को 529 टन क?वायल रोल कर एक दिवसीय उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले 8 अगस्त, 2022 को यूनिट द्वारा उत्पादित 470 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ आँकड़े को पार कर लिया। एसएसएम ने 25 मार्च, 2024 को ह्यबीह्ल शिफ्ट में 258 टन क?वायल रोल कर सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट उत्पादन का रिकॉर्ड भी दर्ज किया। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए एसएसएम कर्मीसमूह को बधाई देने के लिए शॉप फ्लोर का दौरा किया। उनके साथ कार्यपालक निदेशक (वर्क?स) एसआर.सूर्यवंशी, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सोमनाथ त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन सह परियोजना के अतिरिक्त प्रभार) तरूण मिश्र, कार्यपालक निदेशक (खान) आलोक वर्मा एवं कार्यपालक निदेशक (वित?त एवं लेखा) एके.बेहुरिया थे। इस अवसर पर कई मुख्य महाप्रबंधक, विभिन्न अपस्ट्रीम के साथ-साथ संबंधित विभागों के विभागाध?यक्ष और बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान अतनु भौमिक ने अपने संबोधन में रिवर्सिंग मिल में अवसर का बेहतर उपयोग करने और कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम.) की गैल्वनाइजिंग लाइन को विभिन्न गेज और आयामों के गुणवत्ता वाले क?वायल के साथ फीडिंग करने के लिए कर्मीसमूह की अत्यधिक सराहना की।

बीजेपी ने आदर्श आचरण संहिता उल्लघन का लगाया आरोप, कुचींडा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ROURKELA : पूरे देश में आम चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता लागू किया गया है। कुचींडा बीजेडी द्वारा नियमों का खुला उलंघन किए जाने को लेकर भाजपा सदस्यो ने कुचींडा विधानसभा के चुनाव अधिकारी सह कुचींडा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की है। बीजेपी ने अपने अपने शिकायत पत्र में बीजेड़ी द्वारा संबलपुर लोकसभा के बीजेडी प्रत्याशी बॉबी दास का नाम घोषित होने पर बीजेडी कार्यकताओं ने बीजू सभागार में पार्टी मीटिंग कर फटाका फोड़ने ,मिठाई बांटा गया था। इसे बीजेपी ने आदर्श आचरण संहिता का खुला उलंघन होने का आरोप लगाया है। आचरण संहिता के प्रावधान के अनुसार राजनैतिक दल द्वारा किसी भी सरकारी कार्यालय या सरकारी अनुदान से बने घर में कोई भी राजनैतिक कार्यक्रम नहीं कर सकता है। ज्ञापन सौपने वालों में कुचींडा बीजेपी नगर सभापति कान्हु चरण नायक, सचिदानंद शर्मा, महेश राय, प्रमोद मिश्र, पिंकू पाणी, प्राणबंधुनाथ समेत अन्य उपस्थित थे।

भाजपा नेता उपेन्द्र प्रधान ने दिया इस्तीफा

RAJGANGPUR : अग्रसेन भवन में सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में राजगांगपुर के निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपेंद्र प्रधान ने पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने की जानकारी दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल को भेजे गए इस्तीफा को पत्रकारों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि संघ से जुड़ने के बाद 1995 में केंद्रीय सरकारी नौकरी छोड़ कर उन्होंने समाज के सेवा के लिए भाजपा में योगदान किया था जब ओडिशा में भाजपा का कोई बोलबाला नहीं था,तब 1995 में भाजपा की ओर से राजगांगपुर विधान सभा का चुनाव लडा था तथा हारने के बाद पार्टी संगठन के कार्य में जुट गया था।1996 में बणई से लेकर गोपालपुर तक भाजपा के अविभाजित सुंदरगढ़ का जिलाध्यक्ष के रूप में दायित्व का निर्वाह करते हुए गांव गांव में भाजपा के फूल छाप को पहुंचाने सहित संगठन को मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी छोड़ 29 साल से पार्टी में जुड़े रहने के बाद भी पार्टी ने उन्हें सही सम्मान नहीं दिया।उन्होंने राजगांगपुर भाजपा तथा सुंदरगढ़ जिला भाजपा की कार्यशैली पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी में अंदरूनी लोकतंत्र समाप्त हो गया है।पिछले दस सालों से पार्टी कुछ मुट्ठी भर लोगों के हाथों में चली गई है जो पार्टी की नहीं अपनी हित का काम कर रहे हैं।

अवैध रूप से बालू ले जाते दो ट्रैक्टर जब्त

ROURKELA : राउरकेला में रात होते ही सेक्टर-16 बालूघाट से अवैध रूप से रेत की तस्करी की जा रही है। गुरुवार रात सेक्टर-15 पुलिस ने रेत लदे वाहन को पकड़ा है। हर दिन की तरह रात करीब 11:30 बजे बालू उठाव हो रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस सेक्टर-18 कोइल डिपो चौक के पास तस्करों को रोका और उनसे पूछताछ की। पूछताछ में पता चला बिना अनुमति के अवैध रूप से रेत उठा रहे थे और रेत की अवैध चालान कर रहे थे। जांच में पता चला कि ट्रैक्टर के भी जरूरी कागजात नहीं थे। बाद में पुलिस ने दो ट्रैक्टर (ओडी-16-6999 और ओडी-14-एल-2957) जब्त कर लिया। विशेष रूप से, सेक्टर -16 बालूघाट में दो, बीजूबांध रेत तल और तुकमेला रेत तल हैं। बीजूबांध रेत तल से रेत निकालने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। लेकिन चूंकि रेत का तल अब पानी के नीचे है, इसलिए रेत उठाना संभव नहीं है। दूसरी ओर, तुमकेला बालू घाटों से नियमित रूप से बालू की उठाया जा रही है,इसके लिए जबकि कोई अनुमति नहीं ली गयी है।

सुंदरगढ़ बीजद प्रत्याशी दिलीप तिर्की ने चर्च में प्रार्थना के बाद शुरू किया चुनाव प्रचार

SUNDARGARH : सुंदरगढ़ लोकसभा सीट से बीजेडी का टिकट मिलने के बाद दिलीप तिर्की ने चर्च में प्रार्थना कर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उम्मीदवार की घोषणा के बाद दिलीप आज सुंदरगढ़ पहुंचे हैं। आज पवित्र गुड फ्राइडे है, इसलिए उन्होंने प्रभु यीशु से प्रार्थना करने के बाद सुंदरगढ़ मिशन रोड स्थित चर्च से अपना चुनाव प्रचार शुरू किये। उन्होंने सुंदरगढ़ के लोगों को उनके प्रति भरोसा और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया। सुंदरगढ़ के लोगों की शुभकामनाएं और आशीर्वाद हमेशा उन पर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि उनका यह आशीर्वाद भी उन्हें विजयी बनाएगा।

झरझरा पर्व की तैयारी को लेकर बैठक

RAJGANGPUR : सुंदरगढ़ जिले की कला और संस्कृति, परंपराएं, सांस्कृतिक धारा राजगांगपुर झरझरा पूर्व के नाम की याद में 2008 से झरझरा उत्सव शुरू किया गया था। इसकी तैयारी बैठक समिति के महासचिव अशोक दास के आह्वान पर झरझरा 2023 स्मारिका के अनावरण के साथ स्थानीय बीजू पटनायक कल्याण मंडप में आयोजित की गई। इस बैठक में राजगांगपुर थाना प्रभारी मनोरंजन प्रधान समिति के अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष पवन कुमार गाड़ोदिया झरझारा समिति के सदस्य पद्म लाभ सामल, वीरेंद्र कुमार रथ, जीतू दास, अरुण कुमार सामल, देव रंजन विनोद, पूर्ण चंद्रपाढी,अमरेश पांडा, शुशील लाकड़ा , इफ्तकार अहमद, जफर मोबीन अहमद, शशिरेख सामल प्रमुख ने आगामी झरझरा पर्व को शांतिपूर्वक कैसे मनाया जाए इस पर अपने विचार व्यक्त किए। 2024 के झरझरा पर्व को और अधिक धूमधाम से कैसे मनाया जाए और शांति बनाए रखी जाए इस पर चर्चा की गई। अंत में अंबिका प्रसन्न मोहंती ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

वरिष्ठ रंगकर्मी एमएम श्रीवास्तव नहीं रहे

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स के पूर्व अधिकारी व शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी मदनमोहन श्रीवास्तव (80) का 19 मार्च को निधन हो गया। कम्पूटा, टेल्को निवासी स्व. एमएम श्रीवास्तव अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र व एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने कई नाटकों में अभिनय व निर्देशन किया था। आकाशवाणी, जमशेदपुर के नाटक भीष्म पितामह में उनकी संवाद अदायगी को महाभारत फेम मुकेश खन्ना ने भी सराहा था। उन्होंने हिंदी व भोजपुरी में नाट्य संग्रह भी लिखा था।

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी ने दिलीप वर्मा को बनाया प्रत्याशी

PHOTON NEWS RANCHI :
बीजेपी ने झारखंड में गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से शुक्रवार को ये अधिसूचना जारी की गयी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 16 मार्च को गांडेय विधानसभा उपचुनाव की घोषणा की थी। यहां 20 मई को उपचुनाव होगा। डॉ सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद से ये विधानसभा सीट खाली है। झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी। उसने दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें कि झामुमो के डॉ सरफराज अहमद ने पिछले दिनों इस सीट से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से वह विधानसभा सीट खाली है। यहां 20 मई को उपचुनाव होना है। दिलीप कुमार वर्मा भारतीय जनता पार्टी में कई पदों पर रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष का दायित्व निभाया है। इसके बाद उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की टीम में शामिल करते हुए प्रदेश मंत्री बनाया गया। अब बीजेपी ने इन्हें गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए टिकट दिया है।

दिलीप कुमार वर्मा।

उत्पाद विभाग के पदाधिकारी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात उड़ाए

PHOTON NEWS RANCHI :
जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित लटमा रोड में रहने वाले अरविंद कुमार के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का जेवरात उड़ा लिया। अरविंद कुमार के बयान पर जगन्नाथपुर थाना में केस हुआ है। अरविंद कुमार उत्पाद विभाग में पदाधिकारी हैं। अरविंद ने पुलिस को बताया कि वह 16 मार्च को बिहार गए थे। उनके घर में कैमरा लगा हुआ है। इस वजह से वह मोबाइल से अपने घर की निगरानी करते रहते हैं। अरविंद कुमार ने 19 मार्च को अपने पड़ोसी को फोन किया और कहा कि उनका सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा है। पड़ोसी ने कहा कि बिजली नहीं है। इस वजह से काम नहीं कर रहा होगा। 25 मार्च को पड़ोसी ने अरविंद को फोन कर कहा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। अरविंद बिहार से लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। अलमारी में रखा हुआ सोने का चेन, नेकलेस, चांदी का जेवरात, नया कपड़ा पितल का का सामान और अन्य सामान और जेवरात गायब है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जा रहा है। फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

दुकान का ताला तोड़कर तीन लाख रुपए की शराब और 11.50 लाख नकद की चोरी

RANCHI : बीआइटी इलाके में स्थित एक शराब दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने तीन लाख रुपये का शराब और साढ़े 11 लाख रुपये उड़ा लिया। दुकान में काम करने वाले अजय कुमार के बयान पर बीआइटी थाना में केस हुआ है। अजय ने पुलिस को बताया कि सुबह में वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। शटर उठाकर वह दुकान के अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। शराब का मिलान कराया गया तो पता चला कि तीन लाख रुपये का शराब गायब है। इसके अलावा दुकान में रखा हुआ साढ़े 11 लाख रुपये भी नहीं है। पुलिस का कहना है कि केस कर दिया गया है। सीसीटीवी की जांच की जा रही है। फुटेज के आधार पर चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

RANCHI : पिठोरिया 29 मार्च- पिठोरिया क्षेत्र के उरूगुटू गांव स्थित डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में शुक्रवार को डिवाइन ओंकार मिशन संस्थान के संस्थापक निदेशक चेयरमैन अप्रवासी भारतीय इंग्लैंड निवासी तरसेम लाल नागी, निदेशक कमलेश कुमारी, डोनर रमेश कुमार पहुंचे। मौका था छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और वार्षिक परीक्षा फल का वितरण करने का। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि तरसेम लाल नागी के द्वारा विद्यालय की प्रगति में हर संभव सहायता देने की बात कही गई। गौरतलब है कि विद्यालय भवन बनवाने सहित पठन-पाठन की सारी सामग्री मिशन के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं मिशन के सचिव राजेश नागी ने छात्रों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। सभी छात्रों और अभिभावकों के बीच फल व खाद्य सामग्री वितरित किया गया।

घर से पुलिस ने 55 लीटर देशी शराब किया जब्त

RANCHI : सदर थाना क्षेत्र स्थित हैदर अली रोड़ में रहने वाले नेहरू कच्छप के घर में पुलिस ने छापेमारी कर उसके घर से 55 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि नेहरू अपने घर से शराब बेच रहा है। इस बात को लेकर मोहल्ले के लोगों में काफी गुस्सा है।

atomy
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

पीएन सिंह व सुनील सिंह का टिकट कटने पर क्षत्रिय महासभा नाराज

संगठन के पदाधिकारी ने बैठकर जताई अपनी आपत्ति

PHOTON NEWS RANCHI :
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्षत्रिय समाज के दो उम्मीदवारों के टिकट काटने से नाराजगी जतायी है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बिनु सिंह उर्फ बिनय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने इस बार 14 में से एक भी सीट पर क्षत्रिय समाज से उम्मीदवार नहीं बनाया है। क्षत्रिय समाज को टिकट न देकर हमें दबाने की कोशिश की जा रही है।

सिंह लाला लाजपत राय स्कूल के समीप स्थित आवास पर संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान में क्षत्रिय सांसद हैं। धनबाद लोकसभा से पीएन सिंह तीन बार के सांसद हैं। चतरा लोकसभा से सुनील सिंह दो बार के सांसद रह चुके हैं। इस बार पार्टी ने दोनों का टिकट काटकर गैर क्षत्रिय को उम्मीदवार बनाया है। इस फैसले का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पुरजोर विरोध करती है।

विरोध जताते संगठन के पदाधिकारी। ● फोटोन न्यूज

मौके पर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रदेश की कुल आबादी के सात प्रतिशत हिस्सेदारी क्षत्रिय समाज की है। पिछले आम चुनाव में भाजपा ने 14 में से दो सीटों पर क्षत्रिय उम्मीदवार बनाये थे। इस बार पार्टी ने दोनों का टिकट काट दिया। धनबाद से पीएन सिंह की जगह पार्टी ने ढुल्लू महतो तो चतरा से सुनील सिंह की जगह कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

ललन सिंह ने कहा कि झारखंड का क्षत्रिय समाज भाजपा के इस फैसले के विरुद्ध है। भाजपा प्रत्याशी बदले नहीं तो वे निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में उतारेंगे। उन्होंने धनबाद से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने पर आपत्ति जताई है। भाजपा ने धनबाद से दागी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो पर कई मुकदमे चल रहे हैं।

गर्मी ने दिखाए तेवर, 40 डिग्री के पार पहुंचा जमशेदपुर का पारा

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :
झारखंड में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मार्च के अंतिम सप्ताह में ही जमशेदपुर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इस सीजन में शुक्रवार सबसे गर्म दिन रहा। पिछले 24 घंटे में शहर के अधिकतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, दिन में तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा देखा गया। साथ ही गर्म हवाएं भी चलीं। हवा में आर्द्रता की अधिकतम मात्रा 70 प्रतिशत जबकि न्यूनतम मात्रा 37 प्रतिशत थी।

आज पारा पहुंच सकता है 41 डिग्री सेल्सियस तक : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके साथ ही दिन भर उमस भी लोगों को परेशान करेगी। हालांकि, शाम में ठंडी हवाएं चलने की वजह से मौसम बेहतर रहेगा।

30-31 मार्च को होगी बारिश

झारखंड में शुष्क व गर्म मौसम के बीच 30 मार्च से बारिश के आसार हैं। कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात और हल्की वर्षा होने की संभावना है। वज्रपात और गर्जन को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 30 व 31 मार्च को मध्यम दर्ज की बारिश की संभावना है। हालांकि, इस बारिश का कोई खास असर अधिकतम तापमान पर नहीं पड़ेगा। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। साथ ही दोपहर में गर्म हवाएं व उमस लोगों को परेशान करेगी।

भाजपा ने अंकिता हत्याकांड में दोषियों को उम्रकैद की सजा पर कोर्ट के फैसले का किया स्वागत, रखी मांग

दोषियों को फांसी की सजा दिलाए सरकार : आरती कुजूर

PHOTON NEWS RANCHI :
भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के दोषी शाहरुख हुसैन और मो. नईम को उम्रकैद कि सजा हुई है। हम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं। साथ ही सरकार से आग्रह करते हैं कि हाई कोर्ट में सरकार अपील करे कि ऐसे अपराधियों को फांसी की सजा हो। आरती कुजूर प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं।

आरती ने कहा कि झारखंड की बेटियों की इज्जत लूटने और जान लेने पर उतारू लोगो को फांसी की सजा हो। पेट्रोल छिड़क कर अंकिता की हत्या हुई थी। इस तरह से प्रदेश में छह हजार से ज्यादा बच्चियों की बलात्कार एवं हत्या हुई है। इससे भी भयावह घटना हुई हैं। अंकिता हत्याकांड में डीएसपी नूर मुस्तफा ने अंकिता को बालिग दिखाया और शाहरुख का उम्र नाबालिग दिखाया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि इस डीएसपी पर क्या कार्रवाई हुई। राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की नीति से बाहर निकल कर अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाएं।

मीडिया को जानकारी देतीं आरती कुजूर। ● फोटोन न्यूज

आरती ने कहा कि राज्य सरकार बताए कि एसटी-एससी की कितनी बच्चियों एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की घटनाएं हुईं और कितने केस में फास्ट ट्रैक का गठन किया गया। कितनों पर कार्रवाई की गई। इसमें सरकार की उदासीनता साफ दिखती है। क्योंकि, वो सभी पीड़िता गरीब परिवार से आते हैं। उन्होंने कहा कि राबिका पहाड़िया, जिसको 50 से ज्यादा टुकड़ों में काट दिया गया था उसके हत्यारे भी आज जेल से बाहर आकर खुले में घूम रहे है। हत्यारे शाहरुख के तार प्रतिबंधित बांग्लादेशी संगठन अंसार उल बंगला से भी जुड़े होने की बात सामने आई थी। इस मामले को भी दबा दिया गया।

आरती ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के तुरंत बाद दुमका में ही 14 वर्षीय नाबालिग आदिवासी को अरमान अंसारी ने लव जेहाद के नाम पर फंसा कर गर्भवती किया और उसके बाद उसकी हत्या कर पेड़ पर लटका दिया। प्रदेश भर में 6000 से अधिक बच्चियों एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी। कितनों की दुष्कर्म के हत्या कर दी गई। 3000 से अधिक आदिवासी बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटना घटी।

चुनाव आयोग को कैंडिडेट्स ने संपत्ति की दी जानकारी

किसी के पास 900ग्राम सोना, तो कोई 15 करोड़ का मालिक

बिहार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को बिहार की चार अलग-अलग सीटों पर उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया। इस दौरान प्रत्याशियों ने चुनाव आयोग को अपनी-अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया। राजद से जमुई प्रत्याशी अर्चना रविदास के पास लगभग 900 ग्राम सोना, 24 किलो चांदी और 13 कैरेट का हीरा है। बाजार में इसकी कीमत 75 लाख से ज्यादा है। इसकी जानकारी उन्होंने खुद नामांकन के साथ जमा की गई डॉक्यमेंट्स में दी है। ये गहने उनके और उनके पति अविनाश कुमार विद्यार्थी को मिलाकर हैं। वहीं, जमुई से ही लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी और चिराग के बहनोई अरुण भारती ने अपनी कुल संपत्ति 4 करोड़ से अधिक बताई है। इधर, बीजेपी के नवादा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के नाम के पास 2 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। पत्नी की संपत्ति मिलाकर इनके पास दो फ्लैट और एक जमीन है। जबकि औरंगाबाद से बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह 15 करोड़ के मालिक हैं। वहीं, गया से एनडीएन उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पास 50-50 हजार की दो गायें हैं। उन्होंने अपनी कुल संपत्ति में सिर्फ 25 लाख का ब्योरा दिया है। जबकि उनके प्रतिद्वंदी और राजद उम्मीदवार सर्वजीत करोड़ों के मालिक हैं। जमुई प्रत्याशी अर्चना रविदास के पास सोना और चांदी के अलावा सुल्तानगंज, बरियारपुर, भागलपुर, सिलिगुड़ी, कोलकाता और कल्याणपुर में मिलाकर लगभग 4 करोड़ 20 लाख से ज्यादा की अचल संपत्ति है। जबकि पति पत्नी दोनों को मिलाकर लगभग 1 करोड़ 92 लाख की चल संपत्ति है। उनके पास 13 लाख रुपए से ज्यादा के कैश हैं। ओवरऑल अर्चना रविदास और इनके पति के पास लगभग 6 करोड़ की संपत्ति है। जबकि नवादा से एनडीए उम्मीदवार विवेक ठाकुर के विभिन्न अकाउंट में 92 लाख 72 हजार और इनकी पत्नी के एकाउंट में 69 लाख 52 हजार रुपए जमा है। वहीं इनके दो बच्चों के एकाउंट में लगभग 56 लाख रुपए जमा है। विवेक ठाकुर अपने पास 80 हजार रुपए तो इनकी पत्नी के पास 50 हजार रुपए कैश है। विवेक ठाकुर के पास मुजफ्फरपुर में जमीन तो गुड़गांव में फ्लैट है। जबकि उनकी पत्नी के नाम अलीगढ़ में जमीन तो नोएडा में फ्लैट है। दोनों की अचल संपत्ति की कीमत लगभग 2 करोड़ 85 लाख रुपए है। इस बार जमुई से चिराग के बहनोई अरुण भारती मैदान में हैं। गुरुवार को उन्होंने अपना नॉमिनेशन कराया है। नामांकन के दौरान दी गई जानकारी के मुताबिक, चिराग की बहन और अरुण भारती की पत्नी निशा के पास 1700 ग्राम सोना और 1500 ग्राम चांदी है। वहीं, अरुण भारती ने 2005 में पटना में 9 लाख रुपए का एक फ्लैट लिया था। तब इसकी कीमत 9 लाख रुपए थी। अब मौजूदा समय में फ्लैट की कीमत 1 करोड़ 35 लाख रुपए हो गया है। पति-पत्नी दोनों को मिलाकर इनके बैंक अकाउंट में लगभग 4.7 करोड़ की संपत्ति है। डायरेक्टर के रोल में हैं। अरुण भारती के पास एमबीए की डिग्री है। महागठबंधन सरकार में कृषि मंत्री रहे और अब राजद के टिकट पर गया से चुनाव लड़ रहे कुमार सर्वजीत हथियार के शौकीन हैं। इनके पास तीन लाख के एक पिस्तौल के साथ 48 हजार रुपए का रायफल भी है। जबकि पैसे के मामले सर्वजीत से ज्यादा अमीर उनकी पत्नी हैं कुमार सर्वजीत के पास जहां 90.31 लाख रुपए हैं तो उनकी पत्नी के पास एक करोड़ 95 लाख 70 हजार रुपए बैंक में जमा हैं। दोनों के पास मिलाकर लगभग 90 हजार रुपए कैश हैं। औरंगाबाद से चुनाव लड़ रहे राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा पर विभिन्न थानों में लगभग 16 मामले दर्ज हैं।जिसकी मौजूदा कीमद लगभग 20 लाख 46 हजार रुपए है। वहीं, यहां से भाजपा प्रत्याशी और सांसद सुशील कुमार सिंह के पास 7 लाख रुपए नकद और 9 लाख रुपए बैंक में जमा है। इनके पास लगभग 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की अचल संपत्ति है।

संक्षिप्त डायरी

बक्सर में 3 जख्मी एक ही परिवार के मॉर्निंग वॉक के दौरान लोगों ने देखा तो कराया भर्ती

बक्सर। के खलवा इनार के पास ऑटो और ट्रक की जोरदार टक्कर में ऑटो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस द्वारा सभी को सड़क से उठाकर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां सभी के सिर में गंभीर चोट लगने से हालत गंभीर बताई गई। डायल 112 टीम ने सभी के परिजनों को सूचना दे दी। घटना अहले सुबह की बताई जा रही है। बताया गया की नावानगर से ऑटो में सवार होकर यात्री डुमरांव की तरफ जा रहे थे। ऑटो जैसे ही खलवा इनार के पास पहुंची वैसे ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद सभी ऑटो सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिरे और छटपटाने लगे। सुबह में टहलने निकले तो लोगों ने देखा और इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। फिलहाल सभी का इलाज जारी है। डायल 112 की टीम के प्रभारी मोकिम मिया ,चालाक बीरेंद्र प्रसाद सिपाही प्रशांत कुमार और विक्रम कुमार ने बताया कि पांच घायल में रामायण शाह (53), जय प्रकाश (26), चंद्रावती देवी (45) ,रंजीत प्रसाद (50), निक्की कुमारी (30), शामिल हैं। तीन जख्मी एक ही परिवार के हैं। सभी नावानगर थाना के कातिकनार गांव के है ।सभी के परिजनों को सूचित किया गया है। सभी का इलाज जारी है। ट्रक घटना के बाद अपना ट्रक लेकर भागने में सफल रहा जिसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

25 हजार का था इनाम गुप्त सूचना पर नालंदा पुलिस ने घर से पकड़ा

नालंदा। की मानपुर पुलिस ने इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया अपराधी मानपुर थाना क्षेत्र के पेढ़का गांव निवासी स्वर्गीय एहसान मलिक उर्फ मुन्नू मियां उर्फ एहसान आलम का बेटा मोहम्मद इमरान उर्फ इम्मु है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि टॉप 10 अपराधियों के विरुद्ध लगातार गुप्त सूचना पर छापेमारी एवं गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में मानपुर थाना का वांटेड 25 हजार का इनामी अपराधी मोहम्मद इमरान उर्फ इम्मु को अपने घर में आने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचित करने के उपरांत उक्त स्थल की घेराबंदी की गई। जहां छापेमारी कर 25 हजार के इनामी अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। इनामी अपराधी पिछले 10 सालों से फरार चल रहा था। इस पर हत्या, आर्म्स एक्ट, एससी/एसटी समेत आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, एक कांड में कुर्की जब्ती भी की जा चुकी थी। हत्या के मामले में फिलहाल वह 10 सालों से फरार चल रहा था। 25 हजार का इनामी आरोपी घटना के बाद सऊदिया चला गया था। वह हाल में ही विदेश से लौटा था और अपने घर आय था। इसी बीच पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार समेत मानपुर थाना की शस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

होली के दिन घर से निकला था नाक से खून निकल रहा था सिर में मिले चोट के निशान

भोजपुर। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में होली के दिन घर से निकले युवक का शव बरामद हुआ है। उसका स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव स्थित बोरिंग के पास से गुरुवार की देर शाम बरामद हुआ है। मृतक सिर के ऊपर जख्म जैसा निशान एवं नाक से खून निकला हुआ पाया गया है। वही, मौत कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शव मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मच रही। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी रामेश्वर राम का 33 वर्षीय बेटा लाल बहादुर राम है एवं पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक की पत्नी श्यामपरी देवी ने बताया कि होली के दिन मंगलवार की शाम करीब छह बजे अपने पति से कहा कि आप नहा लीजिए। अपने मां और बाबूजी को अबीर नहीं लगाना है क्या। जिसके बाद उन्होंने कहा कि पहले तुम नहा लो तो मैंने कहा कि नहीं अप भी नहा लीजिए। जिसके बाद उन्होंने कहा कि ठीक है तुम नहाओ। मैं थोड़ा बाहर से आता हूं। लेकिन देर रात जब वह घर वापस नहीं लौटें तो परिजनों ने काफी खोज बिन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। जिसके बाद परिजन लगातार उनकी खोजबीन कर रह थे। इसी बीच गुरुवार के शाम जब गांव की एक महिला बोरिंग के पास खेत में गई तो उनके शव को वहां पड़ा देखा। जिसके बाद उसने इसकी सूचना उनसे परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वही, दूसरी ओर मृतक आगे पत्नी श्यामपरी देवी ने अपने पति के गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। साथ ही उसने किसी व्यक्ति पर किसी से प्रकार की कोई आशंका या आरोप नहीं लगाया है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौका कारण स्पष्ट पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और तीन बहन में दूसरे स्थान पर था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

बड़ी बेटी के ससुर से था पैसे का विवाद

गोपालगंज। के जादोपुर थाना क्षेत्र के हीरापाकड़ गांव स्थित झोपड़ीनुमा घर में सो रही मां और उनकी दो बेटियों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। तीनों महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि बड़ी बेटी के ससुर ने पैसे के विवाद में घटना को अंजाम दिया है। जख्मियों में हीरापाकड़ गांव निवासी पवन कुमार सिंह की पत्नी इंद्रावती देवी, बेटी रितु कुमारी और सलोनी देवी शामिल है। बताया जाता है कि जख्मी महिला इंद्रावती देवी की छह बेटी है। पांच बेटी की शादी कर चुकी हैं। एक साल पहले जख्मी महिला इंद्रावती ने अपनी बेटी सलोनी की शादी के लिए बड़ी बेटी के ससुर से 25 हजार रुपए कर्ज लिए थे। कर्ज के पैसे लौटाने के लिए अक्सर आरोपी दबाव डालता था। महिला ने कुछ और समय की मांग की थी, लेकिन आरोपी लगातार पैसे की मांग करता रहा, इसे लेकर विवाद करने लगा। गुरुवार की रात महिला इंद्रावती और अपनी दो बेटी के साथ झोपड़ीनुमा घर में खाना खाकर सो गई थी। आरोप है कि इसी बीच मौके का फायदा उठाकर आरोपी घर में घुस गया और सोई अवस्था में इंद्रावती पर ताबड़तोड़ चाकू से वार करना शुरू कर दिया। उसकी बेटी भी नींद से जग गई और बीच बचाव करने लगी तभी आरोपी ने उसे भी चाकू मार दिया। इसके बाद 10 दिन पहले मां बनी उसकी दूसरी बेटी भी बीच बचाव करने लगी तब आरोपी ने उसे भी चाकू मार दिया। इसके बाद वह 10 दिन की मासूम बच्ची पर भी हमला करने वाला था, लेकिन हंगामा सुनकर ग्रामीण पहुंच गए। आरोपी फरार हो गया जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से देर रात तीनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जादोपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन लोगों को चाकू लगी है। इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

सुपौल में बाइक स्लिप होने पर सिर फटा रिश्तेदार के घर अररिया जा रहा था

सुपौल। के छातापुर थाना अंतर्गत मंगला हाट से दक्षिण के पास एक युवक की रास्ते में बाइक स्लिप कर गई जिसमें वह जख्मी हो गया। इलाज के लिए पूर्णिया ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। इधर, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिवेणीगंज नगर परिषद वार्ड नंबर-03 करमिनिया निवासी जितेंद्र सरदार के 21 वर्षीय बेटे अमित कुमार के रूप में हुई है। वह एक बहन और दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पंजाब में मजदूरी करता था। एक महीने पहले ही शादी करने के लिए गांव आया था और इसी महीने के 18 मार्च को उसकी शादी हुई थी। ससुर छातापुर थाना अंतर्गत मोहनपुर गांव के वार्ड नंबर 14 निवासी रूपलाल सरदार ने बताया कि मेरी बेटी मनिका कुमारी की शादी अमित कुमार से 18 मार्च को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। गुरुवार की शाम अमित अररिया के कुशमोल गांव अपने रिश्तेदार के यहां गया था। उन लोगों से मुलाकात कर वापस अपने ससुराल लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अमित कुमार की बाइक रास्ते में पत्थर होने की वजह से स्लिप कर गई। उसके सिर में गहरा जख्म हुआ और खून से लथपथ अमित को स्थानीय लोगों ने मंगला हाट में प्राथमिक उपचार के बाद छातापुर ले जाया गया।

सम्राट के रोहिणी पर दिए बयान पर भड़के डिप्टी सीएम ने कहा था-किडनी के बदले टिकट दिया

बिहार। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को सारण से लोकसभा का टिकट देने जा रहे हैं। इसकी तीखी आलोचना बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने की थी। जिस पर नेता प्रतिपक्ष और रोहिणी के भाई तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि नारी शक्ति और बिहार की बेटी को लेकर जो विवादास्पद और घृणाप्रद बयान दिया है। वो भाजपा के चरित्र को दिखाता है। ऐसी सोच ना हमारे संस्कारों में है और ना बिहार की संस्कृति और संस्कारों में। मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि उपमुख्यमंत्री और उनकी पार्टी को मातृशक्ति का सम्मान करने की सदबुद्धि आए। मैं समस्त कार्यकताओं और बिहारवासियों से भी आग्रह करता हूं वो ह्यबेटी वंदनाह्ल के साथ अपने हर काम की शुरूआत करें। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने बिहार में एक भी महिला को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया है। महिला विरोधी होने का परिचय दिया है। हमने पहले भी कहा था महिला आरक्षण बिल इनका ढकोसला था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की पहचान भाजपा नहीं है। बिहार ओछे बयान देने वालों की धरती नहीं है। बिहार माता सीता की जन्मस्थली है। बेटियों, माताओं, महिलाओं का सम्मान करने वाली पावन धरा है। हमारे संस्कार, हमारे आचरण, व्यवहार में मातृशक्ति का सर्वोच्च महत्व है। हमारे कार्य में इसकी झलक मिलती है। इसी कड़ी में ह्यबेटी वंदनाह्ल हमारे बिहार की समृद्ध संस्कृति का आचरण करने की प्रेरणा देगी तथा मतिभ्रष्ट एवं पथभ्रष्ट भाजपा नेताओं को सही पथ पर आने के लिए प्रेरित करेगी। सम्राट के बयान पर लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने जवाब दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- ओछी सोच और ओछे चरित्र वालों की हर ओछी बात का जवाब जनता के बीच, जनता जनार्दन की अदालत में दूंगी। सही-गलत का फैसला जनता करेगी। जोरदार हमला किया है।

रिलायंस ज्लेवर्स लूट मामले में एक महीने बाद भी कोई सुराग नहीं अब रोसड़ा लूट ने बढ़ाई परेशानी

समस्तीपुर। में 28 फरवरी की रात समय करीब 8 बजे, आठ की संख्या में आये बदमाशों ने शहर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्लेवर्स शो रूम में घुस कर करीब 8 करोड़ रुपए सोना और हीरा के जेवरातों की लूट कर ली थी। जिले में अबतक की यह सबसे बड़ी लूट थी। घटना के बाद पुलिस पदाधिकारियों ने कई तरह के दावे किए। लेकिन इस घटना का एक महीना गुजर चुका है और आज भी पुलिस के हाथ खाली है। जिला पुलिस के साथ ही राज्य एसटीएफ की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। बावजूद अब तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। हालांकि एएसपी संजय पांडेय बताते हैं कि पुलिस ने गिरोह के बारे में पता लगा लिया है। अब गिरफ्तारी ही बाकी है। इस बीच रोसड़ा में पेट्रोल पंप कर्मी से करीब चार लाख रुपए की लूट ने पुलिस के लिए परेशानी और बढ़ा दी है। रिलायंस ज्लेवर्स शो रूम में करीब 8 करोड़ के जेवरात लूट मामले में घटना के दो दिनों बाद आठ अज्ञात बदमाशों पर प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस ने सीसीटीबी फुटेज भी जारी लोगों से सहयेाग मांगा। कोलकता से नेपाल के कई इलाके में छापेमारी की गई है। लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आये। पुलिस का दावा है कि इस घटना को पटना बेउर जेल में बंद समस्तीपुर के एक गैंगेस्ट के गुर्गों ने अंजाम दिया है। जिसके बाद पुलिस की टीम लगातार छापेमारी मे जुटी हुई है। लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आये। चर्चा है कि बदमाश नेपाल के काठमांडू में छिपे हैं। अब रोसड़ा के एरौत गांव के पास पेट्रोल पंप कर्मी से करीब 4 लाख रुपए के लूट पुलिस के चुनौती बन गया है। इस घटना के बाद रोसड़ार के डीएसपी सोनम कुमारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस घटना में स्थानीय बदमाश शामिल है। जिसकी पहचान कर ली गई है। हत्या कर दी गई। किसान के सिर में एक गोली लगी थी।

मोतिहारी में महिला और उसके तीन बच्चों की हत्या

मोतिहारी। में महिला और उसके तीन बच्चों की हत्या कर दी गई। यह हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके पति ने ही की। पति ने पत्नी और तीन बच्चों को गला रेतकर मार डाला और फरार हो गया। मामला पहाड़पुर के बावरिया गांव का है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुवार रात को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। यह विवाद देखते ही देखते खूनी खेल में बदल गया। पति ने पत्नी समेत तीनों बच्चियों को गला रेतकर मार डाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और हत्यारे की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे। अरेराज के एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि पति द्वारा पत्नी सामने आ रही है।

सोने चांदी के आभूषण के साथ आरोपी गिरफ्तार

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के बैरागी मोहल्ले की रहने वाली गायत्री देवी पति नगीना पासवान के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की वारदात के दौरान चोर घर से लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण लेकर भागने में सफल हो गया। वहीं, घर में सोए परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। फिर किसी तरह जानकारी मिली कि कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाला एक नाबालिग लड़का रात के अंधेरे में घर में घुसा था। घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर चला गया। घटना की जानकारी पीड़िता गायत्री देवी ने कोतवाली थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा को दिया। जिसके बाद आशीष मिश्रा ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि गायत्री देवी के घर में चोरी किए सोने चांदी के आभूषण बैरागी मुरली हल पहाड़ी के रहने वाले गोवर्धन सिंह पिता स्वर्गीय रामदेव सिंह को बेच दिया है। पुलिस को इस तरह की जानकारी मिलने के बाद तुरंत हरकत में आई नाबालिग लड़के को साथ लेकर, चोरी के सोने चांदी के आभूषण खरीदने के आरोप में एक अधेड़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से गायत्री देवी के घर से भी बरामद कर लिया गया।

बांका में प्रेग्नेंट होने पर छोड़ा पंचायत ने कहा- शादी करो घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

बांका। में 28 साल के टीचर का उसके ही ट्यूशन में पढ़ने वाली 19 साल की छात्रा से अफेयर चल रहा था। लड़की गर्भवती हुई तो टीचर गर्भपात कराने के लिए बोलने लगा। शादी से पीछे हटने लगा। लड़की ने सरपंच और मुखिया से शिकायत की जिसके बाद गांव वालों ने दोनों की शादी करा दी। मामला शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र के पड़रिया का है। दोनों के प्रेम प्रसंग को लेकर जमकर ड्रामा हुआ। शादी 27 मार्च को शिव मंदिर में हुई जिसके बाद शिक्षक के घर वालों ने दोनों को अपनाने से इनकार कर दिया। वहीं ग्रामीणों के समझाने के बाद उनको गुरुवार को अंदर जाने दिया। बताया जाता है कि दोनों के बीच बीते एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रूपेश कुमार गांव में ट्यूशन पढ़ाता है। इस दौरान वो 19 साल की छात्रा को दिल दे बैठा। दोनों में संबंध भी बने । जब वह गर्भवती हो गई तो इसकी जानकारी प्रेमी रूपेश को दी। इस पर रूपेश ने पहले तो करियर संवारने का हवाला दिया और गर्भपात करने पर बल देने लगा। फिर शादी करने से पीछे हटने लगा। छात्रा ने इसकी शिकायत ग्राम कचहरी के सरपंच और मुखि या से की। इसको लेकर पहली पंचायत बिठाई गई जिसमें पंचायत में इस घटना को काफी शर्मनाक बताया और शादी का फैसला सुनाया। दूसरी बैठक में रूपेश के परिजन अंतजार्तीय विवाह की बात कहकर शादी से मुकरने लगे। पंचायत के दबाव में रूपेश के एक भाई के दिल्ली से आने की बात पर शादी की सहमति दी गई। सामाजिक विद्रोह के बाद 27 मार्च को शिव मंदिर में शादी हुई। बताया गया कि सामाजिक दबाव और परिजनों की खींचतान के बीच पहलानपुर के शिव मंदिर में शिक्षक रूपेश कुमार की उसकी प्रेमिका से शादी हुई। शादी के बाद जब रूपेश नवविवाहिता पत्नी को लेकर अपने घर पहुंचा तो परिजनों का विरोध शुरू हो गया। परिजनों ने घर के अंदर घुसने से मना कर दिया, जिसके कारण रातभर नव दंपती को घर से बाहर रहना पड़ा। इस दौरान अर्जुन गुप्ता के घर लोगों का मजमा रहा। लोगों में तरह-तरह की चचाएं होने लगी। बाद में बुद्धिजीवियों के समझाने पर गुरुवार की शाम तक मामला निपटा और गृह प्रवेश हुआ। शंभूगंज थाना की पुलिस ने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही। सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि शिव मंदिर में दोनों की रजामंदी से शादी हुई। शादी में मुखिया, सरपंच सब मौजूद रहे।

कहा- कांग्रेस, बसपा और सपा सरकार में कावड़ यात्रा

नहीं निकलती थी, डीजे की धुन पर निकलती है

अमरोहा। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमरोहा पहुंचे। जहां उन्होंने नेशनल हाइवे 9 के किनारे स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रांगण में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रबुद्ध सम्मेलन में डॉक्टर , इंजीनियर, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा की छात्राएं समेत तमाम भाजपा नेता, पढ़धिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज देश में दंगा नही होता। पहले की सरकारें कावड़ यात्रा नहीं निकालने देती थी। लेकिन आज डीजे की धुन पर कांवड़ यात्रा निकलती है। देश में मोदी की गारंटी है। सभी वर्गो के लोगों को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि आपको एक वोट की कीमत समझनी है, तो 2014 के पहले और आज का भारत देखिए। उन्होंने कहा-एक वोट आपके लिए कैसे पहचान का संकट खड़ा कर सकता है? कैसे आपकी किस्मत बदल सकता है? इसके लिए 2014 के पहले का भारत देखिए और 2014 के बाद का भारत देखिए। 2014 से पहले देश की सीमाएं असुरक्षित थी, भ्रष्टाचार था, अराजकता थी। लेकिन अब 2014 के बाद देश का विकास हुआ। एक्सप्रेस-वे बने। सीमाएं सुरक्षित हुईं। हाई-वे हो, रेलवे हो, एयर कनेक्टिविटी हो। सब उपलब्ध है। हाईटेक यूनिवर्सिटी बनी है। 2019 में यहां का सांसद भारत माता की जय-जयकार करने में संकोच करता था। यही होती है एक वोट की कीमत। आप उस समय वोट देने से चूक गए थे। लेकिन आपके एक वोट की वजह से आज 500 सालों का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में राम मंदिर बना। साथ ही आगे कहा कि यह मोदी कि गारंटी है। देश के हर गरीब तबके के लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से हर गरीब का मुफ्त इलाज हो रहा है। इस मौके पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर समेत तमाम भाजपाई और आरएलडी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बोले पादरी- यीशु मसीह ने पूरे जगत को प्रेम का संदेश दिया

हसनपुर। अमरोहा जनपद के हसनपुर नगर में स्थित सैंट जोन्स चर्च में द गुड फ्राइडे पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में सैंट जोन्स चर्च के पादरी सुशील मसीह ने प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के दिन पूरी दुनिया में इस पर्व का बहुत महत्व है। क्योंकि यीशु मसीह ने अपने प्राण त्यागने से पहले सात वचन बोले थे। इतना अत्यधिक दुख भोगने के बाद भी उन्होंने पहले वचन में अपने शत्रुओं के लिए परमेश्वर से यह प्रार्थना की थी कि हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं ? और किसके साथ कर रहे हैं? सातवें वचन में उन्होंने कहा कि है पिता मैं अपने प्राण आपके हाथों में सौपता हूं। क्योंकि जिस मकसद से वह इस दुनिया में आए थे। उसको पूरा करके उन्हें वापस जाना था। उन्होंने संपूर्ण जगत को प्रेम का संदेश दिया। क्योंकि पवित्र शास्त्र का आधारभूत वचन यही है कि जैसा कि लिखा है परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा की उसने अपना एकलौता पूरा दे दिया। ताकि जो कोई उस पर विश्वास करें नाश न हो ! परंतु अनंत जीवन पाए। इसलिए प्रभु यीशु मसीह को दया का सागर कहा जाता है। प्रार्थना सभा में ये लोग रहे उपस्थित इस मौके पर लोग बहुत-बहुत दूर से सलीबी मौत का शौक पर्व मनाने आए। प्रार्थना सभा में सुशील मसीह, डेबरा मसीह, शैनन मसीह, जितेंद्र कुमार, सुमित, अल्बर्ट मसीह, विशाल, पलक मसीह, श्वेता, महक, सुंदर जोजेफ, रवि, सुभाष, राजकुमार, रामनिवास, मनोज रहरा आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त डायरी

सपा सांसद एसटी हसन का नामांकन खारिज

मुरादाबाद। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुरादाबाद सीट से समाजावादी पार्टी के टिकट पर रुचि वीरा ने नामांकन दाखिल किया. इसके साथ ही वर्तमान सपा सांसद डॉ एसटी हसन ने भी मुरादाबाद सीट से पर्चा दाखिल किया था जो अब निरस्त हो गया है. दरअसल आजम खान के दबाव में सांसद एसटी हसन के टिकट को काटकर अखिलेश यादव ने रुचि वीरा को सपा उम्मीदवार बना दिया है।

दुनिया में भूखे पेट सो रहे 80 करोड़ से ज्यादा लोग

सालभर में हर व्यक्ति औसतन 79 किलो खाना बर्बाद कर देता है, दुनियाभर में सालाना 1 अरब टन से ज्यादा अनाज बर्बाद होता है, जबकि, दुनिया में अब भी करीब 80 करोड़ लोग भूखे ही सोते हैं. ये सारी जानकारी संयुक्त राष्ट्र की 'फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2024' में सामने आई है. इसमें 2022 के आंकड़े लिए गए हैं. इसमें बताया गया है कि 2022 में दुनियाभर में सालभर में 1.05 अरब टन अनाज बर्बाद हो गया था

भारत में 83% बेरोजगार हैं युवा

बरेली। दिल्ली इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन(ILO) और इंस्टिट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (IHD) ने आज साझा रूप से एक आकंड़े जारी किए जिसमें भारत की एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024 भी जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी का 83% थी। जानकारी दे दें कि चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी की।

जुमे की नमाज को देखते हुए फोर्स ने किया पैदल मार्च, धार्मिक स्थलों के आसपास बढ़ाई गई सुरक्षा

बरेली। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद यूपी के बरेली में भी अलर्ट जारी किया गया है। जुमे की नमाज को देखते हुए सभी मिश्रित इलाकों में पुलिस फोर्स अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं। डीएम रविंद्र कुमार और SSP घुले सुशील चंद्रभान शहर में अलग-अलग स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। शहर में एसपी सिटी राहुल भाटी मार्च कर रहे हैं, देहात में एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा और एसपी दक्षिण मानुष पारीक फोर्स के साथ मौजूद हैं। इस्मालिया रोड पर फोर्स बढ़ाई इस्लामिया मैदान और इस्लामिया रोड पर अलग-अलग स्थान पर बैरिकेड लगाए गए हैं। दरगाह आला हजरत की तरफ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। रोड पर पैरामिलिट्री के जवानों के साथ अधिकारी पैदल मार्च कर रहे हैं। बिहारीपुर पुलिस चौकी के आसपास भी फोर्स बढ़ा दी गई है। जुमे की नमाज को देखते हुए किला क्षेत्र में सीओ संदीप सिंह और इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह फोर्स के साथ पैदल मार्च कर रहे हैं। जहां पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रखे हुए है।

दिन में हल्की धूप खिली, अगले 2 दिनों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना

बरेली। बरेली में मौसम में बदलाव की आशंका है। जहां तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। आज सुबह से आसमान में कभी हल्की धूप है तो कभी बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया। जबकि दिन में अधिकतम तापमान 3 डिग्री रहने का पूर्व अनुमान है। पिछले 2 दिन में तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। आज रात में बूंदाबांदी की संभावना मौसम विभाग के अनुसार आज 29 मार्च को हल्की बारिश की संभावना जताई है। मंडल के बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं जिलों में 29 व 30 मार्च को बारिश का मौसम रहने का अनुमान जताया गया है। वही तेज हवाएं भी चलने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। इसी सप्ताह अधिकतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी होनी बताई जा रही है। आज न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहेगा, जबकि इसी वीक में यह बढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचना बताया जा रहा है। रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। वहीं इस समय गेहूं व सरसों की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। सरसों की फसल की कटाई चल रही है, वहीं गेहूं की फसल पकने को है। लगातार बारिश से बदल रहा मौसम बरेली समेत आसपास के जिलों और वेस्ट यूपी में लगातार मौसम बदल रहा है। 31 जनवरी और एक फरवरी को भी बारिश से मौसम बदला था। 5 और 6 फरवरी को दूसरी बार बारिश हुई। 19 फरवरी की राज को फिर बारिश हुई। जिसके बाद मौसम चेंज हुआ। 1 मार्च की रात को बूंदाबांदी हुई। 2 मार्च को भी मौसम बारिश का रहा। 3 मार्च को भी बरेली में बारिश हुई। इस बारिश से सरसों व गेहूं की फसलें प्रभावित हुई हैं। अब 29 व 30 मार्च को बारिश की संभावना जताई गई है।

पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, किसी की ओर से कोई भी तहरीर नहीं

आंवला। जनपद बरेली के आंवला क्षेत्र में दो प्रेमी युगल को लगा कि वह साथ जी नहीं सकते तो उन्होंने एक साथ ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी परिवार को दी जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया।पुलिस ने दोनों ही शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल दोनों के परिवारों ने इस बारे में कुछ भी बताने से मना कर दिया है। थाना आंवला क्षेत्र के गांव बारीखेड़ा निवासी डोरी लाल के 22 वर्षीय बेटे सूरज का उसकी ही रिश्तेदार 20 वर्षीय छात्रा छाया पुत्री नन्हे निवासी कसूमरा से प्रेम प्रसंग चल रहा था।सूरज की चचेरी बहन का विवाह छाया के चचेरे भाई से हुआ तब से सूरज का छाया के घर आना जाना था।करीब 2 महीने पहले सूरज के परिवार ने उसकी शादी तय कर दी थी। दोनों को लगा कि वह इस जन्म में साथ नहीं रह सकेंगे इसलिए दोनों ने आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। शाम सूरज की छाया से बात हुई उसके बाद दोनों अपने घर से निकल गए।करीब रात्रि 11:00 बजे के समय दोनों ने अपने-अपने गांव से 3 किलोमीटर दूर रेवती रेलवे स्टेशन से करीब 1 किलोमीटर आगे पहुंच कर ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी।दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जब लोगों को इसका पता चला तो इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने वहां पहुंचकर देखा और शव की पहचान सूरज और छाया के रूप में की, और इसकी जानकारी परिवार वालों को दी।जब दोनों ही परिवार को इसका पता चला तो कोहराम मच गया। किसी ने इस बारे में बिलकुल सोचा नहीं था। परिजनों ने किया कुछ भी बताने से इन्कार परिवार से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया।

परंतु दोनों ने ही कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया।बस केवल इतना ही बताया कि दोनों का प्रेम प्रसंग था। शादी को लेकर कभी किसी से कोई चर्चा नहीं हुई। इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार ने बताया मृतक दोनों प्रेमी युगल के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किसी की ओर से कोई भी तहरीर नहीं आई है।

इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

नूरपुर। नगीना लोकसभा क्षेत्र की नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के बिजनौर रोड नूरपुर स्थित भारत मेरिज गार्डन में इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगीना लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार रहे ।कार्यक्रम मे पहुंचने पर सर्वप्रथम पूर्व जज मनोज कुमार का समस्त कार्यकताओं द्वारा फूल मालाएं डालकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे वक्ताओं ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार के लिए अपने विचार रखें। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उस हमले की जांच अभी तक नहीं हुई है और सरकार को उसकी जांच करानी चाहिए क्योंकि उसमें हमारे देश के जवान मारे गए थे लेकिन वर्तमान सरकार उस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है वर्तमान सरकार विपक्ष पर ईडी सीबीआई की जांच कराकर विपक्ष का मुंह बंद करने का काम कर रही है। लेकिन यह इंडिया गठबंधन एक महागठबंधन है और यह 2024 में नया इतिहास रचने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगीना लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में संविधान खतरे में संविधान को खत्म करने का काम चल रहा है अब वह समय है जहा जवान और किसान आमने-सामने खड़े हुए है। साहूकारों की सरकार चल रही है इसलिए वक्त आ गया है वर्तमान सरकार में पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार घूम रहा है और उन्होंने कहा कि वक्त आ गया है इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करने का क्योंकि यह गठबंधन कोई मामूली गठबंधन नहीं है इसलिए आने वाली 19 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर कामयाब करें और इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करें कार्यक्रम में पूर्व सांसद इंजीनियर यशवीर धोवी, नूरपुर विधानसभा विधायक रामातार सैनी, पूर्व विधायक नईम उल हसन, पूर्व सांसद ओमवती देवी, पूर्व आईएएस आरके सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान, वाजिद मंसूरी नगर अध्यक्ष, रब्बानी अंसारी नगर उपाध्यक्ष, केशव शर्मा, ओंमकार सिंह सैनी, वसीम अहमद, इरशाद अहमद, शाहनवाज आलम, जावेद आसी, फैजान मंसूरी ,महबूब अली, सोनू यादव ,शमीम अहमद, मोहम्मद आबाद ,नासिर मंसूरी, मोहम्मद इमरान ,शमीम अहमद, नसीम अहमद, आजाद अंसारी, धर्मपाल सिंह, प्रेम सिंह सैनी, सलीम अंसारी, कुन्तेश सैनी, सलीम अंसारी, सुहेल अंसारी, शिवकुमार यादव, महावीर सिंह यादव, लोकेश भारद्वाज, सुरेश प्रजापति, हबीब अहमद, शौकत अली, वकील अहमद, जावेद ,सतपाल सिंह ,जावेद अख्तर ,एडवोकेट शमशाद सैफी, मोहम्मद जैद,वी के कश्यप,एव इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने की।

मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

आंवला। बरेली के डीएम रविंद्र कुमार और एस एसपी घुले सुशील चन्द्रभान गुरुवार को आंवला पहुंचे। उन्होंने जीजीआईसी कालेज, दिनेश तिवारी इंटर कॉलेज, रैन बसेरा, मनोना में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद भरतजी सरस्वती इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां कार्यक्रम में कई स्कूलों के छात्र छात्राओं ने मतदान के प्रति कविता, स्पीच और नाट्य कार्यक्रम के द्वारा जागरूक किया और रंगोली के माध्यम से भी जागरूक किया। इसके बाद थाना सिरौली क्षेत्र के गांव गुरगांव पहुंचे इस दौरान उनके साथ एस एस पी बरेली घुले सुशील चंद्रभान भी साथ में रहे। डीएम बरेली ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने खुले शब्दों में बीएलओ से कहा कि जो मतदाता लंबे समय से गांव में नहीं रह रहे हैं उनके वोट काटे जाएं शत प्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता निश्चित और निडर होकर मतदान करें। अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एस एस पी बरेली घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि आदर्श आचार सहायता चल रही है। सभी लोग आचार संहिता का पालन करें। खुरपतियों पर पुलिस की पैनी नजर है। कानून व्यवस्था बिगड़ने की कोशिश की गई तो ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसके बाद उन्होंने तहसील सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान डीएम बरेली रविंद्र कुमार, एसएसपी बरेली घुले सुशील चंद्रभान, सीओ नीलेश मिश्र, एस डी एम आंवला एन राम, तहसीलदार अर्चि गुप्ता, नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा, इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की पोस्ट पर ग्रुप एडमिन पर होगी कार्रवाई

बरेली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की दृष्टि से प्रशासन सतर्क है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उक्त की दृष्टि से सभी ग्रुप एडमिन को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये हैं कि यदि किसी भी ग्रुप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से सम्बंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सम्बंधित एडमिन के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। किसी भी ग्रुप पर नियमों के उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित नहीं होनी चाहिए। सभी को सलाह दी जाती है कि वे या तो ग्रुप के सदस्यों को नियमों की जानकारी दें, अन्यथा अपने ग्रुप को ओनली एडमिन पर कर लें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है और नियम उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सीधे एडमिन पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होगा। उक्त निर्देश वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (एक्स) और टेलीग्राम आदि समस्त सोशल मीडिया अकाउंट पर समान रुप से लागू होगें। विशेषकर वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क किया जाता कि वे आदर्श आचार संहिता का स्वयं पालन करें और ग्रुप के सदस्यों से भी करवायें। इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय सभी ग्रुपों पर पुलिस कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जा रही है। सभी ग्रुप एडमिन का नाम, पता और मोबाइल नंबर सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम चौबीस घंटे इंटरनेट मीडिया पर नजर रख रही है।

सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने किया मेले का उद्घाटन

शाही। थाना शाही क्षेत्र के गांव बड़ा बसावनपुर में शिव आदर्श रामलीला मेले का आज इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उसके बाद मेला कमेटी के अध्यक्ष पूरन लाल लोधी एवं अन्य पदाधिकारी ने सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। और प्रवीण सिंह ऐरन जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का धन्यवाद कर कहा बड़ा बसावनपुर ग्राम वासी मुझसे दिल से प्यार करते हैं। बड़े सौभाग्य की बात है कि 40 साल पुराने मेले का उद्घाटन करने के लिए मुझे बुलाकर उद्घाटन कराया गया। और उन्होंने कहा कि कस्बा एवं देहात क्षेत्र में रामलीला होने से आपसी भाईचारा बना रहता है। और मेला हमारी पुरानी संस्कृति की याद दिलाता है। इस दौरान पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने बताया कि अगर मैं आप लोगों के आशीर्वाद से जीता हूं हर गांव में बहन बेटियों की शादी के लिए बारात घर आने जाने के लिए अच्छी सड़क, नाली खरंजे और हर गांव में स्कूल बनवाने का कार्य किया जाएगा। और फतेहगंज पश्चिमी में रबर फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर इंडस्ट्रीज फैक्ट्री लगा कर पहले लेकर युवा बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का काम किया जाएगा। रामलीला मेले उद्घाटन के दौरान बरेली 25 लोकसभा चुनाव प्रभारी विपुल गुप्ता गुप्ता, मीरगंज विधानसभा प्रभारी संजीव गुप्ता, मेला कमेटी के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी, महेंद्र सिंह लोधी, खूब चन्द, जय कुमार, नृपेन्द्र कुमार, हरीश कुमार गंगवार, हुकुम सिंह, रिहान, रामनिवास शर्मा, डॉक्टर समीर कुमार, अजय पटेल, फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक प्रभारी परितोष रंजन, सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, मीरगंज ब्लॉक प्रभारी अजीम मालिक, डॉ मनोज शर्मा, पवन दीक्षित, कौशल कुमार शर्मा आदि ग्राम वासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नकली दवा के असली सौदागरों पर कसे सख्त नकेल

ज्व्र्ब्रिंञ्चक्कै श्रिंद्ध

बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फन्दे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा? यकीनन कैंसर जैसी घातक और दर्दनाक बीमारी झेल रहे किस्मत के मारे अधमरे लोगों की जिंदगी से खेलने वाला हर वो शख्स इस पाप का बराबर भागीदार है जिसे इस घिनौने खेल का पता था।

इसे व्यवस्था की नाकामी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाई यही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग, पैसे की हवस के आगे दरिन्दे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने की खातिर लंबे-चौड़े अमले पर भारी भरकम खर्च और सख्त कानून के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है। शासन-प्रशासन के नुमाइंदे नक्कालों से सावधान का राग अलापते रहें तो अटपटा जरूर लगता है।

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में तमाम सुबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वाले जिस गिरोह का पदार्फाश किया उसमें 12लोग शामिल हैं। दुखद यह कि आरोपितों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। निश्चित रूप से पूरा गैंग सारी तैयारियों से इस काम में जुटा था। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत मे बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर चेताया था। नकली दवाओं के असली निमार्ताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रान्ड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है। तब कुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं। शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुले आम कैसे बिक रहे हैं। संगठन ने चेताया लेकिन यहां किसे होश आया? यह तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे कोरोना के नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रहे? संगठन की चेतावनी के बाद यह

जरूर माना गया था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमे ने क्या किया? यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया।

दिल्ली में पकड़े गए इस अकेले गिरोह ने दो साल में ही करोड़ों रुपये की दौलत बनाई। पैसों के भूखे इन नरपिशाचों की करतूत रोंगटे खड़े करने वाली हैं। बेहद सुनियोजित तरीकों से अपने काम को अंजाम देता यह गिरोह कैंसर की दवा की खाली शीशी पांच हजार रुपये में खरीदता जिसकी कीमत 2.96 लाख रुपये तक होती। इनमें फ्लूकोनॉजोल जो कि एक एंटी फंगल दवा है जो करीब 100 रुपये में आती है भरता और इंजेक्शन में नकली दवाइयों को मिलाकर बाजारों में सप्लाई करता। यह दवा कीमोथेरेपी में उपयोग होती जो बेअसर होने के साथ जानलेवा भी रही। असली दवा की कीमत हजारों से लेकर लाखों रुपये तक होती। इस अकेले गैंग के पास से 89 लाख रुपये नकद, 18 हजार रुपये के डॉलर और चार करोड़ रुपये की 7 अंतरराष्ट्रीय और 2 भारतीय ब्रांडों की कैंसर की नकली दवाएं बरामद होना ही इनके बड़े नेटवर्क का संकेत है। इसके तार भारत ही नहीं बल्कि चीन और अमेरिका तक फैले हैं।

यकीनन नकली दवा का असली खेल बेहद चिंताजनक है। ऐसे तमाम गिरोहों को बेनकाब कर लोगों की जान से खिलवाड़ रोकने के लिए सख्ती और सतर्कता जरूरी है। नकली दवा की पहचान का भी तरीका है। दवा पर दर्ज क्यूआर कोड स्कैन करते ही दवा का डिटेल मिल जाएगा। कोड नहीं होने पर नकली हो सकती है। कोड से दवा की जानकारी ड्रग विभाग की वेबसाइट पर मिलेगी जो मिलाई जा सकती है जो यहां सबके बस की बात नहीं।

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के जाने-माने जर्नल ग्लोबल आंकोलॉजी के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से 2019 के बीच भारत में कैंसर से 1 करोड़ 28 लाख से भी ज्यादा मौतें हुईं। वहीं भारतीय नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के केवल दो वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2022 के दौरान देश में 23 लाख 67 हजार 990 लोगों की मौत कैंसर के किसी न किसी प्रकार से हुई। भला कैसे पता चलेगा कि इनमें नकली दवा से कितनों की जान गई? शायद कभी नहीं।

बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फन्दे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा? यकीनन कैंसर जैसी घातक और दर्दनाक बीमारी झेल रहे किस्मत के मारे अधमरे लोगों की जिंदगी से खेलने वाला हर वो शख्स इस पाप का बराबर भागीदार है जिसे इस घिनौने खेल का पता था।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

बेवजह अमेरिकी हस्तक्षेप

भारत में लोकतंत्र के सबसे बड़े.पर्व की शुरूआत हो गई है। करीब दो महीने तक चलने वाले इस त्योहार के लिए सभी राजनीतिक दलों के मंच सज गए हैं। इसी बीच भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव में अमेरिका कुछ ऐसे कदम उठा रहा है, जिसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की प्रतिक्रिया एक ऐसा ही उदाहरण है। इस अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन 'मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है'। जाहिर है कि भारत के लिए डंक मारने वाला है और देशकी संप्रभुता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां विधि का शासन स्थापित होने के साथ देश की कानूनी प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका से संचालित होती है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारी की अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया पर नई दिल्ली स्थित अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बबेर्ना को साउथ ब्लॉक में तलब कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करके कहा कि कूटनीति में, राष्ट्रों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। मित्र लोकतांत्रिक देशों के मामले में यह

जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह हानिकारक मिसाल कायम कर सकता है। ऐसा नहीं है कि भारत के आंतरिक मामले में अमेरिका ने पहली बार दखल देने का प्रयास किया है, इससे पहले नये नागरिकता संशोधन कानून पर भी अमेरिकी विदेश मंत्रालय की इसी तरह गैर-जिम्मेदारी पूर्ण प्रतिक्रिया आईथी। हैरानी तो उस अमेरिकी रिपोर्ट पर होती है जिसमें भारतीय उद्योगपति गौतम अदानी के विरुद्ध वहां के जस्टिस विभाग द्वारा जांच करने की बात सामने आई थी। रिपोर्ट के अनुसार, अदानी पर यह आरोप है कि उन्होंने ऊर्जा क्षेत्रमें सौदा हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी। यदि यह मामला भारत में घटित हुआ है तो अमेरिका किस अधिकार से इसकी जांच करेगा। बेहतर होगा कि अमेरिका दूसरे देशों के अंदरूनी मामलों में टांग अड़ाने से बाज आए।

चिंतन-मनन

कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

सीएसआर फंड का उपयोग चुनावी बांड में?



सनत जैन

पिछले 5 वर्षों में कंपनियों ने सीएसआर फंड के रूप में 1 लाख 14 हजार 774 करोड रुपए स्वयंसेवी संस्थाओं को दान में दिए हैं। इस धन का उपयोग किस तरह से हुआ है। इसके नए-नए खुलाशे सामने आ रहे हैं। वर्ष 2021-22 में 19,043 कंपनियों ने 26,278.71 करोड, 2020-21 में 20840 कंपनियों ने 26,210.95 करोड़, 2019-20 में 22985 कंपनियों ने 24965.82 करोड़, 2018-19 में 250181 कंपनियों ने 20217.65 करोड़ तथा 2017-18 में 21525 कंपनियों में ने 17,098.57 करोड रुपए का दान किया है। कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड का उपयोग कंपनियां अपने निजी हितों के लिए कर रही हैं। कंपनियों द्वारा जिन स्वयंसेवी संस्थाओ को दान दिया जाता है। उस संस्था से 65 से लेकर 80 फीसदी राशि कंपनियों द्वारा वापस ले ली जाती है। इस राशि का उपयोग कंपनी रिश्वत बांटने चुनावी चंदा देने और अपने विरोधियों को निपटाने के लिए काले धन के रूप में अपनी सुविधानुसार करती है। सीएसआर फंड की जो बंदर बांट हो रही है। उसमें एक बड़ी राशि पिछले 5 वर्षों में इलेक्ट्रोल बांड के रूप में राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में दी गई है। यह बात भी अब खुलकर सामने आने लगी है। कंपनी एक्ट 2013 के अनुसार हर कंपनी को अपने शुद्ध मुनाफे की दो फीसदी राशि को सामाजिक सरोकारों में खर्च करना जरूरी होता है। जिन ट्रस्ट या स्वयंसेवी संस्थाओं को यह राशि दी जाती है। उन्हीं ट्रस्ट और संस्थाओं से 65 से लेकर 80 फीसदी राशि कंपनियों द्वारा वापस ले लेती हैं। ट्रस्ट एवं स्वयंसेवी संस्थाएं दी गई राशि को खर्च में दिखा देती हैं। 20 से 35 फीसदी तक चंदा स्वयंसेवी संस्थाओं के पास रह जाता है। अधिकांश चंदा उन स्वयंसेवी संस्थाओं को दिया गया है। जो सेवा निवृत आईएएस, आईपीएस अधिकारी, राजनेता और उनके परिवारजन चलाते हैं। कंपनियों के इस फंड को दिलाने के लिए सीएसआर फंड कंसल्टेंट इस काम को बखूबी अंजाम दिलाने में अपनी सेवाएं देते हैं। सीएसआर फंड की कमीशन खोरी का यह धंधा बड़े पैमाने पर देश मे चल रहा है। दान में दी गई 65 से 80 फीसदी रकम अंगड़ियों के माध्यम से नगद रूप में कंपनियों के पास वापस पहुंच जाती है। इस राशि का उपयोग ब्लैक मनी के रूप में किया जाता है। कंपनियों का ऑडिट सीए द्वारा किया जाता है। वह इस बात की जांच नहीं करते हैं, कि जो दान दिया गया है, वह सही तरीके से खर्च हुआ है, या नहीं। इसी तरीके से ट्रस्ट और स्वयं सेवी संस्थाओं का ऑडिट भी सीए द्वारा किया जाता है। वह भी आय और व्यब का ऑडिट वाउचर के अनुसार करके इति श्री कर लेते हैं। आयकर अधिकारियों के ऑडिट में इस तरह की गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद भी, इस तरह के अवैध लेनदेन पर रोक लगा पाना संभव नहीं हो पा रहा है। पिछले वर्षों में इलेक्ट्रोल बांड के रूप में कंपनियों ने जो चुनावी चंदा दिया है। उसमें से अधिकांश चंदा सीएसआर फंड की राशि से अपरोक्ष रूप से दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक आफ इंडिया ने इलेक्ट्रोल बांड को लेकर जो खुलासा किया है। उसमें जिन कंपनियों ने चंदा दिया है। उनकी बैलेंस शीट में उस चंदे का जिक्र ही नहीं है। यदि इस मामले की जांच कराई जाए, तो यह अभी तक का एक बहुत बड़ा घोटाला है। सरकार ने जिस तरीके के कानून बनाए हैं। उसके बाद देश में काला धन एकत्रित हो, इसकी संभावना ही नहीं है। अभी भी ईड़ी,सीबीआई और आयकर विभाग के जहां छापे पड़ते हैं। करोड़ों अरबों रुपए की नगदी बरामद होती है। कॉपोर्रेट कंपनियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के गठजोड़ से अंगड़ियों के माध्यम से हर साल करोड़ों रुपए का लेनदेन काले धन के रूप में भारत में हो रहा है। इसे आयकर और ईडी के अधिकारी भी जानते हैं। सरकार भी जानती है। सरकारी सरपरस्ती में काले धन का यह लेनदेन आज भी बखूबी चल रहा है। कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी का इससे बड़ा मजाक और कोई नहीं हो सकता है। गरीबों के नाम पर योजनायें और कानून बनाये जाते हैं। इसका लाभ गरीबों को नहीं ?मिलता है। गरीबों के नाम पर जो योजनायें संचा?लित होती हैं, उसका लाभ बड़े-बड़े धन्नासेठ उठाते हैं। सीएसआर फंड भी उसका एक उदाहरण है।

सोशल मीडियाः लत पर नियंत्रण जरूरी



रजनीश कपूर

कुछ समय पहले तक एक आम धारणा थी कि जब भी कभी घर की बेटी समझदार हो जाए तो उसके विवाह के लिए विचार शुरू हो जाता था। उसी तरह यदि घर का बेटा बिगड़ने लग जाए तो उसे ठीक करने की मंशा से भी उसके विवाह के बारे में सोचा जाता था, परंतु आजकल ऐसा नहीं है। आज का युवा जिस कदर सोशल मीडिया पर घंटों बिताता है, उसे लेकर भी मां-बाप में चिंता बढ़ रही है। पिछले दिनों आपने सोशल मीडिया पर होली के उपलक्ष्य में ऐसे कई वायरल वीडियो देखे होंगे जहां लड़के-लड़कियां खुलेआम ऐसी हरकतें करते दिखाई दिए कि सभी शर्मसार हुए। आखिर, इस समस्या का क्या कारण है, और इससे कैसे निपटा जाए?

दिल्ली मेट्रो में दो लड़कियों द्वारा अश्लील वीडियो रील बनाने को लेकर काफी बवाल मचा। जैसे ही इस वीडियो को लेकर दिल्ली वालों ने मेट्रो प्रशासन से सवाल पूछे तो दिल्ली मेट्रो ने इसे 'डीप फेक' कह कर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया, परंतु जब कुछ लोगों ने इसकी जांच की तो यह वीडियो सही पाया गया और वीडियो में देखी गई लड़कियों ने भी इसे स्वीकारा। ये लड़कियां यहीं नहीं रु कीं। उन्होंने दिल्ली से सटे नोएडा में एक स्कूटी पर बैठ ऐसा ही एक और अश्लील वीडियो बना डाला। वीडियो सामने आने के बाद नोएडा पुलिस ने इन लोगों का चालान भी काटा परंतु क्या सिर्फ चालान ही इस समस्या का हल है? ऐसा देखा गया है कि न सिर्फ ऐसे अश्लील वीडियो बनते हैं, बल्कि ऐसे अनेक अन्य वीडियो भी बनाए जाते हैं, जहां युवा खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई देते हैं, परंतु क्या किसी ने सोचा है कि ये युवा इतने बेलगाम क्यों होते जा रहे हैं? सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो डाल कर आखिर, वो क्या हासिल करना चाहते हैं? ऐसी हरकतें कर वे कुछ समय तक तो सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध अवश्य हो जाएंगे, पर उसके बाद क्या? क्या इस प्रसिद्धि से उन्हें कुछ आर्थिक लाभ होगा? क्या इस प्रसिद्धि का उनकी शैक्षिक योग्यता पर अच्छा असर पड़ेगा? क्या ऐसा करने से उनका मान-सम्मान बढ़ेगा? इन सभी सवालों का उत्तर 'नहीं' ही है। तो फिर यह प्रसिद्धि या ऐसी हरकतें किस काम की? वहीं यदि इन युवकों के नजरिए से देखा जाए तो इन हरकतों के पीछे न सिर्फ सही संगत की कमी है, बल्कि उससे भी ज्यादा रोजगार की कमी है।



यदि इन युवकों को समय रहते उनकी योग्यता के मुताबिक सही रोजगार मिल जाते तो शायद ऐसे दृश्य देखने को न मिलते। जिस तरह मोबाइल फोन के जरिए सोशल मीडिया ने हर घर में जगह बना ली है, ऐसे क्रियाकलाप से छुटकारा पाना असंभव होता जा रहा है। बच्चा होङ्क युवा हो या घर का कोई बड़ा सदस्य, जिसे देखो उसकी गर्दन झुकी ही रहती है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि आज के दौर में वही सर उठा कर रह सकता है, जिसके पास स्मार्टफोन नहीं है। खैर! मजाक से इतर, क्या वास्तव में इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है? ऐसे कई छोटे और सरल उपचार हैं, जिनसे इस समस्या से निदान पाया जा सकता है। सबसे पहले तो स्क्रीन टाइम पर राशन लगाना जरूरी है। क्या आपने कभी सोचा है कि दिन के 24 घंटों में आप कितना समय मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर लगाते हैं? क्या आप अपने परिवार, समाज और सहकर्मियों के साथ उसका कुछ हिस्सा भी बिताते हैं? आज के दौर में मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ही हैं जो हमें समाज से दूर कर अराजक बना रहे हैं। यदि हम अपने परिवारों में एक बात निश्चित कर लें कि दिन के 24 घंटों में एक निर्धारित समय ऐसा हो जब परिवार का हर सदस्य अपना मोबाइल छोड़ एक दूसरे से बात करे, साथ बैठ कर भोजन करे तो इस समस्या का अंत आसानी से हो जाएगा।

एक बार कुछ मित्रों ने मिलने का प्लान बनाया। एक महंगे से रेस्टोरेंट में मिलना तय हुआ। सभी मित्र अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में काफी प्रसिद्ध और संपन्न थे। सभी के हाथ में महंगे मोबाइल फोन भी थे। जैसे ही सभी मित्र इकट्ठा हुए तो जिस मित्र ने इस पार्टी का आयोजन किया उसने सभी मित्रों से कहा कि आज की पार्टी हमेशा की तरह नहीं है। जैसा कि हम सभी मित्र हमेशा करते हैं कि रेस्टोरेंट के बिल का भुगतान मिल-बांट कर करते हैं, आज ऐसा नहीं होगा। सभी ने पूछा तो फिर आज पार्टी कौन दे रहा है? इससे पहले कि उत्तर मिलता आयोजक ने टेबल के बीचों-बीच रखी एक टोकरी की ओर इशारा किया और सभी से अपना-अपना फोन उसमें रखने को कहा। फिर वो बोला कि यह समय हम सभी एक दूसरे के साथ बिताएं और अपने फोन को भी आराम करने दें। फोन की घंटी बजने पर जो भी सबसे पहले टोकरी में से अपना फोन उठाएगा वो ही सबका बिल भरेगा। इस अटपटी शर्त को सभी ने माना। बस, फिर क्या था। भले ही कइयों के फोन की घंटी बजी, लेकिन जितनी भी देर पार्टी चली किसी ने भी फोन नहीं उठाया। अंत में बिल सभी के बीच बराबर बंटा और सभी मित्रों ने कुछ पल के लिए ही सही परंतु ताजा महसूस किया। यह तो एक उदाहरण है। यदि आप खोजेंगे तो आपको इस समस्या के कई हल मिल जाएंगे और युवा हों या अन्य सभी नियंत्रित हो जाएंगे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

73 साल के बुजुर्ग को गाना गाते देख फैन हो गए थार कंपनी के मालिक

- एक वीडियो शेयर किया, जिसमें बुजर्ग को जवानिया ये मस्त मस्त गाते देखा जा सकता है

नई दिल्ली ।

थार व स्कोर्पियो बनाने वाली कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वह आए दिन कोई सीख, फनी वीडियो या अन्य कई तरह की चीजें शेयर करते रहते हैं। उन्होंने हाल ही में एक और वीडियो शेयर किया है जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति को गाना गाते देखा जा सकता है। इन शख्स का नाम डॉ. सुरेश नांबियार है और वह 73 वर्ष के हैं। यह वीडियो आईसीआईसीआई बैंक के एक कार्यक्रम का है जिसका आयोजन पिछले साल किया गया था। आनंद महिंद्रा ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर यह वीडियो शेयर किया है। महिंद्रा ने डॉ. नांबियार की उनकी प्रतिभा की सराहना की, और उन्हें हमें अपने जुनून को आवाज देने की याद दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। इस वीडियो में डॉ. नांबियार को 1986 का क्लासिक गाना जवानिया ये मस्त मस्त गाते हुए देखा जा सकता है। उनके साथ वीडियो में जाने-माने गायक शान भी दिख रहे हैं। महिंद्रा द्वारा शेयर की गई इस वीडियो पर आईसीआईसीआई बैंक ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. डॉ. नांबियार ने आईशाइन गायन श्रेणी प्रतियोगिता जीती थी।इस क्लिप को एक्स पर साझा किया गया



और इसे एक्स पर 1 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। डॉ. नांबियार ने 2023 में यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो पोस्ट किया था।

उन्होंने वीडियो का शीर्षक दिया, आईसीआईसीआई आईशाइन गायन प्रतियोगिता। यूट्यूब पर उनके 2000 से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। डॉ. सुरेश नांबियार ने संयुक्त अरब अमीरात में एक चिकित्सा व्यवसायी के रूप में काम किया और वर्तमान में एक सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं।

नए एक्सटेक स्पोर्ट्स वेरिएंट पेश

-कीमत 80 हजार रुपए से कम

नई दिल्ली । हाल ही में हीरो मोटोकार्प ने नए एक्सटेक स्पोर्ट्स वेरिएंट को पेश किया है।इसे टॉप-रेंज एक्सटेक कनेक्टेड और स्टैंडर्ड एक्सटेक ट्रिम्स के बीच रखा गया है। इस नए मॉडल की कीमत 79,738 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। एक्सटेक स्पोर्टस को अलग लुक देने के लिए इसे नए पेंट स्कीम और यूनिक ग्राफिक्स के साथ पेश किया गया है। ये उन राइडर्स के लिए खास है जो स्पोर्टी स्टाइल वाला स्कूटर चाहते हैं। एक्सटेक स्पोर्टस वेरिएंट में इसे अलग दिखाने के लिए इसमें एब्राक्स ऑरेंज ब्लू कलर स्कीम दिया गया है। इस स्कूटर में ब्लू इसका प्राइमरी कलर है और ब्लू को ऑरेंज शेड्स को कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं। साथ ही यहां साइड पैनल, फ्रंट एप्रन और फ्रंट फेंडर पर नंबर 18 भी कॉम्प्लिमेंट कर रहा है। इसके अलावा इस वेरिएंट में रेगुलर मॉडल्स से अलग दिखाने के लिए व्हील्स में ऑरेंज पिनस्ट्रिप्स और बॉडी कलर्ड ग्रैब रेल और मिरर्स दिए गए हैं। हालांकि, नए लुक के अलावा एक्सटेक स्पोर्टस टेक्निकल तौर पर बाकी एक्सटेक वेरिएंट्स जैसा ही है। इसमें 110.9सीसी इंजन दिया गया है जो 8बीएचबी की पावर और 8.7 एनएम का टॉक जनरेट करता है। यहां सीवीटी ट्रांसमिशन मिलता है। ये स्कूटर लाइटवेट है। इसका वजन 106 किग्रा है। प्लीजर प्लस एक्सटेक स्पोर्टस में सेमी-डिजिटल कंसोल दिया गया है। जो एलसीडी स्क्रीन पर कॉल और एसएमएस रिसीव करने के लिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी से इक्विप्ड है। इस मॉडल में यूनिक प्रोजेक्टर एलईडी हेडलैम्प दिया गया है। जो इस कैटेगरी में एक रेयर एडिशन है।इसकी फ्यूल टैंक कैपेसिटी 4.8 लीटर की है। इसमें 10-इंच व्हील्स, टेलिस्कोपिक फोर्क्स, एक मोनोशॉक और कंबाइंड ब्रेकिंग सिस्टम के साथ दोनों एंड पर ड्रम ब्रेक्स दिए गए हैं।

वीवो टी3 5जी फोन मिल रहा डिस्काउंट में

-एसबीआई कार्ड और एचडीएफसी कार्ड मिल रही छूट

नईदिल्ली ।

पिछले हफ्ते वीवो टी3 5जी फोन लॉन्च किया गया था। इस धांसू फोन की पहली सेल रखी गई है। अगर आपके पास एसबीआई कार्ड और एचडीएफसी कार्ड है तो आप फोन की खरीद पर 2,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट पा सकेंगे। एक्सचेंज ऑफर के तहत भी फोन पर 2,000 रुपये का डिस्काउंट मिल जाएगा। वीवो के इस फोन की सबसे खास बात इसका 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स 822 प्राइमरी कैमरा और 44 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है। ग्राहक इस फोन को कॉस्मिक ब्लू और क्रिस्टल फ्लेक कलर ऑप्शन में खरीद सकते हैं। फीचर्स के तौर पर वीवो टी3 5जी में 6.67-इंच का एफएचडी+ अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। इसका डिस्प्ले 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 1800 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आता है। इस स्मार्टफोन में 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज दी गई है। ये फोन एंड्राएड 14 पर बेस्ड फनटच ओएस 14 पर काम करता है। साथ ही इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 7200 5जी प्रोसेसर मौजूद है।

पावर के लिए वीवो के इस फोन में 5,000 एमएएच की बैटरी मिलती है और ये 44वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।कैमरे के तौर पर वीवो के इस लेटेस्ट फोन में 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स82 प्राइमरी कैमरा ओआईएस, 4के वीडियो रिकॉर्डिंग, 2एक्स पोर्ट्रेट जूम और सुपर नाइट मोड मिलता है। इसके अलावा इसमें एक 2 मेगापिक्सल का बोके कैमरा भी ग्राहकों के लिए मौजूद है। सेल्फी के लिए इस फोन के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है।

आईपीओ के जरिए केनेरा रोबेको एएमसी में बेचेगा हिस्सेदारी

नई दिल्ली ।

केनरा बैंक ने अपनी सहायक कंपनी केनेरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट में 13 प्रतिशत इक्विटी शेयर बेचने की योजना बनाई है। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने एक्सचेंजों को एक फाइलिंग में कहा कि उसने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी कम करने की प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, प्रस्तावित आईपीओ पर भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग से मंजूरी मिलना अभी बाकी है। बता दें कि केनरा बैंक ने दिसंबर 2023 में आईपीओ के जरिए अपनी म्यूचुअल फंड सहायक कंपनी को लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। यदि केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट होती है तो यह पांचवां लिस्टेड म्यूचुअल फंड हाउस होगा।

एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी, यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी, आदित्य बिड़ला सन

लाइफ एएमसी और निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट पहले से लिस्टेड 4 म्यूचुअल फंड हाउस हैं।

केनरा रोबेको एएमसी की स्थापना 1993 में हुई थी और इसे कैनबैंक म्यूचुअल फंड के नाम से जाना जाता था। 2007 में केनरा बैंक ने रोबेको समूह के साथ एक संयुक्त उद्यम (जेवी) साझेदारी में प्रवेश किया और म्यूचुअल फंड का नाम बदलकर केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड कर दिया गया। बता दें कि रोबेको ओरिक्स कारपोरेशन (जापान) का हिस्सा है।

गुड फ्राइडे पर शेयर बाजार बंद

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर बंद रहेंगे, आज एनएसई-बीएसई में कारोबार नहीं होगा। शुक्रवार को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग सेगमेंट में कारोबार बंद रहेगा। एक्सचेंजों की तरफ से जारी हॉलीडे कैलेंडर के मुताबिक, करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट भी बंद रहेगा। इसके अलावा धातु और सर्राफा समेत थोक जिंस बाजार भी बंद रहेंगे। सिक्योरिटीज को उधार देना और लेना भी नहीं होगा। बता दें कि 25 मार्च से लेकर 29 मार्च तक भारतीय शेयर बाजार केवल तीन सत्र के लिए ही खुला। 25 मार्च को होली थी और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारण बाजार बंद हैं। वहीं 30 मार्च शनिवार और 31 मार्च रविवार को भी बाजार में कारोबार नहीं होगा। अब शेयर बाजार में कारोबार सोमवार 1 अप्रैल से शुरू होगा। 1 अप्रैल से देश का नया वित्त वर्ष 2024-2025 भी शुरू हो जाएगा। वहीं इस साल भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में वीकली ऑफ को छोड़कर कुल 10 कारोबारी छुट्टियां रहेंगी। अप्रैल में बाजार दो दिन बंद रहेंगे जबकि मई, जून, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में एक-एक छुट्टी रहेगी। 10 या 11 अप्रैल- ईद उल फितर, 17 अप्रैल- राम नवमी, 1 मई- महाराष्ट्र दिवस,

17 जून- बकरीद, 17 जुलाई- मुहर्रम, 15 अगस्त- स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्टूबर- महात्मा गांधी जयंती, 1 नवंबर- दिवाली लक्ष्मी पूजन, 15 नवंबर- गुरुनानक जयंती और 25 दिसंबर- क्रिसमस को शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा।

एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस को मिले जीएसटी मांग के आदेश

मुंबई । एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने कहा कि कंपनी को कथित रूप से कर के कम भुगतान के लिए 27 करोड़ से अधिक के जीएसटी मांग के आदेश (ऑर्डर) मिले हैं। दो अलग-अलग नियामकीय सूचनाओं में, बीमाकर्ता ने कहा कि कंपनी को जीएसटी के कथित कम भुगतान और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावे के बेमेल होने के लिए अधिकारियों से 16.5 करोड़ रुपए और 10.5 करोड़ रुपए से अधिक के कर मांग आदेश प्राप्त हुए हैं। मांग आदेशों में ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह जीएसटी मांग आदेश के खिलाफ अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी।

फेसबुक का न्यूज टैब होगा समाप्त

लॉस एंजिलिस । मेटा अप्रैल की शुरुआत में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के उपयोगकर्ताओं के लिए फेसबुक न्यूज फीचर को समाप्त करने पर विचार कर रहा है। यह सुविधा ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी में पिछले साल बंद कर दी गई थी। फेसबुक न्यूज टैब की शुरुआत 2019 में की गई थी और इसमें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय समाचार संस्थानों के साथ छोटे और स्थानीय प्रकाशनों की खबरों को जारी किया जाता है। मेटा का कहना है कि उपयोगकर्ता अभी भी समाचार लेखों के लिंक देख पाएंगे और समाचार संस्थान अन्य आम लोगों या संस्थाओं की तरह अब भी अपनी खबरें पोस्ट कर पाएंगे और वेबसाइट का प्रचार कर सकेंगे। मेटा ने अपने मंच पर दुष्प्रचार वाले तरीकों से निपटने को लेकर पिछले कुछ सालों में हुई आलोचना के बाद खबरों और राजनीतिक सामग्री पर जोर नहीं देने का फैसला किया है। मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घोषणा राजनीतिक विषयवस्तु को संलने की दिशा में हमारे सालों के कामकाज का विस्तार है। यह इस पर आधारित है कि लोग हमसे क्या चाहते हैं। मेटा ने यह भी कहा कि न्यूज टैब उसके फैक्ट चेक नेटवर्क और गलत सूचनाओं की समीक्षा करने के तौर-तरीकों को प्रभावित नहीं करेगा।

2000 रुपये के नोट 1 अप्रैल को नहीं बदले जाएंगे- आरबीआई

नई दिल्ली । भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने घोषणा की है कि सोमवार 1 अप्रैल को, 2,000 रुपये के बैंक नोटों का एक्सचेंज या डिपॉजिट देश भर में उसके 19 इश्यू ऑफिसों में उपलब्ध नहीं होगा। इसका कारण खातों के वार्षिक समापन से संबंधित गतिविधियां हैं। यह रोक केवल 1 अप्रैल, 2024 के लिए है। 2 अप्रैल, 2024 से आप 2000 रुपये के नोटों को पहले की तरह बदल और जमा कर पाएंगे। आरबीआई ने बयान दिया, 1 अप्रैल 2024 को 2000 रुपये के नोटों को बदलने या जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यह रोक खातों के सालाना समापन से जुड़े कार्यों के कारण लागू की जा रही है। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। 29 फरवरी, 2024 तक, लगभग 97.62 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए थे। 2,000 रुपये के नोटों का 2.38 फीसदी (लगभग 8,470 करोड़ रुपये) अभी भी जनता के पास है। 2000 रुपये के नोट बदलने या जमा करने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2023 थी। यदि आपके पास अभी भी 2000 रुपये के नोट हैं, तो आप उन्हें देश भर में स्थित आरबीआई कार्यालय जमा कर सकते हैं या आरबीआई ऑफिस में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के नोट भेज सकते हैं। नोटों को आपके बैंक खाते में जमा किया जाएगा।आप अपने बैंक में जाकर 2000 रुपये के नोट बदल सकते हैं या जमा कर सकते हैं।

एलन मस्क ने एक्स को लेकर की बड़ी घोषणा

वाशिंगटन ।

एलन मस्क ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर हाई-प्रोफाइल उपयोगकर्ताओं के लिए एक नए लाभ की घोषणा की। मस्क ने घोषणा की कि जिन एक्स अकाउंट होल्डर्स के 2,500 वेरिफाइड सब्सक्राइबर फॉलोअर होगा, उन्हें प्रीमियम फीचर्स फ्री मिलने वाले है। वहीं जिन अकाउंट होल्डर्स के 5,000 होंगे, उन्हें प्रीमियम+ फ्री मिलेगा। इस तरह अब बहुत से एक्स यूजर्स को मुफ्त में ब्लू टिक पाने का मौका मिलेगा। हालांकि यह एक पेड सर्विस है और यूजर्स को इसके लिए हर महीनें रुपये खर्च करने पड़ते हैं। दरअसल, एक्स प्रीमियम प्लान की कीमत 650 रुपये महीना है और सलाना की कीमत 6800 रुपये है।

जैसा कि मस्क ने उल्लेख किया है, 2,500 से अधिक वेरिफाइड कस्टमर वाले अकाउंट्स को प्रीमियम लेवल तक पहुंच मिलेगी। हालांकि पूरी जानकारी की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन वर्तमान पेशकशों के आधार पर, प्रीमियम भत्तों में पोस्ट के लिए विस्तारित वर्ण सीमा शामिल होने की संभावना है। प्रीमियम ग्राहक 3 घंटे तक लंबे और 8 जीबी फाइल आकार तक के वीडियो भी अपलोड कर सकते हैं (केवल आईओएस के लिए एक्सडॉट काम और एक्स पर)। इसके अलावा, एक प्रीमियम ग्राहक के रूप में, आप समान रुचियों वाले लोगों से जुड़ने के लिए एक्स पर एक समुदाय बना सकते हैं। प्रीमियम टियर सब्सक्राइबर्स को फॉर यू

और फॉलोइंग टाइमलाइन में लगभग 50 प्रतिशत कम विज्ञापन दिखाई देते हैं। हालांकि मस्क की ऊपर बताई गई शर्तों को पूरा करने के बाद ही आप फ्री में ये प्लान इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे बड़े प्रभावशाली लोगों, जिनके पास 5,000 से अधिक सत्यापित ग्राहक हैं, को प्लेटफ़ॉर्म का उच्चतम स्तर, प्रीमियम+ प्राप्त होगा। इसमें संभावित रूप से सभी प्रीमियम सुविधाओं के साथ-साथ अतिरिक्त लाभ भी शामिल हैं, जैसे नियमित उपयोगकर्ताओं के लिए मुद्रीकरण विकल्प उपलब्ध नहीं हैं, जिनमें संभावित रूप से केवल-ग्राहक सामग्री या सुविधाएं शामिल हैं। उन्हें एक्स पर उन्नत चैटबॉट सहायक ग्रोकएआई तक भी पहुंच मिलती है।

आईआईएफएल 25 करोड़ में खरीदेगी आरडीसीएल में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी

मुंबई । आईआईएफएल होम फाइनेंस संस्थापक सदस्य के तौर पर 25 करोड़ रुपये के निवेश से आरएमबीएस डेवलपमेंट कंपनी कंसोर्टियम में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस, आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस, हीरो हाउसिंग फाइनेंस और गृहम हाउसिंग फाइनेंस जैसे कर्जदाताओं ने 500 करोड़ रुपये के निवेश से आरएमबीएस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (आरडीसीएल) बनाने के लिए नेशनल हाउसिंग बैंक और एलआईसी के साथ समझौता किया है। आईआईएफएल के अनुसार आरडीसीएल का उद्देश्य आवासीय ऋण प्रतिभूति (आरएमबीएस) बाजार को पुनर्जीवित करना और किफायती आवास के वित्तपोषण के लिए इसकी क्षमता को खोलना है। आईआईएफएल होम फाइनेंस के पास दिसंबर, 2023 तक प्रबंधन के अधीन संपत्तियां (एयूएम) 32,000 करोड़ रुपये से अधिक थीं। पिछले आठ साल में यह 38 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी

नई दिल्ली ।

तेल कंपनियों ने 29 मार्च को पेट्रोल और डीजल के ताजा भाव जारी कर दिया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं आया है। शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतें एक समान हैं और जनता को कोई राहत नहीं मिली है। देश के महानगरों में पेट्रोल-डीजल के दाम- दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये और डीजल 92.13 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर है। बेंगलुरु में पेट्रोल की कीमत 99.84 रुपये और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर है। अन्य शहरों में पेट्रोल-डीजल के ताज़ा भाव- नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.4 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर

में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

देश के प्रमुख आठ शहरों में नई आवासीय आपूर्ति जनवरी-मार्च में 15 फीसदी घटी

नई दिल्ली ।

देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च में आवासीय संपत्तियों की नई इकाइयों की आपूर्ति 15 प्रतिशत गिरकर 69,143 इकाई रह गई। एक रियल एस्टेट सलाहकार ने आठ प्रमुख शहरों की प्राथमिक (पहली बिक्री) में नई आवासीय संपत्तियों की आपूर्ति से जुड़े आंकड़े शुक्रवार को जारी किए। आंकड़ों के अनुसार नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु और मुंबई में बढ़ी लेकिन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, कोलकाता तथा अहमदाबाद में इसमें गिरावट आई। इस तिमाही (जनवरी-मार्च) में आवासीय संपत्तियों की कुल आपूर्ति में हाई-एंड एंड लग्जरी खंड की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत रही। चालू तिमाही में कुल पेशकश में सूचीबद्ध, बड़े तथा क्षेत्रीय रूप से प्रतिष्ठित डेवलपर्स की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से अधिक रही। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2024 में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति एक साल पहले की समान अवधि में 81,167 इकाइयों से घटकर इस साल 69,143 इकाई रह गई। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में हाई-एंड एंड लग्जरी संपत्तियों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह बदलाव मकान खरीदने वालों की उच्च गुणवत्ता वाली संपत्ति के रूप में निवेश करने की बढ़ती इच्छा में बदलाव और उनकी जीवन शैली की आकांक्षाओं को दिखाता है।

वारबर्ग पिन्कस ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली । निजी इक्विटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वारबर्ग पिन्कस ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये निजी क्षेत्र के ऋणदाता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में अपनी पूरी 2.25 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,195 करोड़ रुपये में बेच दी। वारबर्ग पिन्कस ने बीएसई में अपने सहयोगी क्लोवरडेल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के माध्यम से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर बेचे। बीएसई के पास उपलब्ध थोक सौदे के आंकड़ों के अनुसार क्लोवरडेल इन्वेस्टमेंट ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के 15.88 करोड़ से अधिक शेयर बेचे। शेयरों का निपटान औसतन 75.24 रुपये प्रति शेयर के भाव पर किया गया। इससे यह सौदा 1,195.21 करोड़ रुपये होता है। दिसंबर 2023 तक वारबर्ग पिन्कस के पास अपनी सहयोगी के माध्यम से मुंबई मुख्यालय वाले आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 2.25 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। शेयर खरीदने वालों की जानकारी नहीं मिल पाई है। गुरुवार को बीएसई पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का शेयर 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.39 रुपये पर बंद हुआ।

सनातन धर्म ने हर एक हरकत को नियम में बांधा है और हर एक नियम को धर्म में। ये नियम ऐसे हैं जिससे आप किसी भी प्रकार का बंधन महसूस नहीं करेंगे, बल्कि ये नियम आपको सफल और निरोगी ही बनाएँगे। नियम से जीना ही धर्म है।

भोजन के नियम

- भोजन की थाली को पाट पर रखकर भोजन किसी कुश के आसन पर सुखासन में (आल्की-पाल्की मारकर) बैठकर ही करना चाहिए।
- कांसे के पात्र में भोजन करना निषिद्ध है।
- भोजन करते वक्त मौन रहने से लाभ मिलता है।
- भोजन भोजन कक्ष में ही करना चाहिए।
- भोजन करते वक्त मुख दक्षिण दिशा में नहीं होना चाहिए।
- जल का गिलास हमेशा दाईं ओर रखना चाहिए।
- भोजन अँगूठे सहित चारों अँगुलियों के मेल से करना चाहिए।
- परिवार के सभी सदस्यों को साथ मिल-बैठकर ही भोजन करना चाहिए।
- भोजन का समय निर्धारित होना चाहिए।
- दो वक्त का भोजन करने वाले के लिए जरूरी है कि वे समय के पाबंद रहें।
- संध्या काल के अस्त के पश्चात भोजन और जल का त्याग कर दिया जाता है।

भोजन करते वक्त

इन बातों का ध्यान रखना जरूरी...

शास्त्र कहते हैं कि योगी एक बार और भोगी दो बार भोजन ग्रहण करता है। रात्रि का भोजन निषेध माना गया है। भोजन करते वक्त थाली में से तीन ग्रास (कोल) निकालकर अलग रखे जाते हैं तथा अंजुली में जल भरकर भोजन की थाली के आसपास दाएँ से बाएँ गोल घुमाकर अंगुली से जल को छोड़ दिया जाता है।

जल के नियम

- भोजन के पूर्व जल का सेवन करना उत्तम, मध्य में मध्यम और भोजन पश्चात करना निम्नतम माना गया है।
- भोजन के 1 घंटे पश्चात जल सेवन किया जा सकता है।
- भोजन के पश्चात थाली या पत्तल में हाथ धोना भोजन का अपमान माना गया है।
- पानी छना हुआ होना चाहिए और हमेशा बैठकर ही पीया जाता है।
- खड़े रहकर या चलते-फिरते पानी पीने से ब्लॉडर और किडनी पर जोर पड़ता है।
- पानी गिलास में घूंट-घूंट ही पीना चाहिए।
- अंजुली में भरकर पिए गए पानी में मिठास उत्पन्न हो जाती है।
- जहाँ पानी रखा गया है वह स्थान ईशान कोण का हो तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। पानी की शुद्धता जरूरी है।

विशेष : भोजन खाते या पानी पीते वक्त भाव और विचार निर्मल और सकारात्मक होना चाहिए। कारण कि पानी में बहुत से रोगों को समाप्त करने की क्षमता होती है और भोजन-पानी आपकी भावदशा अनुसार अपने गुण बदलते रहते हैं।

अंगुली से छोड़ा गया जल देवताओं के लिए और अंगूठे से छोड़ा गया जल पितरों के लिए होता है। यहाँ सिर्फ देवताओं के लिए जल छोड़ा जाता है। यह तीन कोल ब्रह्मा, विष्णु और महेश के लिए या मन कथन अनुसार गाय, कौआ और कुत्ते के लिए भी रखा जा सकता है।भोजन के तीन प्रकार :

- जैसा खाओगे अन्न वैसा बनेगा मन। भोजन शुद्ध और सात्विक होना चाहिए। शास्त्रों में कहा गया है कि सात्विक भोजन से व्यक्ति का मन सकारात्मक सोच वाला व मस्तिष्क शांतिमय बनता है। इससे शरीर स्वस्थ रहकर निरोगी बनता है।
- राजसिक भोजन से उत्तेजना का संचार होता है जिसके कारण व्यक्ति में क्रोध तथा चंचलता बनी रहती है।
- तामसिक भोजन द्वारा आलस्य, अति नींद, उदासी, सेक्स भाव और नकारात्मक धारणाओं से व्यक्ति ग्रासित होकर चेतना को गिरा लेता है।

क्यों नहीं रखते

पूर्व और दक्षिण दिशा में पैर?

क्या आप सोते समय अपने पैर दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर रखते हैं। हिंदू शास्त्रों और वास्तुविदों के अनुसार यह अनुचित है। इससे आपकी ऊर्जा का क्षरण होगा साथ ही आपकी मानसिक स्थिति भी बिगड़ जाएगी। इससे हृदय पर भी गलत प्रभाव पड़ता है। आओ जानते हैं कि क्यों नहीं रखते पूर्व और दक्षिण दिशा की ओर पैर।

दक्षिण दिशा : विज्ञान की दृष्टिकोण से देखा जाए तो पृथ्वी के दोनों ध्रुवों उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में चुम्बकीय प्रवाह विद्यमान है। दक्षिण में पैर रखकर सोने से व्यक्ति की शारीरिक ऊर्जा का क्षय हो जाता है और वह जब सुबह उठता है तो थकान महसूस करता है, जबकि दक्षिण में सिर रखकर सोने से ऐसा कुछ नहीं होता। उत्तर दिशा की ओर धनात्मक प्रवाह रहता है और दक्षिण दिशा की ओर ऋणात्मक प्रवाह रहता है। हमारा सिर का स्थान धनात्मक प्रवाह वाला और पैर का स्थान ऋणात्मक प्रवाह वाला है। यह दिशा बताने वाले चुम्बक के समान है कि धनात्मक प्रवाह वाले आपस में मिल नहीं सकते। हमारे सिर में धनात्मक ऊर्जा का प्रवाह है जबकि पैरों से ऋणात्मक ऊर्जा का निकास होता रहता है। यदि हम अपने सिर को उत्तर दिशा की ओर रखेंगे को उत्तर की धनात्मक और सिर की धनात्मक तरंग एक दूसरे से विपरित भागेगी जिससे हमारे मस्तिष्क में बेचैनी बढ़ जाएगी और फिर नींद अच्छे से नहीं आएगी। लेकिन जैसे तैसे जब हम बहुत देर जागने के बाद सो जाते हैं तो सुबह उठने के बाद भी लगता है कि अभी थोड़ा और सो लें। जबकि यदि हम दक्षिण दिशा की ओर सिर रखकर सोते हैं तो हमारे मस्तिष्क में कोई हलचल नहीं होती है और इससे नींद अच्छी आती है। अत- उत्तर की ओर सिर रखकर नहीं सोना चाहिए।

पूर्व दिशा : पश्चिम दिशा में सिर रखकर नहीं सोते हैं क्योंकि तब हमारे पैर पूर्व दिशा की ओर होंगे जो कि शास्त्रों के अनुसार अनुचित और अशुभ माने जाते हैं। पूर्व में सूर्य की ऊर्जा का प्रवाह भी होता है और पूर्व में देव-देवताओं का निवास स्थान भी माना गया है। सोने के तीन से चार घंटे पूर्व जल और अन्य का त्याग कर देना चाहिए। शास्त्र अनुसार संध्याकाल बितने के बाद भोजन नहीं करना चाहिए।



टाईम पास

आज का राशिफल

मेंष — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

वृष — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

मिथुन — का की कू घ ड छ के को हा

व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

कर्क — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

सिंह — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

कन्या — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

तुला — रा री रु रे रो ता ती तू ते

स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

वृश्चिक — तो ना नी नू ने नो य यी यू

आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8

धनु — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

मकर — मे जा जी खी खू खे खो गा गी

लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

कुंभ — गू गे गो सा सी सू से सो दा

कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

मीन — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

काकुरो पहेली - 3136



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो -3135 का हल



लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

□ □ □

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।

□ □ □

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 3136



बायें से दायें:-

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

ऊपर से नीचे:-

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3135

आ	ई	मि	ल	न	की	बे	ला		श
गा		ल		गिं		ना		मि	ली
ज	मी	न		स	न	म			मा
	ना		सु		गी		पिं	ज	र
ज		प	र	वा	न			ल्ला	
ग	द	र		स्त		दो	ब	द	न
ल		ख		व	ध		ल		व
	क		ना		न	ग	मा		रं
श	ह	जा	दा		वा			रं	ग
	र		न	या	न	श		भा	

सूडोकु -3136

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3135 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

शब्द पहेली - 3136



बाएँ से दाएँ

1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर -4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -3135 का हल

	बं	दा	न	वा	ज		आ	स	मा	न	
न	दी		र		ल	बा	दा		र	जा	
ब		ज	म	ज	म		ब	री		क	
जी	म	ना			ह	ठ		ता	क	त	
ब		चा		जे	ल		पे		ता		
न	ग	र	से	ठ		फ	ट	का	र	ना	
	री		ना		स	ना		रो		म	
सु	ब	ह		दा	म			बा	री	क	
र		क	श		झ	न	का	र		र	
ता	प		प	र	दा		म		क	ण	
ल	थ	प	थ		र	च	ना	का	र		

पंजाब के खिलाफ लखनऊ को जीत के लिए करने होंगे ऑलराउंडर प्रयास

बेंगलुरु (एजेंसी)। केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाये थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी।

आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आसहोगी।

एलएसजी की सफलता आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी जो पिछले साल 408 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें।

सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये हैं। वहीं आल राउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाये हैं। उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा।

तेज गेंदबाजी विभाग में कागिसो रबाडा को करन, अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से और अधिक सहयोग की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

टीम

लखनऊ सुपर जाइंट्स- केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान

पंजाब किंग्स- शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची, इवान-ऑस्टिन से होगा खिताबी मुकाबला



मियामी (एजेंसी)। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी।

बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे।

बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

यह शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ आखिरी ओवर था, दिल्ली के खिलाफ जीत के बाद बोले आवेश खान

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने जो आखिरी ओवर फेंका था वह शायद डेथ ओवरों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। भारत के तेज गेंदबाज को गुरुवार रात आखिरी ओवर में 17 रनों का बचाव करना था और वह एक के बाद एक यॉर्कर डालते हुए आराम से ऐसा करने में सफल रहे। दिल्ली उस ओवर में केवल चार रन ही बना सकी जिससे घरेलू टीम की 12 रन से जीत सुनिश्चित हो गई। सीजन में, लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आवेश को रॉयल्स के साथ ट्रेड किया था। आवेश ने कहा, 'यह पहली बार नहीं है कि मैंने आखिरी ओवर फेंका है। पिछले साल मैंने राजस्थान के खिलाफ बचाव किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेला था (वहां आखिरी ओवर भी फेंका था), यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओवर था। सभी गेंदें एक ही स्थान पर थीं, वाइड यॉर्कर।' 27 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी बताया कि जब वह एलएसजी के लिए आए थे

तो पिछले सीज़न की तुलना में उनकी भूमिका कैसे बदल गई है। उन्होंने कहा, 'लखनऊ और डीसी में मैं पहले एक ओवर या पावरप्ले में दो ओवर गेंदबाजी करता था। यहां मैं पावरप्ले के बाद दो ओवर गेंदबाजी करता हूं और डेथ ओवर में भी मुझे गेंदबाजी करने का मौका मिलता है। टीम प्रबंधन और संजू (सैमसन) गेंदबाजी करने की आजादी देते हैं। योजनाएं और उससे मदद मिल रही है। संजू गेंदबाजों के कप्तान हैं।' अवेश ने कहा, 'आज रात कोई ओस कारक नहीं था और इससे मुझे सटीक होने में मदद मिली। ओस कभी-कभी प्रभावित कर सकती है।'

हैदर नाइट और नेट साइवर के दम पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया

वेलिंगटन (एजेंसी)। कप्तान हैदर नाइट की 35 रनों की पारी और नेट साइवर ब्रंट हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड की महिला टीम को पांच विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की टीम ने 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में माया बूशेर छह रन का विकेट खोया। आठवें ओवर में ऐलिस कैप्सी भी 25 रन और उसके बाद डेनिएल वायट ने 21 रन बनाकर आउट हो गई। उस समय टीम का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था।

नेट साइवर ब्रंट और कप्तान हैदर नाइट ने पारी को संभालते हुए स्कोर को 121 रन तक ले गई। ब्रंट ने 27 गेंदों में 31 रन बनाये। वहीं हैदर नाइट ने टीम के लिए 28 गेंदों मे सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। एमी जोंस और सोफिया डंकली छह-छह रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने तीन विकेट लिए। लियाह तहुहू और रोजमेरी मेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही

और उसने अपने चार विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। सूजी बेट्स 11 रन, बर्नडीन बिजुदिनाउट एक रन, कप्तान एमेलिया केर पांच रन, जॉर्जिया प्लिमर 12 रन, और मैडी ग्रीन 10 रन बनाकर आउट हुई। ब्रूक हैलिडे और इसाबेला गेज ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला और छठे विकेट लिये 56 रनों की साझेदारी की। यह न्यूजीलैंड की ओर से छठे विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी है। हैलिडे ने 33 रन बनाए। गेज ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रनों की पारी खेली। जेस केर छह रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड की टीम ने गेज की शानदार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लस्टन ने तीन विकेट लिये। नेट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। शार्लेट डीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

एंडी मरे मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे

लंदन - एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जाएगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बाएं टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाएंगे। उनकी प्रबंधन टीम के बयान के अनुसार, 'इस समय अभी तक स्पष्ट नहीं है कि एंडी कितने लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे। वह अपनी चिकित्सा टीम के साथ विकल्पों की समीक्षा जारी रखेंगे।' इसमें कहा गया, 'निश्चित रूप से यह एंडी के लिए बहुत ही निराशाजनक खबर है और उन्होंने दोहराया है कि वह जितना जल्दी हो सके कोर्ट पर वापसी करने के इच्छुक हैं।' मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6(5) से हार गए थे।

दूसरी हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने खिलाड़ी में भरा जोश

हैदराबाद। आईपीएल मैच में इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपनी टीम का आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। हार्दिक ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने टीम की लगातार दूसरी हार के बाद अपनी टीम को हिम्मत दी है और लिखा कि टीम से बुरी या अच्छी स्थिति में एक-दूसरे की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों की ही सबसे कठिन परीक्षा होती है। हार्दिक ने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों को सबसे कठिन परीक्षा मिलती है, हम इस टूर्नामेंट में सबसे कठिन टीम हैं, कोई भी जो बल्लेबाजी समूह के रूप में हम जहां तक ??पहुंचे है उसके करीब पहुंच सकता है या कुल मिलाकर हम ही हैं - आइए यह तय करें कि हम एक-दूसरे की मदद करेंगे; खराब या अच्छा। हम साथ रहेंगे। बुधवार को इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले मैच में मुंबई इंडियंस 31 रन से हार गया था। यह उसकी दूसरी हार थी। वहीं सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मैच को लेकर कहा मैच अच्छा हुआ, भले ही मुंबई ने 277 रन दिए। उन्होंने कहा कि मुंबई ने अपनी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की। तेंदुलकर ने कहा कि दूसरे हाफ में, 277 रन बनाने के बावजूद 10 ओवरों में कोई नहीं जानता था कौन जीतेगा। लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। यह भी साफ है कि मुंबई इंडियंस ने अच्छी बल्लेबाजी की। सभी खिलाड़ी मजबूती से एक साथ रहें। अभी और भी कठिन क्षण आने वाले हैं, हम एक साथ रहेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे।

शॉ को टीम से बाहर करने पर नाराज हुआ ये पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का कोई मतलब नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने सुझाव दिया कि डीसी को आगामी मैचों के लिए शॉ का चयन करना चाहिए। मूडी ने बताया कि जबकि शॉ हाल के सीजन में अप्रभावी रहे हैं, उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अनुभव को देखते हुए रिकी भुई के स्थान पर उन्हें चुनना अधिक प्रशंसनीय विकल्प है।

मूडी ने कहा, इसका कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आपके पास डगआउट में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (पृथ्वी शॉ) है। हां, मैं मानता हूं कि शॉ ने आईपीएल में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम सभी को उम्मीद थी कि वह करेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह रन बनाएगा। वह डगआउट से रन नहीं बना पाएगा। शॉ को इस सीजन में दिल्ली के पहले दो मैचों के लिए बाहर कर दिया गया था। घरेलू क्रिकेट स्टार

रिकी भुई ने अपने मौकों का फायदा नहीं उठाया और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ क्रमश- 3 और 0 रन बनाए।

इसके साथ एक अन्य भारतीय खिलाड़ी वसीम जाफर ने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया कि आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी के लिए रखने के बावजूद दिल्ली ने शॉ को नहीं खिलाया। डीसी के शुरुआती दो मुकाबलों में इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज को बाहर किए जाने के जवाब में वसीम ने कहा, अब जब उन्होंने उस पकड़ लिया है और उस नीलामी में नहीं जाने दिया है, तब मुझे आश्चर्य है कि वे उस नहीं खिला रहे हैं। वह ज्यादातर समय मुंबई के लिए खेला है। आप कल्पना करेंगे कि वह फिट है। मैं आश्चर्यचकित हूं। उसे दंडित करना और फिर गेम हारना आगे बढ़ने का तरीका नहीं है। शॉ को आईपीएल 2023 में घटिया प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने आठ पारियों में 13.25 की औसत से 106 रन बनाए।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम आईपीएल 2024 में अपना खाता खोलने के लिए बेताब है और अब उनका अगला मुकाबला रविवार को मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।

फांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी पुलिस और सैन्य मदद मांगी

पेरिस। फांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है। मंत्रालय ने कहा, 'यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मेजबान देशों का एक सामान्य दृष्टिकोण है।' इसमें कहा गया है कि फ्रांस ने 2022 में कतर में फुटबॉल विश्व कप में अपने 200 जवानों को भेजा था और पिछले साल फ्रांस द्वारा आयोजित रग्बी विश्व कप की सुरक्षा के लिए यूरोपीय देशों के 160 सुरक्षाबल आए थे। इसके अलावा सेना के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल पियरे गौडिलियेर ने कहा कि फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने अन्य देशों से 'छोटी संख्या' में सैन्य कर्मियों की मांग की है जो खोजी कुत्तों की टीमों सहित खेलों में 'बहुत विशिष्ट' कार्यों में मदद कर सकें। पोलैंड के रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका देश पेरिस खेलों के लिए सैनिक भेजेगा।

तीनों प्रारूपों के साथ ही लीग क्रिकेट में नाम कमाना चाहते हैं शमार जोसेफ

जमैका (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कहा है कि वह तीनों ही प्रारूपों में अपनी टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। जोसेफ के अनुसार इसी लिए वह अपनी फिटनेस को बनाये रखने का प्रयास करते हैं। इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चोटिल होने के बाद भी गाबा टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जोसेफ के अनुसार वह तीनों प्रारूपों के साथ ही विश्वभर की टी20 लीग में भी खेलना चाहते हैं।वेस्टइंडीज के कई खिलाड़ियों की तरह ही वह भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और बिग बैश जैसे टी20 लीग में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आईपीएल लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में मार्क वुड के विकल्प के तौर पर शामिल जोसेफ ने कहा कि मैं अपने कौशल को बढ़ाने के लिए दुनिया भर में खेलना पसंद करूंगा पर मुझे जब भी अवसर मिलेगा मैं वेस्टइंडीज की ओर से खेलने के लिए भी तैयार रहूंगा।

जोसेफ ने कहा कि अगले कुछ साल में उनकी फिटनेस से यह साबित होगा कि वह कितना क्रिकेट खेल पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी फिटनेस पर भरोसा है और लगता नहीं है कि इससे मुझे कोई परेशानी होगी। मेरे सामने लंबा करियर है और ऐसे में फिटनेस काफी अहम होगी। मैं वेस्टइंडीज के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहूंगा। मैं निश्चित तौर पर उनके लिए समय निकालूंगा। उन्होंने अब तक के अपने करियर में गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए केवल दो टी20 मैच खेले हैं पर आईपीएल में उन्हें इस प्रारूप की बारिकियों को सीखने का अवसर मिलेगा। जोसेफ ने कहा कि यह लाल गेंद से सफेद गेंद क्रिकेट में अपने को ढालने के बारे में है। इसमें कुछ अन्य बदलाव भी होंगे और मुझे मिलने वाले हर अवसर से सीखने को मिलेगा। मैंने टेस्ट खेलने का आनंद लिया और अब मैं अपने सफेद गेंद के खेल में सुधार करूंगा। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि मैं सभी अनुभवी खिलाड़ियों से बात कर रहा हूं, अनुभवी खिलाड़ियों से सीख रहा हूं और इस पल का आनंद ले रहा हूं।

जोसेफ को इस बात की खुशी है कि वह आईपीएल के दौरान जस्टिन लैंगर के इर्द गिर्द रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन दिग्गजों और खिलाड़ियों के बीच रहना हमेशा बहुत अच्छा लगता है जो आपको प्रेरित करते हैं।

आयरलैंड में टी20 श्रृंखला खेलेगा पाकिस्तान, पीसीबी ने जारी किया शेड्यूल

इस्लामाबाद : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2009 में टी-20 मैच खेला गया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा। द मेन इन ग्रीन में पाकिस्तान के साथ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला की न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड श्रृंखला के बाद पाकिस्तान 22 से 28 मई के बीच इंग्लैंड के साथ चार मैच खेलेगा।

नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा।

चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था। चोपड़ा का मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च और ग्रेनेडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों से होगा। वडलेज्च तोक्यो ओलंपिक में रजत और 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीता था।

चोपड़ा ने कहा कि इस साल, मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य अपने ओलंपिक खिताब की रक्षा करना है, लेकिन 90 मीटर की बाधा को पार करना भी मेरे लिए बहुत मायने रखेगा। दोहा चरण में अच्छी परिस्थितियों और शानदार माहौल के बीच सत्र को बेहतरीन तरीके से शुरू करने का अच्छा मौका होगा। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया भर में और कतर में भारतीयों से मिलने वाले गर्मजोशी भरे समर्थन से हमेशा अभिभूत रहता हूं। मैं भाग्यशाली महसूस करता हूं कि इतने सारे लोग मेरा समर्थन करने आते है। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छे प्रदर्शन के साथ उनके विश्वास का बदला चुका सकूंगा।

दोहा मीट 2024 डायमंड लीग सीरीज का तीसरा चरण है। डायमंड लीग 4 अलग-अलग महाद्वीपों में कुल 15 चरण में आयोजित होता है। इसका आगाज 20 अप्रैल को जियामेन से हुआ जबकि ब्रुसेल्स (13-14 सितंबर) में इसके आखिरी चरण का आयोजन होगा। जियामेन और शंघाई में आयोजित पहली 2 डायमंड लीग चरण में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को शामिल नहीं किया गया था।

पूजा वस्त्राकर ने पहले शेयर की पीएम मोदी-शाह से जुड़ी विवादित पोस्ट, डिलीट कर मांगी माफी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट महिला टीम की ऑलराउडंर पूजा वस्त्राकर के इंस्टाग्राम से शुक्रवार को वसूली टाइटंस शीर्षक से एक पोस्ट शेयर हुई है। इस विवादित पोस्ट में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और बीजेपी के कई नेता नजर आ रहे थे। हालांकि, जैसे ही ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई इसे तुरंत डिलीट कर दिया गया। फिर भी यूजर्स ने इसका स्क्रीनशॉट ले लिया और अब पूजा ट्रोल होने लगी। हालांकि, पूजा ने इसके लिए माफी भी मांगी है। इस पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर लोग दो धड़ में बंट गए हैं। जहां एक तरफ कुछ लोग इसे सराह रहे हैं तो कुछ ने पूजा वस्त्राकर को इसके लिए ट्रोल करना शुरु कर दिया है।

भीड़भाड़ वाली जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े नहीं हो सकता दुष्कर्म

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को जमानत दे दी है। कोर्ट ने सारी दलीलें सुनने के बाद कहा कि मुंबई में भीड़भाड़ वाली जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े आरोपी पीड़िता से दुष्कर्म नहीं कर सकता। इस मामले में पॉक्सो एक्ट लगाने का सवाल नहीं उठता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी चौकीदार को जमानत देते हुए कहा ट्रायल कोर्ट ने अभी तक कोई आरोप तय नहीं किया है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ चौकीदार द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अभियोजन पक्ष का कहना था पीड़िता एक बिल्डिंग में नौकरानी का काम करती थी। वही उसकी पहचान चौकीदार से हो गई और दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 14 मई, 2021 को जब वो आरोपी के साथ जुहू चौपाटी गई थी तो आरोपी ने उससे यौन संबंध बनाने के लिए कहा, जिस पर पीड़िता ने इनकार कर दिया. हालांकि, आरोपी उसे धमकी देते हुए जबरन समुद्र की ओर ले गया और पत्थरों के पीछे उसके साथ दुष्कर्म किया। चौकीदार की ओर से वकील नाजनीन खत्री ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश पीड़िता की एक्स-रे रिपोर्ट की ओर इशारा किया, जिसमें पता चला कि रेडियोलॉजिकल रूप से पीड़िता की उम्र 19 साल से अधिक है, लेकिन 20 साल से कम है। रिपोर्ट देखने के बाद पीठ ने कहा कि अगर ऐसा मामला है तो इस मामले में पॉक्सो एक्ट लगाने का सवाल नहीं उठता है क्योंकि कथित अपराध के समय पीड़िता बालिक थी। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी चौकीदार को जमानत दे दी। बता दें कि आरोपी के खिलाफ मामले को देखते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जयशंकर के आमंत्रण पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री

नई दिल्ली। भारत की अपनी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग महत्वपूर्ण है, इस आने वाले दिनों में मजबूत किया जाएगा। उनकी दो दिवसीय यात्रा दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच हो रही है। कुलेबा ने पोस्ट किया, मैंने विदेश मंत्री एस जयशंकर के आमंत्रण पर नई दिल्ली की अपनी यात्रा शुरू की। यूक्रेन-भारत सहयोग महत्वपूर्ण है और हम संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दे रहे है। राष्ट्रपति जेलेंस्की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बातचीत के आधार पर, हम शांति फॉर्मूला पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुलेबा की यात्रा विदेश मंत्री जयशंकर के आमंत्रण पर हो रही है। अपनी आधिकारिक यात्रा के पहले दिन कुलेबा ने यहां राजघाट का दौरा किया और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जम्मू-कश्मीर के रामबन में यात्री टैक्सी के खाई में गिरने से दस की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शुक्रवार सुबह एक यात्री टैक्सी के फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर जा रही यात्री टैक्सी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और जिले के बैटरी चश्मा इलाके के पास लगभग 800 फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, 'जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन इलाके में बैटरी चश्मा के पास एक यात्री टैक्सी गहरी खाई में गिर गई। पुलिस, राज्य आपदा प्रक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गए हैं, बचाव अभियान जारी है।' इस बीच केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने दुखद सड़क दुर्घटना के बारे में जानने के बाद रामबन के उपायुक्त बसीर-उल-हक से बात की, जिसमें बैटरी चश्मा के पास जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री टैक्सी के गहरी खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गयी। डॉ. सिंह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, 'पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गए हैं। बचाव अभियान जारी है। मैं लगातार संपर्क में हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।' इस बीच, पुलिस ने कहा कि बचाव अभियान जारी है और मृत व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। संदेह है कि मृतक लोग श्रीनगर की ओर जा रहे श्रमिक थे।

मुख्तार की मौत पर सपा-बसपा दुखी, मायावती ने की जांच की मांग

लखनऊ। माफिया डॉन और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत पर समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने दुख व्यक्त किया है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने मुख्तार की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सुश्री मायावती ने शुक्रवार को टवीट किया 'मुख़्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं उनकी उच्च-स्तरीय जाँच जरूरी, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। ऐसे में उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।' सपा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से पोस्ट जारी कर मुख्तार के निधन पर शोक जताया। उन्होने लिखा 卐पूर्व विधायक श्री मुख्तार अंसारी जी का इंतकाल, दु:खद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहने का संबल प्राप्त हो। विनम्र श्रद्धांजलि।' सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हालांकि निजी रुप से इस बारे में अब तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है मगर उनकी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने सिलसिलेवार पोस्ट के जरिये इसे भाजपा सरकार की साजिश करार दिया है और जेल में बंद राजनेताओं की सुरक्षा की समीक्षा की मांग की है। गौरतलब है कि बांदा जिला जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी को गुरुवार रात गंभीर हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज लाया गया था जहां हृदयाघात के कारण उसकी मौत हो गयी थी। परिजनो ने मुख्तार की मौत को परोक्ष रुप से जेल प्रशासन की साजिश बताया है।

बीएसएफ ने अमृतसर में ड्रोन, हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तानी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि 28 मार्च 2024 को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में अपने ड्यूटी पोस्ट के पास असामान्य आवाज़ें सुनीं। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य घटना में 28 मार्च 2024 को, बीएसएफ की खुफिया इकाई ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थ ले जा रहे दो अज्ञात व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना दी। उन्होंने कहा कि त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, बीएसएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन संदिग्ध भागने में सफल रहे। उनके भागने के बावजूद, बीएसएफ जवानों ने गहन तलाशी ली और शमशान घाट, गांव-नागालंब, जिला-अमृतसर के पास से एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद किया, जो भूरे रंग के चिपकने वाले टेप में लपेटा हुआ था।

नवी मुंबई में व्यक्ति को पीटने और जूते चाटने के लिए मजबूर करने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

ठाणे। ठाणे के नवी मुंबई नगर में एक व्यक्ति पर हमला करने तथा उसे जूते चाटने के लिए मजबूर करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एपीएमसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना बुधवार की शाम को हुई थी। उन्होंने बृहस्पतिवार को बताया कि पीड़ित व्यक्ति एपीएमसी में स्थित एक कंपनी की दुकान में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि मसाले तैयार करने की कंपनी के मालिक रौनक दयालजीभाई भानुशाली और उसके कर्मचारियों ने मसाले चुराने का आरोप लगाया और पीड़ित पर हमला किया। अधिकारी के अनुसार, हमलावर कर्मचारियों की पहचान संजय चौधरी, लालाजी बाबूबाई पागी, वीरेंद्र कुमार लक्ष्मण गौतम, योगेश और करण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, 'पीड़ित व्यक्ति को कंपनी से इलायची चुराने के आरोप में पीटा गया, उसके कपड़े उतारे गए और आरोपी भानुशाली के जूते चाटने के लिए मजबूर किया गया। आरोपियों ने अपने इस कृत्य का वीडियो भी बनाया।' पुलिस ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है।

आतंकी संगठन आईएस पढ़े-लिखे युवाओं को बना रहा निशाना

- छात्रों से संपर्क करने फैला रहे ऑनलाइन जाल, सुरक्षा एजेंसी सतर्क

नई दिल्ली (एजेंसी)। आतंकी संगठन अपनी ताकत बढ़ाने और पढ़े-लिखे युवाओं को बहकाकर अपने साथ जोड़ने की हर संभव कोशिश करते हैं। ये आतंकी भारत में भी इस तरह का जाल बिछाकर पढ़े-लिखे नौजवान को अपना निशाना बनाते हैं। पिछले ही दिनों गुहावाटी में आईआईटी के छात्र को आतंकी संगठन आईएस के लिए काम करने के आरोप में पकड़ा था। खुफिया सूत्रों का मानना है कि टेलीग्राम पर सीरिया में बैठे एक ही ग्रुप के लोग इन छात्रों को भड़का रहे थे।

खुफिया सूत्रों का मानना है माना जा रहा है कि इंजीनियरिंग के छात्रों को ऑनलाइन भड़काने के पीछे एक ही संगठन हो सकता है। ऑनलाइन ग्रुप के जरिए भड़काए गए छात्रों में जामिया मिलिया इस्लामिया से एमटेक ग्रेजुएट अरशद वारसी और दिल्ली में पिछले अक्टूबर में गिरफ्तार हुए एनआईटी नागपुर से बीटेक करने वाले शहनावाज शामिल हैं। हाल ही में गुवाहाटी से बीटेक ग्रेजुएट हारिस फारूकी को भी गिरफ्तार किया था। ये तीनों दिल्ली, अलीगढ़ और पुणे से जुड़े एक ही गुट के सदस्य थे और हारिस की इन मॉड्यूलों में अगुवाई करने की भूमिका थी। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने कहा कि हारिस गुप्त चैटिंग एप के जरिए विदेशी हैंडलर के संपर्क में था। उस पर सोशल मीडिया और आमने-सामने मिलकर भोले युवाओं को आतंकी संगठन आईएस में शामिल होने के लिए तैयार करने और उन्हें आतंकी बनाने का भी आरोप था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पिछले अक्टूबर में शाहनवाज को गिरफ्तार किया था। वह 2017 से जमाल नाम के एक सीरियाई टेलीग्राम अकाउंट के संपर्क में था। जमाल अफगानिस्तान का रहने वाला था, जिसे फरवरी 2018 में तालिबान-आईएस युद्ध में मार दिया गया था। पुलिस ने बताया कि टेलीग्राम और रॉकेट जैसे चैट एप पर ये अकाउंट अलग-अलग लोगों द्वारा चलाए जा रहे थे। फारूकी को 3 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में रखा गया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार होने से पहले अपनी लिंक्डइन पोस्ट में तौसीफ फारूकी ने खुद को भारतीय संविधान और उसकी संस्थाओं से अलग कर लिया था। उसने लिखा था, अपने पछतावे के बाद मेरा पहला कदम मुसलमानों की तरफ पलायन करना है, जिसे इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत के नाम से जाना जाता है, ताकि इस्लामिक स्टेट के लिए अपनी वफादारी की कसम खा सकूं...यह मुसलमानों और काफिरों के बीच की लड़ाई है। फारूकी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है। असम पुलिस ने बताया कि उन्हें तौसीफ के कमरे से आईएसआईएस जैसा एक झंडा भी मिला है। जिसके आतंकी लिंक की जांच की जा रही है।

क्रांतिधरा से मोदी करेंगे यूपी में लोकसभा चुनाव का शंखनाद

मेरठ। मौजूदा लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट और देश भर में 400 से अधिक सीटें जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प को पूरा करने के इरादे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मार्च को लगातार तीसरी बार क्रांतिधरा मेरठ से घनी आबादी वाले राज्य में अपने चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। मोदीपुरम में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के पास आयोजित होने वाली इस रैली में भाजपा रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) गठबंधन के तहत रालोद मुखिया जयंत चौधरी पहली बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करेंगे।

इससे पहले श्री मोदी ने वर्ष 2014 में मेरठ की धरती से ही उत्तर प्रदेश में चुनाव का शंखनाद किया था जिसकी परिणीत थी कि भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर भगवा लहरा कर विपक्ष का सूपड़ा ही साफ कर दिया था। वर्ष 2019 में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से ही चुनावी रैली का आगाज किया, लेकिन दोबारा इन 14 में से आधी सीटों यानि सात पर ही भाजपा जीत दर्ज करा सकी। चार सीटों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी कब्जा करने में कामयाब हुईं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के मेरठ की क्रांतिकारी धरती से चुनावी रैली के आगाज से चुनावी परिणाम कितने असरदार होते हैं। खासतौर पर जबकि इस बार भाजपा अकेले नहीं बल्कि राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरी है और जाट बैल्ट के मतदाता इस गठबंधन को किस नजर से देखते हैं। यह आने वाले चुनाव परिणाम ही बतायेंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, कैराना, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर में भाजपा ने जीत हासिल की थी। जबकि सहारनपुर, नगीना, बिजनौर और अमरोहा सीट से बसपा ने जीत दर्ज करवाई थी। इसके अलावा रामपुर मुरादाबाद और संभल में सपा सीट निकालने में सफल हुए थे।

नवनीत राणा ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात, कहा- इस 400 पार में एक अमरावती जरूर रहेगा

मुंबई (एजेंसी)। अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने अपने पति रवि राणा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। गृह मंत्री से मुलाकात के बाद अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि मैं आज उनका (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) आर्शीवाद लेने आई थी। उनको मैं विश्वास दिलाने आई थी कि आपकी बार 400 पार का जो पीएम मोदी, देश और देश के लोगों का सपना है उस सपने को आगे लेकर बढ़ना है और इस 400 पार में एक अमरावती जरूर रहेगा।

बता दें कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए लिस्ट की घोषणा कर दी। नवनीत राणा को अमरावती सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। नागपुर में बावनकुले के आवास पर अपने समर्थकों के साथ और अमरावती, नागपुर, वर्धा और अन्य स्थानों के वरिष्ठ पार्टी नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुईं। जब वह भाजपा में शामिल हुईं तो उनके विधायक पति रवि राणा भी मौजूद थे। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने अमरावती सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा की। बावनकुले ने कहा कि वह 4 अप्रैल को अपना चुनाव नामांकन दाखिल करेंगी।

नवनीत राणा मौजूदा सांसद हैं और 2019 में उन्हें एनसीपी ने समर्थन दिया था। नवनीत राणा को उम्मीदवारी मिलने के बाद शिवसेना शिंदे गुट के अभिजीत अडसुल ने भी अमरावती लोकसभा के लिए आवेदन करने का फैसला किया है। अभिजीत अडसुल के कार्यकर्ताओं ने उनकी उम्मीदवारी के लिए आवेदन ले लिया है। अभिजीत अडसुल 4 तारीख को नामांकन फॉर्म दाखिल करेंगे।

तेजस्वी यादव ने कहा- बिहार ओछे बयानबाजी करने वालों की धरती नहीं

पटना (एजेंसी)। बिहार में किड़नी पर सियासत शुरू हो गई है। सम्राट चौधरी के बयान पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री द्वारा नारी शक्ति और बिहार की बेटी पर दिए गए घृणाप्रद बयान बीजेपी के चरित्र को बताता है। उन्होंने कहा कि बिहार ओछे बयानबाजी करने वालों की धरती नहीं है। ऐसी सोच न तो हमारे संस्कारों में है और न ही बिहार की संस्कृति में है।

वे ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि उपमुख्यमंत्री और उनकी पार्टी को मातृशक्ति का सम्मान करने की सद्बुद्धि प्राप्त हो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं और बिहारवासियों से भी आग्रह करता हूं कि वे बेटी वंदना के साथ अपने हर कार्य की शुरुआत करें। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार माता सीता की जन्मस्थली है। बिहार बेटियों, माताओं और महिलाओं का सम्मान करने वाली पवित्र धरती है। हमारे संस्कारों और व्यवहार में मातृ-शक्ति का परम महत्व है जिसकी झलक हमारे कार्यों में दिखती है। बेटी वंदना हमारे बिहार की समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगी और भटके हुए बीजेपी नेताओं को सही मार्ग पर लाने में मदद करेगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने एक भी महिला उम्मीदवार नहीं बनाया है जिससे यह साफ हो गया है कि वे महिला-विरोधी हैं। हमने पहले ही कहा था कि उनका महिला आरक्षण बिल एक ढोंग था। बिहार की पहचान बीजेपी नहीं है और बिहार ओछे बयानबाजी करने वालों की धरती नहीं है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, राबड़ी देवी की राह पर सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी की तुलना बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से की। केंद्रीय पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता संभवत- अपने पति की जगह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने भाजपा की दिल्ली इकाई के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सुनीता केजरीवाल का जिक्र आने पर कहा, ''आप जिन मैडम की बात कर रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं।''

आतिशी ने बताया केजरीवाल का फोन लेकर क्या देखना चाहती हैं ईडी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की रिमांड पर बहस चल रही थी, तब ईडी के वकील ने अंजाने में ईडी के असली मोटिव को कोर्ट के सामने रख दिया।

वकील ने कहा कि केजरीवाल को अभी कुछ दिन और रिमांड पर रखने की जरूरत है, क्योंकि केजरीवाल ने अपने फोन का पासवर्ड हमें नहीं बताया है। आतिशी ने कहा कि यह वहीं ईडी है जो यह कह चुकी है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल का आबकारी नीति बनाए जाने के समय का फोन हमें नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि अब सवाल उठता है, जो फोन कुछ माह पुराना है, उस फोन को ईडी क्यों देखना चाहती है। मतलब साफ है कि कि ईडी उस फोन में क्या देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहती हूं कि ईडी के माध्यम से भाजपा उस रणनीति को देखना चाहती है कि चुनाव को लेकर केजरीवाल की क्या रणनीति है।

वह देखना चाहती है कि केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर क्या रणनीति तैयार की है। किस तरह एक-एक सीट का सर्वे कराया है। विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर उन्होंने चुनाव को लेकर क्या तैयारी की है।

शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने लगाए हेमंत और कल्पना पर आरोप

-पति की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत की हाईलेवल जांच की मांग

रांची (एजेंसी)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन जिन्होंने हाल ही बीजेपी ज्वाइन की है। बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्होंने अपने परिवार पर उपेक्षा के आरोप लगाए थे। अब सीता सोरेन ने अपने पति दुर्गा सोरेन की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर हाईलेवल जांच की मांग की है। इससे शिबू सोरेन परिवार को एक और झटका लगा है।

दिल्ली से लौटीं सीता सोरेने ने रांची में पत्रकारो से बात करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को खड़ा करने में अपना खून पसीना बहाने वाले उनके पति दुर्गा सोरेन की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हुई थी। वह अपने पति की मौत की हाई-लेवल जांच की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह कई साल से जांच की मांग कर रही थीं। सीता ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति की मौत के बाद उनके परिवार को उपेक्षा की नजर से देखा जाने लगा था। उनका आरोप था कि जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने उनका अपमान किया है। सीता ने कहा था कि मेरे पति की मौत के बाद उनके जीवन में जो बदलाव आया वह किसी बुरे सपने से कम नहीं था। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि अगर वह सच्चाई को उजागर कर दें तो कई लोगों के सपने चकनाचूर हो जाएंगे। झारखंड के लोग उन पर थूकेंगे जिन्होंने उनके पति दुर्गा सोरेन और उनके लोगों को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी।

उन्होंने जेएमएम पर हमला बोलते हुए पत्रकारों से कहा कि झारखंड का विकास प्रधानमंत्री मोदी की विचारधारा से ही संभव है क्योंकि जेएमएम अपने सिद्धांत से भटक गया है और भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया है। बता दे कि सीता सोरेन ने हाल ही में बीजेपी का दामन थाम लिया था। उसके बाद बीजेपी ने सीता को दुमका लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता रही हैं और झारखंड के ही जामा सीट से विधायक हैं। उन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए पैसे लेने का आरोप लगा था और वह सात माह जेल में भी रहीं। इसके बाद 19 मार्च 2024 को सीता सोरेन ने पार्टी की ओर से उनकी उपेक्षा का हवाला देते हुए झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।

चुनाव में सेलिब्रिटी की चांदी, भाजपा ने राम से लेकर ड्रीम्स गर्ल्स को दिया टिकट

-टीएमसी ने बिहारी बाबू को दिया मौका

नयी दिल्ली (एजेंसी)। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का राजनीतिक पार्टियों से जुड़ने और चुनावी मैदान में उतरने की शुरुआत दशकों पहले ही हो गई थी और पिछले कुछ चुनावों से यह ट्रेंड बढ़ता ही दिखा है। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में कई फिल्म कलाकारों को मैदान में उतारा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी फिल्म स्टारों को टिकट दिया है, वहीं कांग्रेस से भी संभावना है कि कुछ सेलिब्रिटी मैदान में हो। जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक जयंत घोषाल बताते हैं कि राजनीति के मैदान में जो फिल्म से आते हैं, वे लोग सेलिब्रिटी होते हैं। सेलिब्रिटी होने के कारण उनका टीआरपी काफी हाई होती है और ये लोग पहले से ही पॉपुलर होते हैं। फिल्मी हस्तियों पर दांव खेलने का एक सबसे बड़ा कारण है कि ज्यादातर फिल्म स्टारों की छवि जनता में खराब नहीं है, जिससे उनकी स्वीकार्यता जनता में ज्यादा है।

बीजेपी ने इस बार भी जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी को फिर से मथुरा से टिकट दी है। वहीं दूरदर्शन के रामायण सीरियल में घर-घर में पहचान बनाने वाले और भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मेरठ से टिकट दिया है। बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर और अभिनेता के रूप में नाम कमा चुके मनोज तिवारी को बीजेपी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया है, वह यहां से मौजूदा सांसद भी हैं। वहीं बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुके रवि किशन को गोरखपुर सीट से फिर से टिकट दिया गया है, वह गोरखपुर से ही मौजूदा सांसद हैं। सांसद और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को आजमगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है। दिनेश लाल 2022 में इस सीट पर उपचुनाव जीते थे। बीजेपी ने बंगाल की हुगली सीट से मौजूदा सांसद लॉकेट चटर्जी को फिर उम्मीदवार बनाया है, वह पूर्व में बंगाली फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बीजेपी ने मशहूर गायक और दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने वाले सुरेश गोपी को केरल के त्रिशूर से टिकट दिया है।

तृणमूल कांग्रेस ने शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल सीट से टिकट दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर की शुरुआत साल 1992 में दिल्ली उपचुनाव से की थी, हालांकि उस समय उन्हें राजेश खन्ना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। यहां से हारने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की, इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा कई बार सांसद रह चुके हैं। टीएमसी ने अभिनेता से नेता बनीं और हुगली लोकसभा क्षेत्र से रचना बनर्जी को मैदान में उतारा है। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी बीजेपी की सांसद लॉकेट चटर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। अभिनेत्री रचना की ओर से होस्ट किए जा रहे शो दीदी नंबर-1 बहुत लोकप्रिय रहा है। रचना बनर्जी तमिल, तेलुगु, बंगाली और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ममता बनर्जी ने मिमी चक्रवर्ती और नुसरत जहां जैसे मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है।

पोप फ्रांसिस ने 12 महिला कैदियों के पैर धोए और उन्हें चूमा

सेंट पीटर्स । पोप फ्रांसिस ने सेवा और विनम्रता पर जोर देने के लिए 'पवित्र गुरुवार' की रस्म के दौरान रोम की जेल में बंद 12 महिला कैदियों के पैर धोए और चूमा। पोप फ्रांसिस (87) ने व्हीलचेयर पर बैठे-बैठे इस रस्म को पूरा किया। रेबिबिया जेल में बंद महिलाएं एक ऊंचे मंच पर स्टूल पर बैठी थीं ताकि पोप व्हीलचेयर से आसानी से रस्म को पूरा कर सकें। जब फ्रांसिस ने महिलाओं के पैर धोए तब वे महिलाएं रो पड़ीं। पोप ने उनके पैर पर धीरे से पानी डाला और एक छोटे तौलिया से थपथपा कर सुखाया। उन्होंने प्रत्येक पैर को चूमकर रस्म को पूरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला की ओर मुस्कुराते हुए देखा। इसके पहले स्वस्थ दिख रहे फ्रांसिस ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में 'पवित्र बृहस्पतिवार' की प्रार्थना की अगुवाई की। इसके बाद उन्होंने जेल का दौरा किया और महिला कैदियों के पैर धोए। फ्रांसिस पिछले दिनों सांस की बीमारी से जूझ रहे थे। लेकिन वह सुबह की प्रार्थना सभा में स्वस्थ दिखे और लोगों को संबोधित किया। फ्रांसिस ने अपने संबोधन में पादरियों से 'पाखंड' से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने पादरियों से कहा कि वे आम लोगों को जो भी उपदेश देते हैं, अपने आध्यात्मिक जीवन में भी उन्हें उनका पालन करना चाहिए तथा दोनों में भिन्नता नहीं होनी चाहिए।

म्यांमार में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत, 27 घायल

यांगून । मध्य म्यामांर के मांडले क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हुई और 27 अन्य लोग घायल हुए हैं। बचाव अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना मिकटीला कस्बे में तड़के करीब 04:20 बजे घटित हुई। हादसे के समय एक कार एक साइकिल से टकरा गई और फिर कपड़ा फैक्ट्री के कर्मचारियों को ले जा रहे दूसरे वाहन से टक्कर मार दी। एक अधिकारी क्याव ने कहा, साइकिल सवार महिला की मौत हो गई और दोनों वाहनों के कुल 27 लोग घायल हो गए।

उत्तरी मेडागास्कर में चक्रवात गमाने के कारण 14 लोगों की मौत

एंटानानैरिवो। मेडागास्कर में उष्णकटिबंधीय चक्रवात गमाने के कारण 14 लोगों की मौत हुई और तीन अन्य घायल हो गए, जबकि तीन लोग अभी लापता हैं। मेडागास्कर के मौसम विज्ञान अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मेडागास्कर के राष्ट्रीय जोखिम एवं आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि गमाने ने मेडागास्कर के उत्तरी सिरे पर टकराया, जिसके कारण 150 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार और 210 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ भारी बारिश हुई। देश के सात क्षेत्रों को तबाह करने वाले चक्रवात से 9,024 घरों सहित कुल 36,307 लोग प्रभावित हुए। इसके अलावा लगभग 18,565 लोगों या 4,849 परिवारों को विभिन्न इलाकों में बने 68 आपातकालीन स्थलों को खाली करने और शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हृदय रोगों को गहराई से पकड़ने में कामयाब हो सकती है एआई तकनीक

लंदन। ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल विकसित किया है जो 80 प्रतिशत सटीकता के साथ किसी व्यक्ति की घातक हृदय समस्या का पता लगा सकता है। यूके में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के नेतृत्व वाली एक टीम ने वीए-रेसनेट-50 नामक एक टूल तैयार किया है। यूरोपियन हार्ट जर्नल डिजिटल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन में उपकरण का उपयोग 2014 और 2022 के बीच घर पर रह रहे 270 वयस्कों के होल्टर इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) की जांच करने के लिए किया गया था। बवेंट्रिकुलर एरिथमिया, असामान्य हार्ट रिदम है जो हार्ट के लोअर चैंबर से जुड़ी समस्या को दिखाता है। इस स्थिति में दिल की तेज धड़कनों के साथ रक्तचाप कम हो जाता है। इस घातक समस्या का अगर समय से इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकती है। प्रोफेसर ने कहा, टूल से जांच के बाद घातक बीमारी का जोखिम सामान्य वयस्कों की तुलना में तीन गुना अधिक था। उन्होंने कहा, मरीजों की इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जांच में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का उपयोग करते हुए सामान्य हृदय गति में एक नया लेंस प्रदान किया जाता है जिसके माध्यम से हम उनके जोखिम को जानकर उचित उपचार का सुझाव दे सकते हैं जिससे मौत के जोखिम को कम किया जा सकता है ईसीजी के बाद औसतन 1.6 वर्षों में लगभग 159 लोगों ने घातक वेंट्रिकुलर एरिथमिया का अनुभव किया था। वीए-रेसनेट-50 का उपयोग रोगी की हृदय जांच करने के लिए किया गया था, यह देखने के लिए कि क्या उसे यह घातक बीमारी हो सकती है। प्रत्येक पांच में से चार मामलों में एआई उपकरण ने सही भविष्यवाणी की, जिससे पता चला कि किस मरीज का हृदय वेंट्रिकुलर एरिथमिया के लिए सक्षम है। कार्डिएक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के प्रोफेसर और विश्वविद्यालय में कार्डियोवास्कुलर साइंसेज विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आंद्रे एनजी ने कहा, वर्तमान नैदानिक दिशानिर्देश जो हमें यह तय करने में मदद करते हैं कि किन रोगियों को वेंट्रिकुलर एरिथमिया का सबसे अधिक खतरा है और किसे इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर के साथ जीवन रक्षक उपचार से सबसे अधिक लाभ होगा। इस समस्या से बड़ी संख्या में मौतें होती हैं।

गाजा पट्टी में अब तक 32,552 की मौत

गाजा । गाजा पट्टी में इजराइली हमले में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 32,552 हो गई है। यह जानकारी हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने मीडिया वे चर्चा के दौरान दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइली सेना ने 24 घंटों के दौरान 62 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 91 को घायल कर दिया। मंत्रालय के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या 32,552 और घायलों की 74,980 हो गई है। पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल में हमास के हमले के जवाब में इज़राइल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ आक्रमण शुरू किया है।

मेडागास्कर में चक्रवात गैमेन से 14 लोगों की मौत

एंटानानारिवो । मेडागास्कर में चक्रवात गैमेन के कारण 14 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। वहीं तीन लोग अभी भी लापता हैं। इसकी जानकारी मेडागास्कर के मौसम अधिकारियों ने दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेडागास्कर के राष्ट्रीय जोखिम और आपदा प्रबंधन कार्यालय (बीएनजीआरसी) ने कहा कि गैमेन ने मेडागास्कर के उत्तरी सिरे पर दस्तक दी। 150 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। चक्रवात से 9,024 घरों सहित 36,307 लोग प्रभावित हुए। लगभग 18,565 लोगों या 4,849 परिवारों को विभिन्न इलाकों में फैले 68 आपातकालीन स्थलों को खाली करने और अन्यत्र शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। बीएनजीआरसी के अनुसार चक्रवात गैमेन से आई बाढ़ ने व्यापक क्षति पहुंचाई। 6,675 घर और 1,698 धान के खेत जलमग्न हो गए। 617 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए।

रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर 99 ड्रोन और मिसाइल से हमले किए : अधिकारी

कीव। रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर शुक्रवार को बड़े पैमाने पर किये गए हमले में 99 ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लामेंको ने 'टेलीग्राम' पर एक संदेश में कहा कि देशभर में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है क्योंकि हमलों में 10 अलग-अलग क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, 60 शहीद ड्रोन और विभिन्न प्रकार के 39 मिसाइल से देशभर में हमले किये गए, जिनमें से 58 ड्रोन और 26 मिसाइल को मार गिराया गया। यूक्रेन के सरकारी ग्रिड संचालक यूक्रेनेजो ने कहा कि हमले में मध्य एवं पश्चिमी क्षेत्रों में ताप और पनबिजली ऊर्जा संयत्रों सहित ऊर्जा बुनियादी ढांचे को जानबूझ कर निशाना बनाया गया। देश की सबसे बड़ी निजी बिजली आपूर्तिकर्ता कंपनी डीटीईके ने भी शुक्रवार को कहा कि इसके तीन ताप विद्युत संयंत्र को हमले में नुकसान पहुंचा है। वहीं, दनीप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र में हमले में पांच लोग घायल हुए हैं। स्थानीय गवर्नर सेरही लयास्क ने यह जानकारी दी। घायलों में पांच साल की एक बच्ची भी शामिल है। रोमानिया के रक्षा मंत्रालय ने भी शुक्रवार को कहा कि उसके ब्रैला काउंटी के कृषि क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक ड्रोन का मलबा पाये जाने के बाद जांच शुरू की गई है।

पोप फ्रांसिस वेटिकन के सेंट पीटर बेसिलिका में क्रिस्म मास में शामिल हुए।

भारत के अमेरिका के बाद अब इराक में लग सकता है टिक टॉक पर प्रतिबंध

बगदादा। भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रलिया बैल्जियम, कनाडा फ्रांस, न्यू-जीलैंड, अफगानिस्तान और यूरोपिये संघ पहले ही टिक-टॉक पर बैन लगा चुके हैं। अब इराक भी इस लिस्ट में शामिल होने वाला है। इराक की संचार मंत्री ने सरकार से अपील की है कि वे देश में चीनी कंपनी की ऐप टिकटॉक पर बैन लगाए। इसके पीछे उन्होंने टिकटॉक से समाज पर पड़ने वाले गलत प्रभाव को कारण बताया है मंत्री अल-यासिरी द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस में जताई गई चिंता के बाद इस मुद्दे पर पूरे देश में बहस छिड़ गई है।

मंत्री ने मीडिया से कहा, मैंने टिकटॉक को ब्लॉक करने के लिए मंत्रिपरिषद को पत्र सौंप दिया है और मुझे उम्मीद है कि इस पर जल्द ही विचार किया जाएगा। अपनी इस मांग का तर्क देते हुए उन्होंने इराक के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के पीछे टिकटॉक की भूमिका होने का दावा किया है। इसके अलावा ऐप में एजुकेशन वेल्यूज की कमी और पूरी तरह मनोरंजन केंद्रित बताया है हालांकि कुछ लोगों ने ऐप पर प्रतिबंध लगाने के आर्थिक प्रभाव और अभिव्यक्ति की आजादी पर भी चिंता जाहिर की है। बैन का विरोध करने वालों का मानना है किसी भी प्रतिबंध से इराक के एडवर्टाइजिंग मार्केट को नुकसान होने की संभावना है, खासकर स्माल बिजनेस को. क्योंकि कई लोग टिकटॉक के जरिए अपने छोटे कारोबार की मार्केटिंग कर रहे हैं इराक के धार्मिक संगठन टिक-टॉक पर देश की संस्कृति और धर्म को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाते आए हैं। बता दें इराक के नौजवानों का एक बड़ा वर्ग टिकटॉक से जुड़ा है, इराक में करीब 32 मिलियन टिक-टॉक यूजर हैं। अल-यासिरी की ये मांग हाल ही में हुए जाने माने इराकी टिकटॉकर्स हुसैन और उनकी पत्नी शाहिदा पर हमले के बाद आई है। बता दें हाल ही में दंपति को काम से लौटते हुए गोली मारी गई जिसमें हुसैन तो बच गए लेकिन शाहिदा की एक आंख चली गई है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने पर आया संयुक्त राष्ट्र का बयान

जेनेवा (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने के बीच भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल का जवाब देकर कहा कि विश्व निकाय को इस दौरान लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा की उम्मीद है। भारत और अन्य देशों में चुनाव होने वाले हैं, इसतरह उम्मीद है कि सभी के अधिकार सुरक्षित रहे।

एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने यह बयान दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि भारत में, चुनाव वाले किसी भी देश की तरह, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा। संयुक्त राष्ट्र की यह टिप्पणी आप प्रमुख की गिरफ्तारी पर संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी के बयानों के बाद आई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि वे केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बारीकी से निगरानी कर रहे हैं और निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बयान पर भारत ने विरोध दर्ज कराते हुए एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया। इसके कुछ घंटों बाद, अमेरिका ने पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रियाओं का आह्वान करते हुए वहीं रुख दोहराया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूँ। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। जर्मन विदेश मामलों के प्रवक्ता ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानक केजरीवाल के मामले में लागू किए जाएंगे। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने जर्मन दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को बुलाकर देश की टिप्पणियों पर अपना विरोध दर्ज कराया और इसे आंतरिक मामलों में खुला हस्तक्षेप बताया।

निष्पक्ष चुनाव और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर यूएन ने किया चौंकाने वाला कमेंट

जेनेवा (एजेंसी)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और भारत में हो रहे चुनाव को लेकर दुनिया के कई देश कमेंट कर चुके हैं। अमेरिका जर्मनी के बाद अब यूएन ने चौंकाने वाला कमेंट किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें ''उम्मीद'' है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में, जहां चुनाव हो रहे हैं, लोगों के ''राजनीतिक और नागरिक अधिकारों'' की रक्षा की जाएगी और हर कोई एक ''स्वतंत्र व निष्पक्ष'' माहौल में मतदान कर पाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक के मद्देनजर भारत में आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक स्थिति पर एक सवाल के जवाब में ये टिप्पणियां कीं। दुजारिक ने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमें बहुत ज्यादा उम्मीद है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, वहां हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, जिनमें राजनीतिक और नागरिक अधिकार शामिल हैं। तथा हर कोई स्वतंत्र व निष्पक्ष माहौल में मतदान कर पाएगा।'' संयुक्त राष्ट्र की इस प्रतिक्रिया से एक दिन पहले अमेरिका ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाये जाने के ऐसे ही सवाल पर प्रतिक्रिया दी थी।इससे पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की गईं कुछ टिप्पणियों के विरोध में अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक को भारत द्वारा तलब किये जाने के कुछ घंटे बाद बुधवार को वाशिंगटन ने दोहराया था कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था, ''मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से, हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने यहां से कहा है कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। यही बात हम निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे।''नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी दूतावास की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बरबेना को तलब किया था। यह बैठक 30 मिनट से अधिक समय तक चली थी। रत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर की गई अमेरिकी विदेश विभाग की टिप्पणी को 'अनुचित' करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा था कि उसे अपनी स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गर्व है और वह इन्हें किसी भी प्रकार के अनावश्यक बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कनाडा के लोगों को बारिश के पानी पर भी देना होगा टैक्स, अगले माह होगा लागू!

टोरंटो (एजेंसी)। अगले माह से कनाडा के लोगों को ट्रूडो सरकार एक और बोझ लादने जा रही है। यहां बारिश के पानी पर भी लोगों को टैक्स देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कनाडा में सरकार ने रेन टैक्स लागू करने की घोषणा की है। टोरंटो सरकार की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अप्रैल में इसे लागू करने की योजना है। कनाडा के टोरंटो शहर समेत लगभग पूरे देश में स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट एक बड़ी समस्या है। कनाडा में लोगों के घरों से होते हुए जितना ज्यादा पानी सीवरेज में जाएगा, उनसे उतना ही ज्यादा टैक्स वसूल जाएगा। इस नियम को ही 'रेन टैक्स' कहा जा रहा है। हालांकि कनाडा सरकार के इस फैसले पर कई लोग सवाल खड़े करते हुए विरोध कर रहे हैं।जानकारी के मुताबिक रनऑफ को संभालने के लिए टोरंटो प्रशासन इसे शहर की सभी प्रॉपर्टी पर लागू कर सकती है। इसमें इमारतें, ऑफिस, होटल और रेस्त्रां समेत कई अन्य जगह शामिल हैं। टोरंटो शहर के लोग पानी पर टैक्स देते हैं। इसमें स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट का खर्च भी शामिल है। ऐसे में नया टैक्स लगने के बाद लोगों पर भारी टैक्स लगेगा, जिसकी वजह से लोग विरोध कर रहे हैं। रेन टैक्स हर इलाके का अलग अलग होगा। जानकारी के मुताबिक जहां ज्यादा इमारतें होंगी वहां रनऑफ भी ज्यादा होगा, ऐसे में वहां रेन टैक्स भी ज्यादा होगा। इसमें घर, पार्किंग लॉट और कंक्रीट से बनी कई चीजें शामिल हैं। वहीं जिन जगहों पर कम इमारतें है वहां टैक्स भी घट जाएगा।

तुर्की पर इजराइल को हथियार देने के आरोप पर मचा बवाल

गाजा (एजेंसी)। फिलिस्तीन और मुस्लिम दुनिया के मसीहा समझे जाने वाले तुर्की राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन पर गंभीर आरोप लगे हैं। तुर्की की एक ट्रेड रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि तुर्की ने युद्ध के दौरान इजराइल को हथियार बेचे हैं। मीडिया आउटलेट 'द क्रैडल' ने 'ट्रेंडिंग इकोनॉमिक्स' की एक रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए लिखा कि जनवरी में देश ने इजराइल को कीमती मेटल, केमिकल, कीटनाशकों, परमाणु रिएक्टर पार्ट्स, बारूद, विस्फोटक, विमान के हिस्सों, हथियारों और गोला-बारूद सहित करीब 319 मिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया। तुर्की के मुख्य स्वतंत्र फैक्ट चेक आउटलेटों में से एक टेयिट हक्रिंडा के फैक्ट चेकर ओयकुम हुमा केस्किन ने कहा कि एक्सपोर्ट डेटा रिपोर्ट के झूठे होने का दावा गलत है। उन्होंने कहा ÷जब हमने इस रिपोर्ट की जांच की तो पता चला है कि 2024 के पहले तीन महीनों में इजराइल को 'बारूद और विस्फोटक' निर्यात किए गए हैं।

खबरों के मुताबिक ट्रेड तुर्की की इंडिपेंडेंट इंडस्ट्रियलिस्ट्स एंड बिजनेसमैन एसोसिएशन से जुड़ी कंपनियों ने किया है, जिनको देश में राष्ट्रपति एर्दोआन का समर्थन करने के लिए जाना जाता है। रिपोर्ट के बाहर आने के बाद सोशल मीडिया पर तुर्की राष्ट्रपति के खिलाफ भूचाल आ गया है। फिलिस्तीन समर्थकों ने इजराइल के साथ हथियारों के व्यापार को फिलिस्तीनियों के 'पीठ में छुरा घोंपने' जैसा करार दिया है। सोशल मीडिया पर लोगों ने तुर्की और एर्दोआन के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया है। मामले के तूल पकड़ने के बाद तुर्की को सफाई देनी पड़ी है। तुर्की की डिफेंस मिनिस्ट्री ने बयान में कहा, तुर्की हमेशा से फिलिस्तीन का समर्थक रहा है। ऐसा कभी नहीं हो सकता कि तुर्की किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल हो जो फिलिस्तीन के खिलाफ इस्तेमाल हो। बयान में आगे कहा कि डिफेंस मंत्रालय की इजराइल के साथ सैन्य प्रशिक्षण और डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कोई भी डील नहीं हुई है।

निज्जर हत्या मामले में कनाडा नहीं दे पाया सबूत, अब ट्रूडो के बदलने लगे सुर

टोरंटो (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को 9 महीने से ज्यादा का वक्त हो गया है। भारत अपने रुख पर शुरू से ही कायम है। भारत ने हर बार कहा कि अगर कनाडा जरूरी सबूत देता है तो जांच में उसका सहयोग किया जाएगा। हालांकि आज तक इसपर कनाडा कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया। अब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की हेकड़ी भी गुम होती नजर आ रही है। उन्होंने कहा है कि निज्जर की हत्या के तह तक जाने के लिए कनाडा भारत के साथ मिलकर रचनात्मक काम करने को तैयार है। कनाडा के रुख से स्पष्ट है कि जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की राजनीति में छोटा फायदा तलाशने के लिए भारत पर बेबुनियाद आरोप लगा दिए थे। ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या में भारत के अधिकारियों का हाथ है। इसके बाद दोनों देशों में तनातनी इतनी बढ़ गई कि एक दूसरे के राजनयिकों को वापस कर दिया गया। वहां खालिस्तान समर्थकों ने भारत के दूतावास पर हमला किया।

निज्जर की हत्या के 9 महीने बीतने के बाद भी इस मामले में ना तो कई गिरफ्तारी हुई है और ना ही कोई सबूत दिया गया है। वहीं खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत कही हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका से जो इनपुट मिले थे उसको लेकर भारत ने एक उच्चस्तरीय टीम बनाई थी। भारत सरकार ने जांच के बारे में कोई आधिकारिक बयान हीं दिया है। बताया गया है कि एक अधिकारी को भारत ने खुफिया एजेंसी से हटाया था। बता दें कि बीते साल जून में सूरी के एक गुरुद्वारे में निज्जर की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ट्रूडो ने कहा, कनाडा चाहता है कि प्रॉपर जांच हो और कानून का उल्लंघन ना किया जाए। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं ताकि मामले के तह तक पहुंचा जा सके। हमें समझना है कि आखिर यह कैसे हो सकता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कनाडा की धरती पर फिर कभी विदेशी दखल ना हो। ट्रूडो के इस बयान के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है। उन्होंने कहा, भारत पहले हीकह चुका है कि अगर पुखात सबूत मिलेंगे तो जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। हालांकि आज तक कोई सबूत नहीं दिया गया है, केवल निराधार दावे किए गए हैं। उन्होंने कहा, हमें सावधान रहना है क्योंकि कनाडा में कट्टरवादियों को जगह दी जा रही है और राजनीति का खेल खेला जा रहा है।

ट्रंप के खिलाफ बाइडेन के साथ आए ओबामा और बिल क्लिंटन

-डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए रिकॉर्ड फंड भी जुटाया

-सीक्रेट प्लानिंग से चुनाव अभियान को देंगे धार

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दूसरी बार दावेदारी कर रहे डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं हैं। अब बताया जा रहा है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन ने जो बाइडन का समर्थन किया है। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप को रिपब्लिकन पार्टी के ही पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश का भी साथ नहीं मिल पाया है।

अब जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी से आने वाले जो बाइडन को राष्ट्रपति पद की दूसरी पारी के लिए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन का पूरा-पूरा साथ मिला है। ऐसे में ट्रंप की चिंता बढ़ गई हैं। दरअसल गुरुवार को जो बाइडेन के चुनाव अभियान के लिए न्यूयॉर्क में फंड जुटाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ओबामा और बिल क्लिंटन ने समर्थन जाहिर किया और चंदा बसूलने में एक नया रेकॉर्ड भी कायम कर दिया। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम के जरिए अमरीका के चुनावी इतिहास में पहली बार 2 अरब, 8 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेकॉर्ड चंदा एकत्रित किया गया है। यह अलग बात है कि चुनावी सर्वेक्षणों में जो बाइडन को पिछड़ते हुए दिखाया जा रहा है, लेकिन असल में तो उन्हें खासा समर्थन हासिल होते हुए ही दिख रहा है। इसी के साथ बताया जा रहा है कि किस प्रकार से ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में सबसे ज्यादा धन जुटाने वाली हिलेरी क्लिंटन को हराया था।

आपको यहां बतलाते चलें कि रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल कार्यक्रम में अमरीका के 42वें और 44वें राष्ट्रपति ने स्पष्ट संदेश दिया है कि देश के 45वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप देश के 47वें राष्ट्रपति नहीं बनना चाहिए। इसी के साथ 46वें राष्ट्रपति की दावेदारी मजबूत करने जी जान से सभी जुट गए हैं। इस कार्यक्रम में डेमोक्रेटिक पार्टी को तीन दशक तक नेतृत्व करने वाली ताकत (लीडरशिप) एक साथ नजर आई है। कार्यक्रम के दौरान अमेरिका के तीन पूर्व राष्ट्रपतियों का एक साथ मंच पर उपस्थित होना और बातचीत करना सभी को आकर्षित कर गई है।



बुच्ची बाबू सना के साथ होगी रामचरण की अगली फिल्म

साउथ के सुपर स्टार राम चरण ने अपने फैंस के साथ साझा किया था कि बुच्ची बाबू सना के साथ उनके प्रोजेक्ट के बाद उनकी यह अगली फिल्म होगी। राम चरण ने होली के मौके पर इस खुशखबरी को फैंस के साथ शेयर किया है। उनके साथ एसएस राजामौली के बेटे एसएस कार्तिकेय ने भी ट्विटर पर इस बारे में विस्तार से बताया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि वह कैसे इस फिल्म की घोषणा के लिए कैसे बेताब बैठे थे। राम चरण के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कार्तिकेय ने लिखा कि जब वह आरआरआर की शूटिंग कर रहे थे, तब एक्टर (राम चरण) ने उनसे उनकी अगली फिल्म के शुरुआती सीक्वेंस के बारे में बात की थी। उन्होंने लिखा- मुझे लगता है कि आरआरआर के क्लाइमेक्स शूट के दौरान, उन्होंने अचानक ही सुकुमार गरु के साथ एक फिल्म करने के बारे में खुलकर अपनी भावनाएं शेयर किया था और फिल्म के शुरुआती सीक्वेंस के बारे में बात करना शुरू कर दिया। लगभग 5 मिनट तक मेरा दिमाग चकरा गया। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे बताया है कि वह इस बात कितना प्रभावित है। उनका कहना है कि तब से लेकर अभी तक वह फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहे थे ताकि वह इसके बारे में बात कर सकें। उन्होंने लिखा- जब से उन्होंने इसका उल्लेख किया है, मैं फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहा हूं। पहले से ही इसे एक ब्लॉकबस्टर के रूप में कल्पना करते हुए। यह एक शानदार सीक्वेंस से एक बन जाएगा। मुझे उम्मीद है कि मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ लीक नहीं करूंगा भाई ऑलवेज रामचरण। राम को यूं तो कई फिल्मों से बंपर सफलता मिली है लेकिन जिस फिल्म ने उन्हें एक नई रोशनी में दिखाया और उनके करियर की दिशा बदल दी वह सुकुमार की 2018 की फिल्म रंगस्थलम थी। उन्होंने फिल्म में चित्ती बाबू नाम के एक बहरे व्यक्ति की भूमिका निभाई थी, जिसका जीवन तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह अपने भाई की मृत्यु देखता है। यह फिल्म राम और सुकुमार दोनों को जबरदस्त सफलता दिलाई थी। राम फिलहाल शंकर की 'गेम चेंजर' की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें वह एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ फिल्म के लिए विशाखापत्तनम में शूटिंग की। वह जल्द ही डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना और जाह्नवी कपूर के साथ एक फिल्म की शूटिंग करेंगे।



स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में नजर आएंगे कार्तिक

अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में एक्टर कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कार्तिक ने इसके लिए 14 महीने तक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। एक्टर फिल्म में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता की भूमिका में नजर आएंगे। अपने किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए कार्तिक ने एक सख्त फिटनेस गाइडलाइन का पालन किया। इसके लिए एक्?टर ने अपना 20 किलो तक वजन भी कम किया। इसके साथ ही उन्?होंने अपने खाने-पीने का भी ध्यान रखा, जिसमें उन्होंने चीनी को पूरी तरह से छोड़ दिया। फिल्म का कैनवास भी काफी बड़ा है। इसकी शूटिंग भारत और यूके में की गई है। यह पहली बार है जब एक्टर ने इतनी शारीरिक रूप से मांग वाली भूमिका में कदम रखा है, यह देखते हुए कि यह मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है।
सत्यप्रेम की कथा पर उनके आखिरी सफल सहयोग के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक फिर वापस आए हैं। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, चंदू चैंपियन 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।चंदू चैंपियन का निर्देशन बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर, न्यूयॉर्क और 83 जैसी फिल्मों के लिए मशहूर कबीर खान ने किया है।

अदा शर्मा ने शेयर किया फिटनेस मंत्र

एक्ट्रेस अदा शर्मा ने फिटनेस मंत्र शेयर करते हुए कहा है कि यह मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा है। अदा ने न्यूज एजेंसी से कहा, 'वर्कआउट हमेशा मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा रहता है।' 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हाल ही में हाथियों को नहलाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'यह होली के बाद वाला वर्कआउट है।' एक्ट्रेस ने कहा, 'हाथी मेरे दोस्त हैं और उन्हें नहलाना पूरे शरीर का वर्कआउट है, जिसमें एक घंटा लगता है। इससे कंधों से लेकर बाइसेप्स, ग्लूट्स और टांगों तक सभी की कसरत होती है।' अदा ने कहा कि वर्कआउट के अलावा डाइट भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'यह वर्कआउट पूरी तरह से क्रंचेज और लेग रेज और वेट लिफ्टिंग के बराबर है। फिटनेस में डाइट अहम भूमिका निभाती है। मैं भी अपने दोस्त हाथियों की तरह शुद्ध शाकाहारी हूं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो अदा को अब से पहले 'सनफ्लावर सीजन 2' और 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' में देखा गया था। वह जल्द ही 'द गेम ऑफ गिरगिट' में नजर आएंगी।



नवाजुद्दीन और आलिया करना चाहते हैं सुलह

बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दिकी और आलिया सिद्दिकी अब अपनी शादी की सुलह करना चाहते हैं। उनकी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा अब एक सुलगाव की राह पर बढ़ती दिख रही है। बालीवुड कपल को लेकर एक नया अपडेट आया है।
हाल ही में आलिया सिद्दीकी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा किया जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनके बच्चों के यादगार पलों को शेयर किया है।आलिया ने लेटेस्ट लिंक अपनी 14वीं शादी की सालगिरह के मौके पर शेयर किया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी से अलग होने के बावजूद भी आलिया ने पति को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आलिया ने 25 मार्च, 2024 अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर महीनों के अलगाव के बाद पहली पारिवारिक तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर में आलिया और नवाजुद्दीन अपनी बेटी शोरा और बेटे यानी के साथ पोज दे रहे हैं। यह तस्वीर उनके नए साल के जश्न के दौरान ली गई थी क्योंकि आलिया ने इस बात को बताते हुए एक हेडबैंड पहना था। फोटो के साथ आलिया ने नवाजुद्दीन को 14वीं सालगिरह की बधाई देते हुए एक नोट भी लिखा, मैं अपने इकलौते साथी के साथ वैवाहिक जीवन के 14 साल पूरे होने का जश्न मना रही हूं। सालगिरह की शुभकामनाएं। हालांकि, आलिया के स्वीट जेस्चर पर नवाजुद्दीन ने किसी तरह से भी सार्वजनिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बता दें कि दोनों के वैवाहिक यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए हैं और आलिया, नवाजुद्दीन पर कई तरह के संगीन आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने कई वीडियोज बनाकर उनकी इज्जत की धज्जियां उड़ाई थीं और अब अचानक उन्हें नवाजुद्दीन पर प्यार आ रहा है। आलिया और नवाजुद्दीन का मामला पुलिस केस और कोर्ट केस तक हो गया था।



मार्च, 2023 में वे आधिकारिक रूप से अलग भी हो गई थीं लेकिन अब वे अपनी 14वीं सालिगरह की बधाइयां दे रही हैं। आपको बता दें कि बिग बॉस ओटीटी 2 से बाहर आने के बाद आलिया ने नवाजुद्दीन के साथ अलगाव के फिर से नई जिंदगी शुरू करने का सोचा था। आलिया ने 5 जून 2023 को अपने नए प्यार के साथ एक तस्वीर पोस्ट की थी और उस फोटो में आलिया उस शख्स के साथ कॉफी पीते हुए नजर आ रही थीं। हालांकि अब ये पोस्ट इनके इंस्टा हैंडल से डिलीट हो चुका है लिहाजा वे फिर से नवाजुद्दीन के साथ वापस आना चाहती हैं। हालांकि, आलिया अब अपने नए पोस्ट को लेकर ट्रोल हो रही हैं। उनके पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, अगर आप अपने पति से प्यार करती हैं तो फिर उन्हें परेशान क्यों करती हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, तो वो ड्रामा, जो लगाया था। एक यूजर ने ये पूछा कि क्या सुलह हो गया है अब। एक यूजर ने तो 'वक्त बदल गया, जज्बात बदल गए' वाला मीम भी शेयर किया। हालांकि, तमाम यूजर्स उन्हें मैरिज एनिवर्सरी की बधाइयां भी दे रहे हैं। अब देखना ये होगा कि क्या नवाज अपनी वाइफ को माफ करेंगे और उन्हें फिर स्वीकारेंगे, ये तो वक्त ही बताएगा। बता दें कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले की दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले साल से ही वे अपनी वाइफ से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बीते साल ही उन्होंने अपने पति पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

मेरी ताकत आधी रह गई थी

सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल : हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की। सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल : हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा कि जब वह प्रशिक्षण ले रही थीं तब वह सबसे कमजोर थीं और उनकी ताकत 50 प्रतिशत तक कम हो गई थी। उन्होंने कहा कि 'सिटाडेल' के लिए प्रशिक्षण के दौरान मैं सबसे कमजोर स्थिति में थी। इसके अलावा, मुझे कैलोरी की कमी भी बनाए रखनी थी, क्योंकि मैं अपने शरीर को ठीक करने के लिए पर्याप्त समय देने की कोशिश कर रही थी।' ऑटो-इम्यून बीमारी मायोसाइटिस का पता चलने के बाद एक साल का ब्रेक लेने वाली सामंथा ने कहा, 'मेरी ताकत 50 प्रतिशत कम हो गई। यह एक लंबी प्रक्रिया थी और यह काफी कठिन थी।' 'सिटाडेल : हनी बन्नी' राज और डीके द्वारा बनाई गई है। इसमें सिकंदर खेर, के के मेनन, साकिब सलीम और एम्मा कैनिंग भी हैं।

आडुजीविथम की हर तरफ हो रही चर्चा

आजकल आगामी फिल्म आदुजीविथम - द गोट लाइफ की हर ओर चर्चा है। हाल ही में पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आगामी फिल्म आदुजीविथम के प्रचार के लिए हैदराबाद में थे। इसी को लेकर उन्होंने खुलासा किया कि वे अपनी फिल्मों के लिए फीस लेना पसंद नहीं करते हैं, उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार के नाम भी अपनी इस विचारधार में शामिल किया है। साथ ही दूसरी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। पृथ्वीराज ने सिर्फ मलयालम ही नहीं बल्कि हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है। उनका कहना है कि अन्य फिल्म उद्योगों की तुलना में मॉलीवुड पारिश्रमिक के बजाय अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा फिल्म निर्माण के लिए एलोकेट यानी बांटना पसंद करता है। अभिनेता ने कहा, मैं यह दावा नहीं करूंगा कि हम या कहें मलयालम फिल्म इंडस्ट्री किसी से बेहतर हैं। लेकिन विभिन्न इंडस्ट्रियों में काम करने के बाद, मुझे लगता है कि मलयालम सिनेमा में पुराने वक्त से यह सुनिश्चित करने की परंपरा रही है कि बजट का सबसे बड़ा हिस्सा हमेशा फिल्म बनाने में खर्च हो। मैं अन्य उद्योगों में भी शामिल भी हो रहा हूं जहां फिल्म बनाई जाती है, जहां पर 75 करोड़ रुपए में से 55 करोड़ फीस अभिनेता की रहती। लेकिन परंपरागत रूप से मलयालम के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। अभिनेता ने अपना और अपने नाम शबाना और बड़े मियां छोटे मियां के को-स्टार अक्षय कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि वे पारिश्रमिक नहीं लेना पसंद करते हैं ताकि बजट की बाधाओं के कारण फिल्म निर्माण प्रक्रिया में बाधा न आए।उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, मैं वेतन के लिए फिल्में नहीं करता। मैं कहता हूं नहीं, आइए फिल्म को सबसे बेहतर तरीके से बनाएं। मैं जिम्मेदारी ले रहा हूं और खुद को जवाबदेह ठहरा रहा हूं। वे आगे कहते हैं, अगर मेरी कोई फिल्म मुनाफा नहीं कमाती तो मुझे कोई पैसा नहीं मिलता। लेकिन अगर इससे मुनाफा होता है, तो मुझे मेरी तनख्वाह से ज्यादा मिलेगा। इससे मदद मिलती है क्योंकि अगर किसी निर्माता के पास पैसा है, तो वह इसे फिल्म बनाने में खर्च कर रहा है। अक्षय कुमार सर जैसा कोई व्यक्ति भी इस तरह से काम करता है। जब मैंने उनके साथ एक फिल्म (सेल्फी) का निर्माण किया, तो उन्होंने कहा कि कोई वेतन नहीं। वर्कफ्रंट को लेकर बात करें तो पृथ्वीराज जल्द ही ब्लेसी की मलयालम फिल्म आडुजीविथम में दिखाई देंगे, जो अन्य भाषाओं में द गोट लाइफ के नाम से रिलीज होगी। यह फिल्म 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सई ताम्हणकर ने की इमरान और प्रतीक गांधी की तारीफ

एक्टर इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ एक्ट्रेस सई ताम्हणकर स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। जिन फिल्मों में एक साथ नजर आएंगी, वो फिल्में हैं ग्राउंड जीरो और अग्नि। इस बारे में सई ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हैं जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर से काम करने को लेकर सई ने कहा, यह मेरे लिए बहुत ही शानदार एहसास है, क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन अग्रणी प्रोडक्शन हाउसों में से एक है जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है। मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, जिसमें डब्बा कार्टेल भी शामिल है। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों ही कलाकार अद्भुत हैं। एक्ट्रेस सई ने कहा, उनके साथ काम करने का सौभाग्य पाकर मैं दर्शकों को वह जादू दिखाने के लिए उत्साहित हूं जो हमने साथ मिलकर बनाया है। यह आश्चर्यजनक लगता है और मुझे आशा है कि मैं अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हूं जो अपने सपने को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और मुझे आशा है कि मैं ऐसा करना जारी रखूंगी।